


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01 अंक : 135 रांची, रविवार, 28 अप्रैल, 2024 (वैशाख कृष्ण 05, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com




## 60 साल की एलेजांद्रा ने मिस यूनिवर्स का खिताब जीत रचा इतिहास

एजेंसियां, वाशिंगटन

- प्रतिष्ठित ताज को हासिल करने वाली अपने आयु वर्ग की पहली प्रतियोगी
- मनमोहक मुस्कान और शालीन व्यवहार ने जजों और दर्शकों का दिल जीता

60 वर्षीय एलेजांद्रा मारिसा रोड्रिग्ज ने मिस यूनिवर्स ब्यूनस आयर्स 2024 का खिताब अपने नाम कर इतिहास रच दिया। पेशे से वकील और पत्रकार एलेजांद्रा अर्जेंटीना के ला प्लाटा की रहने वाली हैं। पारंपरिक सौंदर्य मानदंडों को पीछे छोड़ते हुए रोड्रिग्ज 18 से 73 वर्ष की आयु के 34 प्रतियोगियों के बीच विजयी हुईं।पहले प्रतियोगिता में सिर्फ 18 से 28 साल की महिलाएं ही हिस्सा ले सकती थीं, लेकिन सितंबर 2023 में मिस यूनिवर्स आर्गेनाइजेशन ने इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने की आयु सीमा को हटा दिया था। एलेजांद्रा रोड्रिग्ज की कामयाबी दर्शाती है कि आत्मविश्वास और आकर्षण उम्र की बाधाओं को पार करता है।

ये हासिल करने वाली पहली महिला : एलेजांद्रा इस प्रतिष्ठित ताज को हासिल करने वाली अपने आयु वर्ग की पहली प्रतियोगी बन गई हैं। उनकी मनमोहक मुस्कान और शालीन व्यवहार ने जजों और दर्शकों का दिल जीत लिया। इस जीत के साथ रोड्रिग्ज मिस यूनिवर्स अर्जेंटीना 2024 के ताज के लिए प्रतिस्पर्धा करने के ढ़ संकल्प हैं। रोड्रिग्ज की अभूतपूर्व उपलब्धि के साथ ही अन्य महिलाएं भी प्रतियोगिता के मैदान में धूम मचा रही हैं और प्रतिष्ठित खिताबों के लिए उम्र की बाधाओं को पार कर रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, 47 वर्षीय हैडी क्रूज आगामी 2024 प्रतियोगिता में डोमिनिकन गणराज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं, जो इस साल के अंत में मैक्सिको सिटी में होने वाली है।



## झामुमो ने स्टार प्रचारकों की सूची की जारी

## सीएम चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन समेत 40 नेता शामिल

### दूसरे राज्यों में भी करेंगे चुनाव प्रचार



प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के स्टार प्रचारकों में पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन समेत 40 स्टार प्रचारक शामिल हैं। पार्टी ने चुनाव आयोग को भेजी गई सूची में इसका उल्लेख किया है और ये सभी स्टार प्रचारक लोकसभा चुनाव में झारखंड समेत ओड़िशा, बिहार, बंगाल और असम में चुनाव प्रचार अभियान में शामिल होंगे।

**झामुमो को हेमंत सोरेन की जमानत की उम्मीद** : हेमंत सोरेन मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में अभी जेल में हैं। झामुमो को उम्मीद है कि उनकी जमानत हो सकती है। यही वजह है कि उनका नाम स्टार प्रचारकों की सूची में है। प्रचार अभियान का नेतृत्व शिबू सोरेन करेंगे। चुनाव आयोग को प्रेषित की गई सूची में लोहरदगा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे विधायक चमरा लिंडा का भी नाम है। यह पत्र लिंडा के बागी होने के पूर्व ही चुनाव आयोग को भेजा गया था।

**स्टार प्रचारकों में ये हैं शामिल** : स्टार प्रचारकों में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, नलिन सोरेन, स्टीफन मरांडी, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, सरफराज अहमद, बैद्यनाथ राम, विनोद पांडेय, फागु बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, दीपक बिरुवा, सुदिव्य कुमार सोनू, मिथिलेश ठाकुर, योगेंद्र महतो, अभिषेक कुमार पिंटू, नंदकिशोर मेहता, जोबा मांझी, समीर मोहंती, विजय हांसदा, महुआ माजी का नाम शामिल हैं। इनके अलावा नीरल पूर्ति, रामदास सोरेन, दशरथ गगराई, बसंत सोरेन, हफीजुल हसन, बेबी महतो, निजामुद्दीन अंसारी, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, मंगल कालिंदी, विकास सिंह मुंडा, संजीव सरदार, दिनेश विलियम मरांडी व हेमलाल मुर्मू भी शामिल हैं।

बताते चलें कि, झारखंड मे आम चुनाव का पहला चरण देश में चौथे चरण के दौरान 13 मई को होगा और इसके चलते ही झामुमो के स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार अभियान में शामिल होंगे।

### महाराष्ट्र में पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर किया प्रहार, कहा

# याकूब मेमन की कब्र को संवारने वालों से भाग्य बदलने की उम्मीद नहीं कर सकते

एजेंसियां, कोल्हापुर (महाराष्ट्र)

- बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करने वाली कांग्रेस अब दलितों और पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डालने की तैयारी में



महाराष्ट्र के कोल्हापुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। इसके साथ ही उन्होंने बाल ठाकरे को याद कर उद्धव ठाकरे को भी निशाने पर लिया। विपक्ष पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि याकूब मेमन की कब्र को संवारने वाले लोग से आप कोल्हापुर, महाराष्ट्र का भाग्य बदलने की उम्मीद नहीं कर सकते।

पीएम मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जब कांग्रेस और उसके दोस्तों को एहसास हुआ कि वे विकास के ट्रैक रिकॉर्ड वाले एनडीए का मुकाबला नहीं कर सकते, तो उन्होंने अपनी रणनीति बदल दी। इसलिए इंडी गठबंधन वाले राष्ट्रविरोधी एजेंडे और तुष्टीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब, कांग्रेस का एजेंडा है कि वे कश्मीर में आर्टिकल 370 को फिर से वापसी कराएंगे। किसी में हिम्मत है कि मोदी को इस कदम से पीछे हटा सके।"

उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस वाले कह रहे हैं कि इनकी सरकार बनी तो ये लोग सीएए कानून रद्द कर देंगे। जिन लोगों के तीन अंकों में सीट जीतने के लाले पड़े हों, क्या ये इंडी अलायंस वाले सरकार के दरवाजे तक पहुंच सकते हैं क्या? अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल, एक पीएम। यानी, पांच साल मौका मिला तो पांच प्रधानमंत्री। अभी कर्नाटक में उनकी कांग्रेस की सरकार बनी। लेकिन उनका फॉर्मूला क्या है, ढाई साल एक मुख्यमंत्री। फिर ढाई साल के बाद डिप्टी सीएम मुख्यमंत्री। कांग्रेस वाले ये खेल-खेल रहे हैं। छत्तीसगढ़ में यही फॉर्मूला बनाया था। ढाई साल एक मुख्यमंत्री और बाकी के ढाई साल दूसरा मुख्यमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है।

राम मंदिर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का 500 साल पुराना सपना पूरा हुआ है। दशकों तक राम मंदिर को बनने से रोकने वाली कांग्रेस ने उस कार्यक्रम का भी बहिष्कार किया। कांग्रेस वालों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया। क्या कभी कोई राम के दरबार में जाने का निमंत्रण ठुकरा सकता है। जबकि अयोध्या के अंसारी और उनका परिवार, जो जिंदगी भर राम मंदिर के विरूद्ध अदालत में केस लड़ता रहा, लेकिन जब न्यायालय ने कहा कि ये राम मंदिर है, तो अंसारी खुद राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में मौजूद रहे। जिंदगीभर लड़ाई लड़ी फिर भी राम की शरण में आए।

शेष पेज 08 पर

### संक्षिप्त

### दूसरे चरण में 88 सीटों पर पड़े 68.49% वोट

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 13 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर 68.49% वोटिंग हुई। यह 2019 के मुकाबले 2.17 प्रतिशत कम है। 2019 के आम चुनावों में इन सीटों पर 70.05% मतदान हुआ था। इस बार त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 79.66% वोट पड़े, जबकि उत्तर प्रदेश में सबसे कम 54.85% के आसपास मतदान हुआ। चुनाव आयोग ने शनिवार को अंतिम रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

### राष्ट्रपति एक को करेंगी रामलला के दर्शन

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक मई को अयोध्या जायेंगी। राम मंदिर में श्रीरामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनका यह पहला दौरा है। राष्ट्रपति वहां श्रीरामलला के दर्शन करेंगी। वह हनुमानगढ़ी भी जायेंगी। शाम को सरयू आरती में भी शामिल हो सकती हैं।

### कसाब को फांसी दिलाने वाले वकील उज्ज्वल को भाजपा ने बनाया प्रत्याशी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने अपनी एक और लिस्ट जारी कर दी है। 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने महाराष्ट्र के उत्तर मध्य मुंबई सीट से उज्ज्वल देवराव निकम को अपना उम्मीदवार बनाया है।

शेष पेज 08 पर

### रायबरेली-अमेठी से राहुल-प्रियंका को टिकट देने पर खरगे लेंगे फैसला

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली सीट पर उम्मीदवार तय करने को लेकर कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की शनिवार की रात यहां बैठ हुई। सूत्रों के मुताबिक, अविनाथ पांडे और आराधना मिश्रा ने बैठक में इन दोनों सीटों के लिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को प्रत्याशी बनाने का प्रस्ताव पेश किया, किंतु अंतिम फैसला नहीं हो सका। दोनों सीटों पर प्रत्याशियों के नाम पर अंतिम फैसला पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर छोड़ा गया है।

### मणिपुर में उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद



**मणिपुर।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो कर्मियों की मौत हो गई और दो अन्य कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। शेष पेज 08 पर

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फिर लगा बड़ा झटका

## कोर्ट ने अंतरिम जमानत याचिका को किया खारिज

- कोर्ट ने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की नहीं दी अनुमति

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची



जमीन घोटाला मामले में रांची की होटवार जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। शनिवार को हेमंत ने ईडी की विशेष अदालत में याचिका दायर कर 13 दिन की अंतरिम जमानत मांगी। उन्होंने दायर याचिका में कहा है कि उनके चाचा का निधन हो गया। इस वजह से उन्हें अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाए। कोर्ट ने उनकी इस याचिका को खारिज कर दी।

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने ईडी की विशेष अदालत से जमानत की मांग की थी। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि उनके बड़े चाचा का निधन हो गया है। इसलिए उनकी 13 दिन की जमानत को मंजूर किया जाए।

शेष पेज 08 पर

### गुमला के सिसई थाने का मुंशी नौ हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार



**गुमला।** शनिवार को झारखंड के गुमला जिले के सिसई थाना के मुंशी मधुसूदन झा को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने 9000 रुपए रिश्वत लेते पकड़ा है। मुंशी को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम पूछताछ के लिए रांची ले गयी। रांची के इटकी निवासी सौरभ गुप्ता की शिकायत पर एसीबी की टीम ने कार्रवाई की और रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। मुंशी के घूस लेते पकड़े जाने के बाद गुमला जिले के सिसई थाने की पुलिस मामला को दबाने में लगी रही।

## पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने छोड़ा कांग्रेस का दामन

- टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे थे रामटहल चौधरी

रांची/डेस्कः रांची के पूर्व सांसद और दिग्गज नेता राम टहल चौधरी प्रेस कॉन्फ्रेस कर कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी से अपनी सदस्यता वापस लेता है। बता दें, रामटहल चौधरी की पीसी को लेकर कयासें लगाई जा रही है कि वे कांग्रेस का साथ छोड़कर फिर से बीजेपी में वापसी कर सकते है। लेकिन अपने पीसी के दौरान उन्होंने कहा कि उनका इस वक्त ऐसा कुछ भी विचार नहीं है। आपको बता दें, कांग्रेस से लोकसभा चुनाव के लिए रांची सीट से टिकट नहीं मिलने से वे नाराज चल रहे थे।

**सुबोधकांत सहाय की बेटी को कांग्रेस ने बनाया है रांची से प्रत्याशी** : जानकारी के लिए आपको बता दें, लोकसभा चुनाव से पहले हाल ही में रामटहल चौधरी ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा था लेकिन पार्टी में शामिल होने के बाद भी उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हुई। बता दें, लोकसभा चुनाव को लेकर रांची लोकसभा सीट पर वे अपनी दावेदारी पेश कर रहे थे लेकिन कांग्रेस ने इस सीट के लिए यशस्विनी सहाय को टिकट दे दिया है जिसके बाद ही रामटहल चौधरी ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया था। आपको बता दें, रामटहल चौधरी रांची के पूर्व सांसद है वे रांची लोकसभा में बीजेपी से पांच बार के सांसद रहे है। वहीं बात करें इस बार के लोकसभा चुनाव की तो कांग्रेस ने पार्टी के दिग्गज नेता सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय पर अपना भरोसा जताते हुए रांची से उम्मीदवार बनाया है।



### 'मैं झंडा ढोने के लिए कांग्रेस में नहीं गया था'

उन्होंने कहा कि उन्हें खुद कांग्रेस के नेताओं ने बुलाया था। जिसके बाद उन्होंने दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में जाकर पार्टी के नेताओं से मुलाकात की थी। रामटहल चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने उन्हें धोखा दिया है। अगर उन्हें टिकट नहीं देना था तो सोच समझकर बुलाना चाहिए था। हमें टिकट मिलने की सूचना के साथ लोगों में खासा उत्साह भी था। माहौल भी ऐसा बना था कि हर कोई हमारे साथ होता। उन्होंने कांग्रेस को लेकर यह भी कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने कहा था कि आपको लेकर सही फीडबैक मिल रहा है। राहुल गांधी की सोच के हिसाब से भी आपको टिकट मिलेगा, लेकिन सब कुछ गलत हुआ। रामटहल चौधरी ने आगे यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी में मैं झंडा ढोने के लिए नहीं गया था। झंडा ढोने की मेरी उम्र नहीं है बल्कि जहां मान-सम्मान मिलेगा वहां जाने की है। मैं झंडा ढोने वाला नहीं हूं।

### झारखंड एकेडमिक काउंसिल के 10वीं बोर्ड के खराब रिजल्ट पर उपायुक्त का एक्शन

# बोकारो के 61 प्राचार्यों को किया शोकॉज

- संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं होने पर अगले आदेश तक वेतन स्थगित रखने का निर्देश

प्रातः नागपुरी संवाददाता, बोकारो



झारखंड एकेडमिक काउंसिल के 10वीं बोर्ड की परीक्षा के 19 अप्रैल को जारी रिजल्ट में बोकारो जिले का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। पिछले साल के मुकाबले परीक्षा परिणाम में लगभग सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। जहां पिछले साल कुल 95.48 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए थे, वहीं इस साल आंकड़ा गिर कर 88.03 प्रतिशत हो गया। 10वीं बोर्ड परीक्षा में बोकारो जिले के 61 स्कूलों का परीक्षा परिणाम जिला के औसत से बहुत कम है। इसको लेकर बोकारो डीसी ने 61 स्कूलों के प्राचार्यों को शोकॉज किया है। प्राचार्यों को 24 घंटे के अंदर डीइओ को जवाब देना है। संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं होने पर अगले आदेश तक उक्त स्कूलों के प्राचार्य व शिक्षकों का वेतन स्थगित रखने का निर्देश दिया गया है।

**डीसी ने किया शोकॉज** : जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा ने कहा कि 61 स्कूलों से स्पष्टीकरण बोकारो उपायुक्त की ओर से मांगा गया था। 24 घंटा का समय जवाब देने के लिए दिया गया था। इनमें से अधिकांश का जवाब मिल गया है।

### इन विद्यालयों के प्राचार्य से मांगा गया स्पष्टीकरण

बोकारो के एसएस उवि-भेंडरा, उत्क्रमित उवि-पेंक, उत्क्रमित उवि-पोखरिया, उत्क्रमित उवि-मयूरडुबी, आदिवासी उवि-छप्परगढ़ा, उत्क्रमित उवि-कुर्कनालो, उत्क्रमित उवि-अरमो, प्रोजेक्ट बालिका उवि-भोजूडीह, उवि-दांतू, उत्क्रमित उवि-झोपड़ो, नेहरू स्मारक उवि-स्वांग, उत्क्रमित उवि-गोनियाटो, उत्क्रमित उवि-कोदवाटांड, उत्क्रमित उवि-चलकरी, उत्क्रमित उवि- मानगो, उत्क्रमित उवि- भस्की, उत्क्रमित उवि न्यू सेलेक्टेड ढोरी, उत्क्रमित उवि-रानीचिरका, मोडर्न उवि-गोमिया, उत्क्रमित उवि-ओरदाना, उत्क्रमित उवि-मंजुरा, उत्क्रमित उवि-संडेबाजार, उत्क्रमित उवि-चांदो, उत्क्रमित उवि-शंखाकुंडी, उत्क्रमित उवि-बहादुरपुर, उत्क्रमित उवि-रघुनाथपुर, उत्क्रमित उवि-महाल, 2उवि-चंदनकियारी, उत्क्रमित उवि-पुन्नू, नेहरू उवि-तेलो, उत्क्रमित उवि-मधुनिया, उत्क्रमित उवि-रंगामाटी, उच्च विद्यालय- बांधडीह, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय-पेटरवार, राजेंद्र उच्च विद्यालय-जारंगडीह, प्रोजेक्ट बालिका उवि-कसमार, भूषण 2 उवि-नावाडीह, उत्क्रमित उवि-काटमकुल्ही, महावीर जी उवि-बिजुलिया, श्रमिक 2 उवि-तुपकाडीह, उवि-बरमसिया, रामविलास 2 उवि-बेरमो, पंचानन राजबाला 2 उवि-सतनपुर, एसएस उवि-टांडबालीडीह, उत्क्रमित उवि-कोरिया, 2उवि-गोमिया, उत्क्रमित उवि-सहारजोरी, उत्क्रमित उवि-सुरही, एसएस 2 उवि-कसमार, क्षेत्रनाथ 2 उवि, हरनाद, उत्क्रमित उवि-अमलाबाद, सर्वोदय 2 उवि-पिंड्राजोरा, 2 उवि-पथुरिया, उत्क्रमित उवि-बरदा, रामरतन उवि-ढोरी, उत्क्रमित उवि-चिलगड्डा, उत्क्रमित उवि-बगदा, उत्क्रमित उवि-बेलडीह, उत्क्रमित उवि-लंका, राज्यकीयकृत उवि-लकड़ाखंदा, उत्क्रमित उवि-चुगनू।

### सरायकेला सिविल कोर्ट के प्रधान जिला जज विजय कुमार सस्पेंड



**रांची।** सरायकेला सिविल कोर्ट के प्रधान जिला जज विजय कुमार (3) को झारखंड हाईकोर्ट ने निलंबित कर दिया है। हाईकोर्ट ने अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत उन्हें निलंबित किया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मोहम्मद शाकिर के अनुसार, निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय झारखंड हाईकोर्ट रहेगा। हाईकोर्ट की कार्रवाई के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार नंबर-तीन ने पदभार सीनियर मोस्ट एडीजे को सौंप दिया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मोहम्मद शाकिर ने इसकी पुष्टि की है। सरायकेला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिए गए हैं। झारखंड उच्च न्यायालय ने उनके खिलाफ कार्रवाई की है।

शेष पेज 08 पर

## गढ़वा के विशुनपुरा बीडीओ हीरक मन्ना करकेट्टा ने किया सुसाइड

- सरकारी आवास में फांसी के फंदे से झूलती मिली लाश, मचा हड़कप



**गढ़वा।** गढ़वा जिले के विशुनपुरा प्रखंड के बीडीओ हीरक मन्ना करकेट्टा ने शनिवार की दोपहर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि उन्होंने अपने सरकारी आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

यह भी बताया जा रहा है कि वे मानसिक रूप से काफी परेशान थे। आत्महत्या की सूचना मिलते ही उपायुक्त शेखर जमुआर समेत जिले के अधिकारी उनके सरकारी आवास पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस भी जांच में जुटी है।

गढ़वा के विशुनपुरा प्रखंड के बीडीओ हीरक मन्ना करकेट्टा पर दो दिन पहले राजस्व उपनिरीक्षक जीतेन्द्र कुमार के घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगा था। इस संबंध में राजस्व उपनिरीक्षक ने उपायुक्त को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। बताया जा रहा है कि इससे वे काफी परेशान थे।

बताया जा रहा है कि बीडीओ पहले से ही मानसिक रूप से असामान्य रहते थे। डीसी को आवेदन दिये जाने के बाद वे काफी परेशान दिख रहे थे। घटना की सूचना पर डीसी समेत जिले के अधिकारी उनके सरकारी आवास पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### मतदान कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण कोषांग की ओर से बिरसा कॉलेज खूंटी परिसर में शनिवार को पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र और होम विजिट मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। परियोजना निदेशक, आइटीडीए सह प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप की निगरानी में संचालित प्रशिक्षण में झारखंड में चयनित 12 विभागों के वैसे कर्मी, जो मतदान के दिन चुनाव कार्य की वजह से अपने मताधिकार का प्रयोग से वंचित रह जाते हैं, उनके लिए चयनित टीम द्वारा पोस्टल बैलेट से वोटिंग कराई जाएगी। उन सभी मतदान कर्मियों को उनके कार्य एवं दायित्वों से प्रशिक्षण के माध्यम से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने कर्मियों को कैसे वोट कराया जाना है, इसकी विस्तार से जानकारी दी।

### कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

**खूंटी।** डालसा के सभागार में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार की अध्यक्षता में सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं मेडिएटर के लिए मध्यस्थता विषय पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार ने कहा कि वादों का तेजी से निष्पादन में मध्यस्थता की भूमिका अहम होती है। डालसा सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर ने कहा कि सभी सुलहनीय एवं दीवानी मामले को न्यायालय मध्यस्थता के माध्यम से सुलह कराता है। कार्यक्रम में जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्याययिक दंडाधिकारी तुषार आनंद सहित सभी मध्यस्थ धनिक गुड़िया, सुमित कुमार कश्यप, शशिकला कुमारी आदि उपस्थित थे।

### असामाजिक तत्वों ने फल दुकान में लगाई आग

**भुरकुंडा।** ओपी क्षेत्र के रिवर साइड में बीती रात असामाजिक तत्वों ने एक फल दुकान में आग लगा दी। जिससे दुकानदार को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान में आग लगाए जाने को लेकर दुकान संचालक मो. इबरार ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। भुक्तभोगी मो. इबरार ने बताया कि वह रात नौ बजे वह दुकान बंद कर घर चला गया। कुछ समय बाद दुकान के आसपास के लोगों ने फोन करके दुकान आग लगने की जानकारी दी। दुकान पहुंचने पर पाया कि दुकान आग की लपटों में घिर गया है। अगलगी की सूचना पर दमकल की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। मो. इबरार ने बताया कि दुकान में रखे फल जलकर नष्ट हो गये हैं। हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। भुक्तभोगी ने बताया कि लगभग तीन वर्ष पहले भी दुकान में असमाजिक तत्वों ने आग लगाई थी। भुक्तभोगी की शिकायत पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। रोज कि रात्रि करीब नौ बजे दुकान बंद कर घर चला गया। इसी दौरान रात्रि में दुकान के आसपास रहने वाले लोगो ने फोन कर आग लगने की सूचना दी।

### दहेज हत्या के दोषी पति को 14 साल सश्रम कारावास

**कोडरमा।** दहेज हत्या के दोषी पति को 14 साल की सजा सुनायी गयी है। दहेज के लिए हत्या मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शनिवार को दोषी पति मोहम्मद जावेद को 304 (बी) आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी। इसके साथ ही 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2020 का है। मृतका के पिता मोहम्मद शहजाद ने चंदवारा थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था। उनका कहना था कि पुत्री अफसाना खातून की शादी 27 जून 2019 को मो जावेद के साथ की थी।

# अपराधियों ने की बुजुर्ग की गला रेतकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता

**रामगढ़** । जिले के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियातू गांव में लूटपाट की नीयत से दुकान में घुसे अपराधियों ने एक बुजुर्ग का गाल रेत दिया। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

इस मामले की पुष्टि करते हुए शनिवार को रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि यह घटना शुक्रवार देर रात की है। बरियातू गांव में बंसी सोनार (85) अपने घर में ही मौजूद थे। घर के बाहर ही उनकी एक दुकान भी है। परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए




हुए थे। इसी दौरान दुकान में लूट की मंसा से घुसे अपराधियों ने वहां तांडव मचाया। जब अपराधियों का विरोध बंसी सोनार ने किया तो उन लोगों ने गला रेत कर उनकी हत्या कर दी।

अब इस हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए अपराधियों की धर पकड़ जारी है। पुलिस को संदेह है कि आसपास के ही कुछ लोग इस वारदात को अंजाम देने में शामिल है । उन्हें इस बात की पक्की खबर थी कि घर में कोई नहीं है और वहां आसानी से चोरी और लूटपाट की जा सकती है। लेकिन बंसी सोनार के द्वारा किया गया विरोध और पहचान लिए जाने के डर से अपराधियों ने उनकी हत्या की है।

## जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया वाहन जांच अभियान

**11 गाड़ियों से वसूले गए 2.54 लाख जुर्माना**

संवाददाता



**रामगढ़** । आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निदेर्शानुसार शुक्रवार की रात्री को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं, जांच के दौरान कुल 11 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुमार्ना की वसूली की गई जिसमे कुल 257000 रुपया जुमार्ना वसूल किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने सभी वाहन चालकों से अपील किया की सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिंग टैप का प्रयोग जरूर करें ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं की संभावनाओं को काम किया जा सके। जांच के दौरान मुख्य रूप से विक्की आनंद, पुलिस बल के जवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीसी ने दो कुख्यात अपराधियों को किया जिला बदर

संवाददाता

**रामगढ़** । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय द्वारा झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत विधि व्यवस्था व लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी प्रदीप पासवान (भुरकुंडा, पतरातू) एवं कुख्यात अपराधी दीपक धोबी उर्फ दीपक रजक(जयनगर, पतरातू) के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं। दोनो अभियुक्तों को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। अभियुक्तों को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले छह माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूवार्नुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्रधारित नहीं करेंगे। उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

## निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें अधिकारी : डीसी

संवाददाता

**खूंटी।** सामान्य प्रेक्षक दोरजे चेरिंग नेगी और जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न कोषांग के कार्यों समीक्षा की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों के कार्यों की जानकारी ली और प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

समीक्षा के क्रम में सी विजिल कोषांग, ट्रेनिंग कोषांग, लॉ एंड ऑर्डर, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, आईटी सेल,




पोस्टल बैलट, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम व हेल्पलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्रांग रूम, स्वीप कोषांग आदि कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली।

उपायुक्त ने सभी कोषांग के कार्यों की समीक्षा की, इनमें कार्मिक कोषांग एवं गठित मेडिकल बोर्ड को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा प्रशिक्षण कोषांग को जिला स्तरीय पदाधिकारियों, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी को ईवीएम की हैंडस ऑन ट्रेनिंग उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही वाहन कोषांग को डिस्पैच संबंधी पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### वज्रगृह और डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण



**खूंटी।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शनिवार को वज्रगृह, डिस्पैच एवं चुनाव के लिए चिह्नित स्थलों में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए जानकारी प्राप्त की। साथ ही लोयला कॉलेज एवं बिरसा कॉलेज में प्रशिक्षण के लिए चयनित कमरों का निरीक्षण यिा और अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा समेत अन्य बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों से चर्चा की। पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस ऑफिसर के बैठने और मेडिकल टीम के लिए स्थान चिह्नित किया गया।

## क्वार्टर फाइनल मैच में सिमडेगा ने पाकुड़ को 57 रनों से हराया

▸ सिमडेगा के फैजान खान बने प्लेयर ऑफ द मैच

संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का मैच शनिवार को ग्राउंड 1. छावनी क्रिकेट ग्राउंड में सिमडेगा बनाम पाकुड़ के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। पाकुड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सिमडेगा ने पहले




बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 41.3 ओवर मे 196 दन बनाया और आउट हो गई। सिमेडेगा की ओर से अधर्व कुमार ने 62 रन , अंकित राज ने 34 रन एवम फैजान खान ने 22 रन बनाया। पाकुड़ की ओर से गेंदबाज जफर अहमद 7.3 ओवर में 44 रन देकर 5 विकेट एवं जय रजक 10 ओवर में 49 रन देकर 2 विकेट , सुमीत सिंह 10 ओवर में 30 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकुड़ ने 43.2 ओवर में 139 रन बनाया और 57 रनों से मैच हार गई। पाकुड़ की ओर से बल्लेबाज अर्जुन गोश्वामी ने 37 रन, दिबांकर कुमार ने 28 रन, चिंटू सिंह ने 22 रन , जय रजक ने 16 रन बनाए। सिमडेगा की ओर से गेंदबाज फैजान खान 6.2 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट , दर्श जुरेल ने 9 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट, सूर्योत्तम कुमार 3 ओवर में 9 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार ने किया । मौके पर मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष तथा रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू ,सचिव अरुण कुमार राय, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद ,सयुक्त सचिव वीरेंद्र प्रसाद पासवान, रोहित कुमार , सह सचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह, पवन कुमार साहु, महेंद्र राणा मौजूद थे। रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय,मैच ऑब्जर्वर सुब्रतो घोष, उमेश पाठक , रविंद्र साहु व अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी सिमडेगा के फैजान खान को भेंट किया।

## अपनी संस्कृति एवं शिक्षा को कभी ना भूलें : आलोक अग्रवाल



संवाददाता

**रामगढ़** । राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में शनिवार को पूर्व छात्र परिषद द्वारा कक्षा दशम के भैया बहनों के साथ एक संवाद कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व छात्र परिषद के सह संयोजक आलोक कुमार अग्रवाल मौजूद थे। मौके पर सर्वप्रथम उन्होंने दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना सभा में सामूहिक वंदना किया इसके उपरांत कक्षा दशम के भैया बहनों के साथ चर्चा परिचर्चा हुई। भैया आलोक ने बच्चों के बीच रहकर उनके समस्याओं से अवगत हुए, विद्यालय में क्या दिक्कत उनको आ रही हैं, उनको निवारण करने हेतू बच्चों से बातचीत किया। साथ ही साथ बच्चों को यह उपदेश भी दिया की आप अपने निर्धारित समय से अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई करें। जो भी संस्कार अपने विद्यालय से दी जा रही है उस संस्कार एवं संस्कृति को ना भूले और अपने मैट्रिक की पढ़ाई को ध्यान लगाकर पढ़ें ताकि आपका रिजल्ट अच्छे से अच्छे हो सके और अपने विद्यालय का नाम रोशन हो सके। अंत में सभी भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभा की समाप्ति की गई।

## रामगढ़ में सीसीएल कर्मी ने की खुदकुशी

संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के बरकाकाना में एक सीसीएल कर्मी ने फंदे से झूलकर खुदकुशी कर ली। वह पिछले लंबे समय से तनाव में चल रहा था। उसकी पहचान केंद्रीय कर्मशाला के कर्मचारी राजेश कुमार मिश्रा के रूप में हुई है।मृतक की पत्नी संतोषी मिश्रा ने बताया कि उनका परिवार सीसीएल कॉलोनी के बैंक मोहल्ला में क्वार्टर संख्या 1बी/5 में रहता है। वह शुक्रवार की शाम बेटे के साथ बाजार




निकली थी। इस बीच उसकी सास भी बाहर टहलने चली गई। जब वे लोग घर लौटे तो दरवाजा खुला देखकर चौंक गए। जब अंदर कमरे में घुसे तो राजेश को पंखे से फंदे पर झूलता पाया। राजेश कुमार शुक्रवार शाम ड्यूटी से घर लौटे थे। सूचना पर बरकाकाना ओपी पुलिस पहुंची और शव को शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजेश कुमार मिश्रा किस बात को लेकर तनाव में थे यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन परिवार वालों की बात से ऐसा लगा कि वे आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे। यह तंगी ऑनलाइन हुए आर्थिक नुकसान के कारण उत्पन्न हुआ था। हालांकि, पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है।

## जल, जंगल जमीन और संविधान बचाने के लिए है यह चुनावः दयामनी बारला

संवाददाता

**खूंटी।** कांग्रेस नेत्री दयामनी बारला ने लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष मे शनिवार को कर्रा प्रखंड के जबड़ा गांव सहित कई अन्य गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठक कर इंडी गठबंधन के कांग्रेस के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह चुनाव जल, जंगल जमीन के साथ ही संविधान बचाने के लिए है।दयामनी बारला ने कहा कि केंद्र की निरंकुश सरकार पुनः अगर केंद्र की सत्त में आती है तो यूसीसी कानून लागू करेगा। इससे आदिवासी समाज का अधिकार, पहचान, भाषा, संस्कृति, सीएनटी एक्ट सभी खत्म हो जाएंगे, इसी लिए भाजपा को रोकना होगा। मौके पर सुगनगी के मुखिया विनोद भेंगरा, पंचायत समिति सदस्य बसंत धान, सुनील होरो, रीता तिड़ू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## मासिक लोक अदालत में 46 मामलों का निष्पादन

**32.39 लाख राशि का सेटलमेंट**



संवाददाता

**खूंटी।** व्यवहार न्यायालय परिसर खूंटी में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार की अध्यक्षता में मासिक लोक अदालत एवं बिजली और एनआई एक्ट से संबंधित वादों के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया।लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए कुल पांच बैंचों का गठन किया गया। इनमें दिवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले, एनआई एक्ट और बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किये गये। डालसा की सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर ने बताया कि लोक अदालत में उक्त पांच बैंचों के माध्यम से न्यायालय में लंबित 46 मामले का निष्पादन किया गया तथा 32 लाख 39 हजार 400 रुपये राशि का सेटलमेंट किया गया। विशेष लोक अदालत में बिजली संबंधित 23 मामले और एनआई एक्ट के चार मामलों का निष्पादन किया गया। इस अवसर पर जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय आरके मिश्रा, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, डालसा सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केके सिंह, सदस्य मधु चंदा रजक तथा डालसा के स्टाफ अवनीश भारद्वाज और डीएलएसए की पीएलवी अंजू कच्छप, नरेश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में दादा-दादी नाना-नानी सम्मान समारोह आयोजित

संवाददाता

**रामगढ़** । कोयलांचल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा के परिसर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रांची विभाग प्रमुख फणीन्द्र नाथ झा,प्राचार्य उमेश प्रसाद, आनंद महतो,उमेश महतो एवं राजकुमारी देवी द्वारा संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया।

दादा, दादी, नाना, नानी को उनके नाती पोते एवं विद्यालय के भैया बहनों द्वारा पैर प्रक्षालन , आरती, तिलक लगाकर उन्हें स्वागत किया गया।कार्यक्रम में भैया बहनों के द्वारा गीत,नृत्य,माइम एक्ट आदि की प्रस्तुति की गई।विभाग प्रमुख फणीन्द्र नाथ झा ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह



का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में भारतीय संस्कारों के प्रति रुचि व अपने से बड़ों के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव विकसित करना है। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी ईश्वर के रूप होते हैं।उन्हें हमें सदैव सम्मान करना चाहिए। अतिथियों को सत्कार एवं बड़ों का सम्मान करना हमारी प्राचीन सभ्यता रही है। इस अवसर पर विद्यालय कार्यक्रम में आए सभी दादा दादी नाना नानी को स्वामी विवेकानंद की पुस्तक और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 150 दादा-दादी,नाना-नानी ने भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन आचार्या गायत्री कुमारी के द्वारा किया गया।धन्यवाद ज्ञापन बचुलाल तिवारी ने दिया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य मिथिलेश कुमार खन्ना, शुक्ला चौधरी, ललिता गिरी,दुर्गा प्रसाद,अमरदीप शाहदेव, डॉ गायत्री पाठक,शम्मी राज, दिलीप सिंह, अमृता चौधरी,ज्योति राजहंस,ममता कुमारी, कुमारी सुमन, मालविका, अंकिता रानी,मनीष सिंह,अमित झा,शशि कान्त आदि की प्रमुख भूमिका रही।

### लोकसभा को लेकर बैठक का आयोजन

**खूंटी।** सामान्य प्रेक्षक दोरजे चेरिंग नेगी (भाप्रसे) की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड सभागार कर्रा में लोकसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। नेगी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, कर्रा एवं सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने की पूर्ण समीक्षा कर लें। समीक्षा के क्रम में क्लस्टर प्रभारी एवं स्ट्रांग रूम प्रभारी के कार्यों को लेकर भी उन्होंने निर्देश दिए। साथ ही क्लस्टर मानचित्र और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सभी क्षेत्रों के लिए चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी प्रेक्षक ने ली। सामान्य प्रेक्षक द्वारा कर्रा प्रखंड के बूथ संख्या 59, 60, $2 उच्च विद्यालय कर्रा, बूथ संख्या 28, उत्क्रमित उच्च विद्यालय तिलमी एवं बूथ संख्या 39 राजकीय मध्य विद्यालय डहकेला, बूथ संख्या 8, 9, 10, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरियागढ़ के महिला बूथ का निरीक्षण किया गया।

## संक्षिप्त

### अफसर अली की दो दिनों की रिमांड अवधि बढ़ी

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में 12 दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद अफसर अली को ईडी की विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में शनिवार को पेश किया। ईडी ने अफसर अली से और पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए दो दिनों की और रिमांड देने का कोर्ट से आग्रह किया। इस पर अदालत ने दो दिनों की रिमांड प्रदान की । ईडी ने अफसर अली को 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में रिमांड पर लिया था।

### एसएसपी ने नक्सल प्रभावित बूथों का किया निरीक्षण

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा शनिवार को नक्सल प्रभावित बूथों का निरीक्षण किया। एसएसपी ने तमाड़ थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बूथ का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान कराने के लिए केंद्रीय बलों के ठहराव स्थल पियाकूली पिकेट का निरक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सम्बंधित बूथों के ग्रामीणों को 13 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। जंगलों पहाड़ों के बीच बसे गांव आराहंगा के एक वृद्ध ग्रामीण ने उत्साह से अपना वोटर आई कार्ड भी दिखाया।

### अफीम और ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**रांची।** रांची के लोअर बाजार थाना पुलिस लगातार अवैध नशा कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने दो नशा कारोबारियों को अफीम और ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है। इनमें नजरूल आलम उर्फ सोनू और अरशद अयूब उर्फ विक्की शामिल है। इनके पास से अफीम 37.50 ग्राम, ब्राउन सुगर 10.66 ग्राम, 32 हजार 300 रुपये नकद, तीन मोबाईल, एक स्कूटी बरामद किया गया है। यह जानकारी एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में दी।

### आजसू पार्टी का मिलन समारोह आज

**रांची।** बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तेलो, बाजार टांड में रविवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में पूर्व उप मुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। इस दौरान कई क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और कई समाजसेवी सुदेश कुमार महतो के समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

### चोरी की बाइक के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान दो अपराधियों मंगरा उर्फ गुड्ड और बिटु उर्फ मो अमीर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक बाइक, 85 ग्राम गांजा, दो सोने की चेन, एक टूटा हुआ सोने का चेन, तीन मंलगसूत्र और एक पीस कान का बाली बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को बताया कि हिन्दपीढी थाना पुलिस ने मारवाडी कॉलेज के पास एंटी काइम चेकिंग लगाया था। इसी दौरान एक काला रंग के बाइक पर तीन व्यक्ति सवार होकर आ रहे थे। पुलिस को देख कर वे लोग आचानक बाइक को घुमाकर तेजी से भागने का प्रयास करने लगे।

### रांची में स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलटी

**रांची।** रांची के मांडर थाना क्षेत्र के ब्रांबे स्थित वाटर पार्क के समीप एक स्कूल बस शनिवार को अनियंत्रित होकर पलट गयी। इसमें 15 बच्चे घायल हो गये हैं। एक को सिर में गंभीर चोट लगी है।

जानकारी के अनुसार बस संत मारिया स्कूल की है। मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार स्थानीय लोगों के साथ बच्चों को बस से निकालकर मिशन अस्पताल ले गए हैं, जहां बच्चों का इलाज कराया। उन्होंने बताया कि एक बच्चे की सर में गंभीर चोट लगी है।

# रहें सावधान, आज से इन जिलों में चलेगी भीषण लू

संवाददाता

**रांची।** सावधान रहें। झारखंड में 28 अप्रैल से भीषण लू चलेगी। इसका असर राज्य कई जिलों में देखने को मिलेगा। इसे लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है। यह जानकारी एयरपोर्ट स्थित रांची मौसम केंद्र ने 27 अप्रैल, 2024 को दी।

**तापमान में बढ़ोतरी**

मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 4 से 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

**3 मई तक ये स्थिति**

केंद्र के अनुसार 28 अप्रैल को आसमान में आंशिक बादल छाये रहेंगे। इसके बाद 29 अप्रैल से 3 मई तक आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहेगा।

**इन जिलों में प्रभाव**

केंद्र के मुताबिक 28 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में कहीं-कहीं भीषण लू की स्थिति देखी जा सकती है। रामगढ़, बोकारो, खूंटी जिले में कहीं-कहीं लू की स्थिति देखी जा सकती है। इसी तरह 29 और 30 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़ गोड्डा, साहिबगंज जिले में कहीं-कहीं भीषण लू की स्थिति देखी जा सकती है। इसी तरह रांची, रामगढ़, खूंटी, पलामू, गढ़वा जिले में कहीं-कहीं लू की स्थिति देखी जा सकती है।




### लू में इसका रखें ख्याल

- दोपहर 11 बजे से 3 बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचें।
- पर्याप्त पानी पिये। जितनी बार संभव हो पियें। भले ही प्यास नहीं लगी हो।
- हल्के, हल्के रंग के डीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी या चप्पल का प्रयोग करें।
- जब बाहर का तापमान अधिक हो, तब बाहरी गतिविधियों से बचें।
- यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें।
- शराब, चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय से बचें, जो शरीर को निर्जलित करते हैं।
- उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें। वासी भोजन नहीं करें।
- यदि आप बाहर काम करते हैं. तो टोपी या छाते का उपयोग करें। अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक कपड़े का भी उपयोग करें।
- पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को नहीं छोड़ें।
- यदि आप बेहोश या बीमार महसूस करते हैं तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।
- ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जो शरीर को फिर से हाइड्रेट करने में मदद करता है।
- जानवरों को छाया में रखें। उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें।
- अपने घर को ठंडा रखें। पर्दे, शटर या मनशेड का उपयोग करें और रात में खिड़कियां खुली रखें।

## झारखंड के सरायकेला का तापमान पहुंचा 45 डिग्री

- मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट
- प्रचंड गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग सतर्क, स्कूलों में दो बार बजेगा वाटर बेल



राज्य के लगभग सभी जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मात्र छह जिलों का ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। न्यूनतम तापमान भी 25 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक चल रहा है। इस कारण लोगों को पूर्वाह्न दस बजे के बाद से घर से निकलना मुश्किल हो गया है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो सबसे अधिक तापमान सरायकेला-खरसावां का 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गोड्डा, बहरागोड़ा का तापमान 44 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पश्चिमी सिंहभूम और पाकुड़ का तापमान 43 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सिमडेगा, साहेबगंज, पलामू, जामताड़ा का तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बोकारो, गढ़वा, गिरिडीह, रामगढ़ का तापमान 41 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। धनबाद, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रांची का तापमान 39.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

तेज धूप और गर्म हवाओं को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि 30 अप्रैल तक राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ता रहेगा। हीट वेव का असर पलामू प्रमंडल और मध्य हिस्से में 28 से 29 के बीच भी देखा जायेगा। आने वाले पांच दिनों के दौरान राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ेगा। इसमें पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला और खूंटी में भी कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी।

इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। साथ ही लोगों को सलाह दी है कि दिन के पूर्वाह्न 11:00 बजे से लेकर दोपहर के 04:00 बजे तक बाहर न निकले। समय-समय पर पानी पीते रहें। साथ ही कॉटन कपड़े का इस्तेमाल करें। बाहर निकलने से पहले शरीर को अच्छी तरह ढक लें।

राज्य में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्कूलों में बच्चों को दो बार कम से कम एक-एक ग्लास पानी पिलाना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने सभी जिलों के डीइओ और डीएसई को पत्र लिखा है। स्कूलों में 8:30 और 10:30 बजे वाटर बेल बजाने के लिए कहा गया है। यह आदेश सरकारी के साथ निजी स्कूलों में भी लागू होगा।

# लोकसभा चुनाव के लिए राज्य के चार संसदीय क्षेत्रों में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू : रवि कुमार

संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि चौथे चरण के चुनाव के लिए लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोकसभा क्षेत्रों में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू हो चुका है। बीएलओ घर-घर जाकर यह कार्य कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी चाहें तो वह बीएलओ के साथ वोटर स्लिप वितरण देखने के लिए साथ जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन, रांची, धुर्वा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।




कुमार ने बताया कि वोटर इनफार्मेशन स्लिप में मतदाता का नाम, बूथ संख्या और स्थान, मतदाता को मतदान के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है तथा गूगल मैप के साथ बूथ का लोकेशन भी रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण के दौरान यह भी सर्वे करेगा कि कितने लोगों के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है। मतदाता को मतदान के लिए इस स्लिप के साथ वोटर आइडी कार्ड ले जाना होगा। मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के पहचान पत्र मतदान के लिए ले जाना होगा। वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण की निगरानी भी की जाएगी ताकि शत-प्रतिशत वोटर तक यह सुविधा पहुंचे। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी भी संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वोटर स्लिप का वितरण सुचारू ढंग से हो।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पारदर्शी मतदान के लिए एएसडी (ऐबसेंट, शिफ्ट, डेथ) की भी सूची बनाई गई है ताकि अनुपस्थित, दूसरी जगह जा चुके या जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम पर बोगस मतदान की आशंका नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान बीएलओ भी मतदान केंद्र पर रहेंगे ताकि स्थानीय होने के कारण मतदाता की सही पहचान सुनिश्चित हो सके। सभी बूथों पर 14 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को वालेंटियर्स के रूप में रखा जाएगा। ये जहां मतदाताओं को गाइड करेंगे, वहीं भविष्य के कुशल मतदाता के रूप में तैयार होंगे। ऐसे वालेंटियर्स का चयन कर ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भ्रामक खबरों (फेक न्यूज) के प्रकाशन, प्रसारण सहित सोशल मीडिया पर उसके पोस्ट की लगातार निगरानी की जा रही है। भ्रामक खबर मिलने पर संबंधित संस्थान, व्यक्ति पर कार्रवाई की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।

# कोल इंडिया के अधिकारियों के लिए खनन अनुबंध पर कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

**रांची।** कोयला मंत्रालय के निर्देश पर खनन और सीएमसी डिवीजन के अधिकारियों के लिए 24 और 26 अप्रैल, 2024 को आईआईसीएम में कोल इंडिया लिमिटेड ने खनन अनुबंध पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्घाटन कोल इंडिया के डीटी और सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।



समापन भाषण के लिए सीआईएल के सीवीओ ब्रजेश कुमार त्रिपाठी को विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यकारी निदेशक (आईआईसीएम) डॉ. कामाक्षी रमन, कोल इंडिया के सलाहकार (एम एंड सी) टीके मिश्रा, कोल इंडिया के जीएम (सीएमसी) गिरीश, और आईआईसीएम के जीएम (ई एंड एम) एन के झा, आईआईसीएम अधिकारी वर्ग और टीएसडीपी कार्यक्रम के प्रबंधन प्रशिक्षु इस अवसर पर उपस्थित थे।

कोल इंडिया के सीवीओ ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण पहल की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कई उदाहरणों और उपाख्यानों के साथ अपनी बातों को स्पष्ट करते हुए ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और कंपनी से जुड़े होने की भावना के महत्व को रेखांकित किया।

## रांची में बर्ड फ्लू संक्रमित दो चिकित्सकों सहित छह को किया गया क्वारंटाइन



संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के होटवार इलाके में बर्ड फ्लू (एच5एन1) फैला हुआ है। प्रशासन ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रभावित इलाका क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार में है। एहतियात के तौर पर वहां के दो चिकित्सकों समेत छह लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। कुक्कुट प्रक्षेत्र के आसपास के इलाके को कंटोनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है।

इस बाबत प्रक्षेत्र के डॉ. गणेश ने बताया कि प्रतिबंधित जोन के एक किमी के रेडियस में मुर्गी, बत्तख और अंडों को जब्त कर नष्ट करने का काम किया जा रहा है। साथ ही लोगों को अलर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम रांची आयी थी। टीम ने बर्ड फ्लू के नमूने एकत्रित किए हैं, जिसकी जांच की जायेगी।

जानकारी के मुताबिक, संक्रमण शहर के दूसरे इलाकों में ना फैले इसके लिए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। दिल्ली से आयी केंद्रीय जांच टीम के प्रमुख डॉ. रजनीश गुप्ता ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि होटवार के एक किमी के इलाके में अंडे, मुर्गी और बत्तख की बिक्री पर रोक लगा दिया गया है। यह रोक तब तक जारी रहेगी जब तक कि स्पष्ट नहीं हो जाता कि बर्ड फ्लू के वायरस खत्म हो गए हैं।

## सीआईडी ने दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार साइबर अपराधियों में दुमका जिला के रहने वाले साजिद अंसारी और देवघर जिला के रहने वाले जमालुद्दीन अंसारी शामिल है। इनके पास से पांच मोबाइल, छह सिम कार्ड, तीन पासबुक, एक चेकबुक, एक एटीएम और एक पेनकार्ड बरामद किया गया है। साइबर क्राइम थाना की डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि मीशो एप का कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव बनकर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को सीआईडी ने गिरफ्तार किया है। सीआईडी की साइबर सेल की टीम ने यह कार्रवाई की है।

# पशुचिकित्सकों का काम ज्यादा चुनौतीपूर्ण : कुलपति

संवाददाता

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा है कि पशुचिकित्सक वैसे जीव का ईलाज करते हैं, जो अपना दुख, दर्द और समस्या नहीं बता सकते। इसलिए उनका काम मेडिकल कॉलेज से डिग्री लेने वाले चिकित्सकों से ज्यादा कठिन और चुनौतीपूर्ण है। पशुचिकित्सकों को अपने प्रोफेशन पर गर्व होना चाहिए।

डॉ दुबे बीएयू के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में 27 अप्रैल को आयोजित विश्व पशुचिकित्सा दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रत्येक वर्ष पूरी दुनिया में अप्रैल माह के अंतिम शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया जाता है।

**बीएयू में विश्व पशुचिकित्सा दिवस**



कुलपति ने स्थानीय पशु नस्लों के आनुवांशिक सुधार के लिए शोध करने पर जोर दिया। कहा कि ऐसी नस्लें स्थानीय अबोहवा एवं ग्रामीण परिस्थितियों में आसानी से पाली जा सकती हैं। उन्होंने झारखंड में एंटी माइक्रोबियल प्रतिरोध की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए भी योजना बनाने पर जोर दिया।

कुलपति ने पशुचिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में हाल में हुई प्रगति पर किसी बड़े विशेषज्ञ का व्याख्यान आयोजित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी वर्गों के कर्मियों और विद्यार्थियों के लिए पहचान पत्र बनवाने और उसका नियमित उपयोग करने पर भी जोर दिया।

स्वागत भाषण करते हुए पशु चिकित्सा संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद ने कहा कि पशुचिकित्सक पशुओं के साथ-साथ मानव, पर्यावरण और पारिस्थितिकी के स्वास्थ्य के लिए भी काम करते हैं।

इस अवसर पर पशुपालन विभाग की संयुक्त निदेशक डॉ रजनी पुष्पा सिंकू, बीएयू के निदेशक प्रशासन एजाज अनवर, डीन पीजी डॉ एमके गुप्त और वक्तृत्व कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी रौनक सिंह ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ नन्दनी कुमारी ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पशु वैज्ञानिक डॉ सीएम प्रसाद सहित विश्वविद्यालय के डीन, डायरेक्टर उपस्थित थे।

# बाबूलाल ने समीर को भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील की

संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मांडर स्थित सोसई आश्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। मोदी ने सभी वर्गों के लिए काम किया है। किसी भी वर्ग को नहीं छोड़ा। सबके विकास के लिए काम किया। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास। यह सिर्फ नारा नहीं है। उन्होंने ऐसा करके दिखाया है।

मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री का मकसद भारत को विकसित और समृद्ध भारत बनाना है। जब वह विकसित और समृद्ध भारत की बात करते हैं तो सभी लोगों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध करने की बात करते हैं। प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने इस दिशा में काम शुरू किया। पहले लोगों के लिए घरों में शौचालय उपलब्ध कराया। गैस कनेक्शन की सुविधा दी। घर-घर में बिजली पहुंचाई। अब लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।

मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों को आवास भी उपलब्ध कराया। पिछले 10 वर्षों में देश में चार करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराए गए। प्रधानमंत्री ने कहा है कि तीसरी बार पीएम बनने पर वे तीन करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराएंगे। प्रधानमंत्री मोदी किसानों के खाते में भी सालाना 6000 भेज रहे हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि हर घर में नल से जल पहुंचे। झारखंड की इंडी गठबंधन की सरकार ने इस योजना को भी भ्रष्टाचार में खत्म कर दिया है।



मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री लोगों के घर की चिंता करते हैं। उनकी इज्जत की चिंता करते हैं। उनकी भोजन की चिंता करते हैं। उनके पीने के पानी की चिंता करती हैं। गांव-गांव में सड़क और पुल पुलिया बनाने का काम कर रहे हैं। इस बार के चुनाव में जो हमारी चिंता करते हैं, हमें उनकी चिंता करनी चाहिए और 24 में फिर से नरेन्द्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

मरांडी ने कहा कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की सरकार है। ये सभी दल झारखंड विरोधी हैं। विकास विरोधी हैं। देश आजाद होने के बाद से ही झारखंड अलग राज्य की लड़ाई चल रही थी। यदि कांग्रेस चाहती तो बहुत पहले झारखंड अलग राज्य बन गया होता है। झारखंड अलग राज्य बना है तो यह एनडीए की देन है। अटल बिहारी वाजपेयी के सत्ता में आने के बाद झारखंड अलग राज्य बना।

मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के राज में झारखंड के सबसे अधिक लोग विस्थापित हुए। कांग्रेस के कार्यकाल में झारखंड में बड़े-बड़े कल कारखाने लगे। बड़ी-बड़ी खदान खुली। इसके कारण लोग भी विस्थापित हुए। इसका जवाब कांग्रेस को देना चाहिए। मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में कितने लोग विस्थापित हुए, यह सबको पता है। आज देश में जिनकी राजनीतिक दुकान बंद हो रही हैं, वे लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं। इसका जवाब 13 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर देना है। समीर उरांव को भारी बहुमत से विजय बनाना है।

## संक्षिप्त

### पेड़ से टकरायी कार बाल-बाल बचे सवार

**मनिका/लातेहार :** मनिका हाई स्कूल के समीप शनिवार सुबह बारात लेकर लौट रही एक कार पेड़ से टकरा गई।गनीमत यह रही की उक्त कार में सवार सभी बाराती सुरक्षित बच गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मनिका थाना प्रभारी जे पी शर्मा तत्काल दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे तथा उक्त कार में सवार सभी बारातियों को दूसरे वाहन से गंतव्य की ओर रवाना किया तथा दुर्घटना ग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया।

### घाघरा पुलिस ने किया बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद

**गुमला :** घाघरा पुलिस ने गुटवा गांव में गुटवा ग्राम निवासी बुजुर्ग शिवलाल पहान का शव तालाब रूपी जलजमाव स्थल से बरामद कर घाघरा थाना लाया। वही पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु शनिवार को दिन के 9:00 गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में मृतक की पत्नी कौशल्या देवी ने बताया कि उसके पति शिवलाल पहान विगत बुधवार को रात 8:00 बजे शौचालय करने की बात कह कर घर से निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। गांव के अगल-बगल में शादी का प्रयोजन था। जहां लगा कि वह चला गया होगा। लेकिन उसके दूसरे दिन भी नहीं लौटने पर काफी खोजबीन की गई। फिर भी उसका कोई पता नहीं चल सका। वही शुक्रवार की शाम 6:30 बजे गांव स्थित पत्थर फोड़ कर बने तालाब रूपी जलजमाव में एक व्यक्ति का शव की सूचना मिली। जिसके बाद उक्त स्थल जाने के बाद देखा तो उसकी पहचान शिवलाल पहान के रूप में हुई। जिसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा घाघरा थाना को दी गई। वही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### घर में सो रहे व्यक्ति की गोली मार कर हत्या

**दुमका :** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के जोकेला गांव में हमलावरों ने शुक्रवार की रात बरामदे में सोए नीलकंठ यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना का कारण जमीन विवाद बताया जा रहा है। थाना प्रभारी नीरंजन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गईं है।

### जेपीएससी में चयनित अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित

लातेहार : इंटीग्रेटेड कोचिंग प्रोग्राम के तहत यूपीएससी, बीपीएससी, जेपीएससी और एसएससी आदि की कोचिंग क्लासेस चलायी गयी थी। जिसका जिला प्रशासन, लातेहार एवं हक एजुकेशनल व सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा कौशल विकास केंद्र लातेहार एवं सेंट जेवियर्स कॉलेज महुआडांड़ में (सत्र 2021-22) कोचिंग संपन्न किया गया। इसके छात्र पूर्व में यूपीएससी तथा जेपीएससी में अंतिम रूप से चयनित हुए थे। 11वीं जेपीएससी की प्राथमिक परीक्षा में इस संस्था से आठ अभ्यर्थियों ने पीटी एग्जाम क्वालिफाई किया। संस्था के डायरेक्टर एमए हक ने इन अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी।

### कार से 4.33 लाख रुपये बरामद

**साहिबगंज :** लोकसभा चुनाव को देखते हुए साहिबगंज जिला प्रशासन ने राधानगर हाईस्कूल चौक के समीप चेकपोस्ट बनाया है। इस चेकपोस्ट पर शनिवार की दोपहर वाहनों की जांच के दौरान एक गाड़ी से 04 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद किए गए। जांच के दौरान पुलिस ने चार पहिया वाहन (जेएच 05डीएच 5198) की तलाशी ली। इससे पुलिस ने 04 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद किए। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये पैसे राजमहल के एक सीमेंट व्यवसायी के हैं। चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट बीएफटी अब्दुल रजाक अग्रिम कार्रवाई कर रहे हैं। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गाड़ी से बरामद रुपये की जांच की जा रही है। सीमेंट व्यवसायी ने भी व्यवसाय से जुड़ी राशि होने की बात बताई है।

# भीषण गर्मी से सूखने लगे पानी के स्रोत, लोगों में हाहाकार

- इक्का-दुक्का कुएं पर महिलाओं की लग रही लम्बी कतार
- चुरचू प्रखंड में नल जल योजना फेल होती दिख रही



संवाददाता

**चरही ।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों चल रही प्रचंड लू ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है. जेठ की दुपहरी अभी बाकी है, जबकि वैशाख महीना अभी शुरू ही हुआ है, लेकिन सूर्य देवता अभी से ही रौद्र रूप में तप रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी की वजह से तापमान इन दिनो लगातार 40 डिग्री पार कर रहा है। आवश्यक सेवा में कार्यरत कर्मियों को छोड़ दें तो सुबह 9 बजे के बाद ही लोग घरों में दुबक जाने को विवश हैं, वहीं दूसरी ओर बाजार में इन दिनों शीतल पेय, नींबू पानी, अमझोरा, सत्तू, आमरस, गन्ने का रस व मौसमी

**पानी व शीतल पेय पदार्थों का सेवन करते रहें**

चुरचू प्रखंड चरही उप स्वास्थ्य केंद्र कार्यरत डॉ. आमिर बताते हैं कि लू से बचने के लिए शरीर में पानी की कमी हो सकती है और डिहाइड्रेशन का शिकार हो सकते हैं। इसलिए लगातार पानी व शीतल पेय पदार्थों का सेवन करते रहें। खाली पेट धूप में बिलकुल भी न निकले व अगर निकलना आवश्यक हो तो सर पर गमछा का प्रयोग करें और धूप से बचें। ग्लूकोज व अमझोरा का सेवन जरूर करें। फिलहाल प्रखंडवासियों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। फल खीरा, ककड़ी, तरबूज व आम की बिक्री जोरों पर है। लोग लू से बचने के लिए इन पदार्थों का उपयोग कर रहे हैं। वहीं प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी की वजह से पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। अधिकतर कुएं भी सूख चुके हैं। जहां इक्का दुक्का कुएं में पानी है वहां महिलाओं की लंबी कतार लग जाती है। नल जल कार्यक्रम भी तकरीबन फेल होता दिख रहा है। मौके पर सारी उप स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल स्टाफ ने कहा धूप से बचने का संदेश पूरे प्रखंड क्षेत्र वासियों को दिया अंजू कुमारी, रजनी गाडी,मिसबहुल हसन, शिखा कुमारी, शोभा कुमारी, रीना मिस, राकेश खालको, रेणु कुमारी, लोकनाथ महतो लू से बचने के उपाय जितना संभव हो सके धूप से बचने का प्रयास करें। यदि जरूरी हो तो धूप में छाता ले कर निकलें। ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ का सेवन करें। ढीले व हल्के रंग के कपड़े पहनें। शराब और कैफीन से बचने की कोशिश करें।

## पलामू में नक्सली सहित दो गिरफ्तार, हथियार बरामद



संवाददाता

**पलामू :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के 10 लाख के ईनामी नक्सली नितेश यादव के दस्ते के सदस्य राजेन्द्र भुइयां को चार भरठुआ बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया। राजेन्द्र के साथ विष्णु विश्वकर्मा को भी गिरफ्तार किया गया है। विष्णु हथियारों की मरम्मत करता था। उसके घर से हथियार बनाने के कई सामान बरामद किये गये हैं। राजेन्द्र हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नासो जमालपुर जबकि विष्णु इसी थाना क्षेत्र के जीतामाटी सलैया टिकर का रहने वाला है। एसपी रीष्मा रमेशन ने शनिवार को बताया कि राजेन्द्र भुइयां दो वर्षों से माओवादी नितेश यादव के दस्ते में शामिल रहा था। वर्तमान में कहीं दूसरी जगह पहचान छिपाकर रह रहा था। वह घर आया हुआ था। इस बीच गुप्त सूचना पर हुसैनाबाद के डीएसपी मुकेश कुमार महतो और सीआरपीएफ 112वीं बटालियन के साथ कार्रवाई की गयी। छापेमारी के दौरान चार भरठुआ बंदूक, दो बैरल, लोहे की पाइप, बारूद एवं भरठुआ बंदूक में भरने वाला मसाला, छर्रा, बैरिंग, बंदूक में इस्तेमाल होने वाला घोड़ा एवं अन्य पुर्जे बरामद हुए। बंदूक राजेन्द्र के अलावा कर्मदेव भुइयां, उपेन्द्र भुइयां नासो जमालपुर एवं राजेश कुमार रवि बैरियाडीह के घर से बरामद हुआ। हथियार बनाने के सामान विष्णु विश्वकर्मा के घर से मिले। एसपी ने बताया कि माओवादी नितेश के साथ मिलकर राजेन्द्र लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी करने की तैयारी में था। इसके लिए हथियार भी रखे हुए था। इस संबंध में राजेन्द्र के अलावा कर्मदेव, रामचन्द्र, विनोद, उपेन्द्र, सुरेन्द्र भुइयां सभी नासो जमालपुर राजेश बैरियाडीह, ललन राम माहुर भवरी मोहम्मदगंज, नितेश यादव, संजय यादव उर्फ गोदराम जी, सीताराम रजवार उर्फ रमन जी एवं विष्णु विश्वकर्मा सभी जीतामाटी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

### बिजली से जुड़े 77 व चेक बाउंस के 5 मामलों का हुआ निष्पादन

**चाईबासा :** झालसा रांची एवं व्यवहार न्यायालय चाईबासा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विश्वनाथ शुक्ला के निर्देश पर सिविल कोर्ट चाईबासा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बिजली एवं एनआईएक्ट (चैक बाउंस) से संबंधित वादों के निष्पादन के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि आज चेक बाउंस व बिजली से संबंधित कुल 82 मामलों का निपटारा हुआ। उन्होंने बताया कि बिजली से संबंधित 77 मामलों का निष्पादन कर 6,08,000.00 का समायोजन किया गया।

बिल्डिंग मैटेरियल्स सड़क पर गिराने के खिलाफ चला अभियान

## पांच लोगों को थमाया नोटिस एक पर लगा जुर्माना



संवाददाता

**लातेहार :** नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में सड़क किनारे गिराए गए बिल्डिंग मैटेरियल्स के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में शनिवार को नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा, सहायक अभियंता कुमार रवि, कनीय अभियंता संजीव कुमार एवं कर संग्रहकर्ता राजू प्रसाद द्वारा लक्ष्मी भंडार स्थित केशवर अहरा रोड़ के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम के द्वारा पांच लोगों को नोटिस थमाया गया है, जबकि एक व्यक्ति मनोज प्रसाद पर जुर्माना लगाया गया है। इस अवसर पर नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने कहा कि यह कार्रवाई अभी एक हफ्ते तक लगातार जारी रहेगा। हम शहरी क्षेत्र के जनता से अपील करते हैं की वह जल्द से जल्द सड़क किनारे बालू, ईट या छरी गिराए हुए हैं तो उसे हटां ले, नहीं तो टीम के द्वारा पकडे जाने पर नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि सड़क किनारे बिल्डिंग मैटेरियल्स गिराने से आम लोगों को आने जाने परेशानी होती है और दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है।

## मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए चलाया गया अभियान

संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी के तहत झुमरीतिलैया नगर परिषद ने शनिवार को रामेश्वरम, झंडा चौक के पास स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान ओपन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं नगर प्रशासक हर्षवर्धन ने लोगों से लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को होने वाले मतदान में हिस्सा लेकर जागरूक नागरिक बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। लोकतंत्र की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें जनता सर्वोपरी होती है। देश का भविष्य तय करने के लिए उन्हें मतदान का अधिकार दिया गया है। इसलिए सभी लोग 20 मई को मतदान करें और मजबूत सरकार बनाने में सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि पहले मतदान करें फिर जलपान। वहीं नगर प्रबंधक डा. अरविंद मोदी ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका विकास कभी नहीं रुकता। लोकतंत्र में ऐसी सरकार बनती है जो अपनी शक्ति लोगों से लेती है। मतदाता इस बात की जानकारी पहले से ले लें कि उन्हें कब और कहां मतदान करना है।

## इनामी टॉप माओवादी राजेंद्र भुइयां गिरफ्तार



संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू हुसैनाबाद के राजेंद्र भुइयां महुदंड इलाके का रहना वाला है। राजेंद्र 10 लाख रुपये के इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव का बेहद करीबी है और उसके दस्ते का अहम सदस्य है। कुछ महीने पहले पलामू के हुसैनाबाद इलाके में लेवी के लिए एक मोबाइल टावर में आगजनी की घटना हुई थी।इस घटना को अंजाम देने का आरोप राजेंद्र पर है। राजेंद्र भुइयां अन्य नक्सली हमलों का भी आरोपी है। लोकसभा चुनाव से पहले प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी को बड़ा झटका लगा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस और सुरक्षा बलों ने शीर्ष माओवादी कमांडर राजेंद्र भुइयां को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली कमांडर के पास से चार हथियार भी बरामद किये गये हैं। जानकारी के मुताबिक, राजेंद्र भुइयां को शनिवार की अहले सुबह गिरफ्तार किया गया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को सूचना मिली थी कि राजेंद्र लोकसभा चुनाव के दौरान किसी घटना को अंजाम दे सकता है। यह भी जानकारी मिली थी कि वह लगातार अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है। इसी सूचना के आलोक में पलामू पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। यह सर्च ऑपरेशन पलामू के हुसैनाबाद, छतरपुर, पांडु और हैदरनगर के सीमावर्ती इलाकों में चलाया जा रहा था। सर्च अभियान के दौरान माओवादी राजेंद्र भुइयां को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस और सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी राजेंद्र भुइयां से पूछताछ कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस अधिकारी भी राजेंद्र भुइयां की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं कर रहे हैं। राजेंद्र भुइयां पर कई नक्सली घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है।

## पान दुकान में अवैध रूप से बेच रहे अंग्रेजी शराब बरामद



संवाददाता

**मेदिनीनगर :** लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध रूप से शराब विक्रेताओं के प्रति लगातार छापामारी जारी है वही पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निदेर्शानुसार पलामू पुलिस को बहुत बड़ी अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने दो शराब तस्कर रोहित कुमार सिंह और उपेन्द्र कुमार को किया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।एसपी रिष्मा रमेशन ने जानकारी देते हुए कहा है कि पलामू पुलिस को मिली गुप्त सुचना प्राप्त के आधार पर सगालिम बस स्टैन्ड के पास रोहित पान दुकान तथा उपेन्द्र पान दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का भण्डारण कर बिक्री किया जा रहा है। इसकी सुचना वरिय पदाधिकारी को दिया गया। वरिय पदाधिकारी के आदेशानुसार एक छापेमारी दल का गठन किया गया एवं छापामारी दल के साथ सगालीम बस स्टैन्ड स्थित रोहित पान दुकान तथा उपेन्द्र पान दुकान में विधिवत किंगफिशर कंपनी का 650ML वाला बीयर बोतल 19 पीस, गॉड फादर कंपनी का 650ML वाला बीयर का बोतल 12 पीस सहीत B7 स्टर्लिंग रिजर्व कंपनी का 750 ML वाला शराब का बोतल- 02 पीस (4) पीस छापामारी किया गया तो उक्त दोनों दुकानों से भारी मात्रा मे अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया, जिसे विधिवत जप्ति सुची बनाकर जप्त किया गया। उत्पाद अधिनियम दर्ज कर रोहित पान दुकान तथा उपेन्द्र पान दुकान के संचालक को अवैध शराब बिक्री करने के आरोप में विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## कार्यकर्तायों ने मथुरा प्रसाद महतो को सांसद बनाने का लिया संकल्प



**तोपचांची/धनबाद ।** ठाकुरचक पंचायत के पूर्व मुखिया कमीशन अंसारी जो झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ, जुझारू, कर्मठ, ईमानदार और संघर्षशील नेता हैं, उनके नेतृत्व में शनिवार को महागठबंधन प्रत्याशी टुंडी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक मथुरा प्रसाद महतो से उनके आवास पर मुलाकात की और ठाकुरचक सहित डुमरी विधानसभा क्षेत्र के सभी मुस्लिम बहुल क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाने का संकल्प के साथ कार्य करने का भरोसा गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को दिया। और कहा कि आज ही से प्रचार-प्रसार में हम लोग लग जाएंगे। पूर्व मुखिया कमीशन अंसारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि मैं 40 साल से झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता के तौर पर काम करता रहा हूं और स्वर्गीय टाइगर जगन्नाथ महतो, स्वर्गीय टेकलाल महतो, स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो, स्वर्गीय शिवा महतो को भी हम लोगों ने मेहनत करके विधायक और सांसद बनाने का काम किया है। और मैं संकल्प लेता हूं के 2024 लोकसभा चुनाव में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को जीत दिलाने के बाद ही उन्हें बधाई दूंगा। अग्रिम बधाई और प्रचंड बहुमत से जीत का झुठा दावा मैं नहीं करता, मैं तमाम कार्यकर्ता से अनुरोध करता हूं कि इस तरह के झूठे लुभावने बातें ना करें बल्कि मेहनत करके अपना बूथ सबसे मजबूत के नारे के साथ कार्य करें और मथुरा प्रसाद महतो को सासद बनाएं। उसके बाद बधाई दें तब जाकर अच्छा लगेगा। आज ठाकुरचक पंचायत के पूर्व मुखिया कमीशन अंसारी के नेतृत्व में झामुमो के पुराने कार्यकर्ता व ठाकुरचक मदरसा के पूर्व सचिव मोहम्मद जियाउद्दीन अंसारी, मोहम्मद फरीद अंसारी, सिकंदर अंसारी, मोहम्मद नवाब अंसारी, मोहम्मद हसन अंसारी ने मथुरा प्रसाद महतो से मुलाकात कर चुनाव में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया और संकल्प लिया के अपना बूथ सबसे मजबूत के नारे के साथ हम लोग कार्य करेंगे।

### माले को खटक रहा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मिल रहा आरक्षण

**कोडरमा :** वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने कहा कि भाकपा माले को आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मिल रहा 10 प्रतिशत आरक्षण खटक रहा है। भाकपा माले अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान भी यह दावा कर रही है कि अगर इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो आर्थिक रूप से कमजोर तबकों को मिल रहा 10 प्रतिशत आरक्षण समाप्त किया जाएगो भाकपा माले के इस रुख से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और विशेषकर गरीब सवर्णों में जबरदस्त आक्रोश है और माले को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

व्यवहार न्यायालय गुमला में मासिक सह विशेष लोक अदालत आयोजित

# 228 मामलों का निष्पादन व 4502431-/ रुपये राजस्व की हुई प्राप्ति



संवाददाता

**गुमला :** झालसा व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला, ध्रुव चंद्र मिश्र के निदेर्शानुसार व्यवहार न्यायालय, गुमला, में मासिक सह विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन माननीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला निर्मला बरला, स्थाई लोक अदालत के सदस्य श्री शंभू सिंह लीगल एड डिफेंस काउंसिल के बुंदेश्वर गोप एवं अन्य अधिवक्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर सचिव निर्मला बरला ने कहा कि आज विशेष रूप से मासिक सह विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है, जो की विशेष रूप से चेक बाउंस एवं बिजली से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए आयोजित किया गया है । प्रत्येक माह व्यवहार न्यायालय गुमला में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। जिसमें सुलहनीय मामले, दीवानी वाद, बैंक लोन, कर्ज माफी, बिजली भुगतान, उत्पाद, वन विभाग , मोटर दुर्घटना , पारिवारिक मामले तथा नापतोल विभाग के मामले, का निष्पादन मासिक लोक अदालत के दिन ही हो जाता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा समय तथा पैसे की भी बचत होती है और साथ ही साथ आपसी संबंध भी मधुर बना रहता है। साथ ही सचिव महोदय ने उपस्थित वाद कर्मियों से अनुरोध किया कि आप लोग लोक अदालत का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं, और अपने मामले का निष्पादन लोक अदालत में करायें। शंभू सिंह स्थाई लोक अदालत, गुमला, ने कहा कि पक्षकार तथा लोग अपने सुलहनीए वाद तथा इंश्योरेंस, एवं जन उपयोगी मामले, बैंक से संबंधित मामलो के त्वरित निष्पादन के लिए आगे आएं तथा अपने बहुमूल्य समय तथा पैसे का बचत करें। मासिक सह विशेष लोक अदालत में कुल 9 बैंचों का गठन किया गया। जिसमें कूल 228 मामलों का निष्पादन किया गया जिसमें कूल 4502431-/ रूपए के राजस्व की प्राप्ति हुई। जिसमें विशेष लोक अदालत के तहत चेक बाउंस से संबंधित कूल 12 मामलों का निष्पादन हुआ ,एवं 5,84000 राजस्व की प्राप्ति हुई तथा बिजली से संबंधित मामले में कूल 176 मामलों का निष्पादन हुआ तथा कुल 17,75,405/-रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई। इस कार्यक्रम में डालसा सचिव निर्मला बरला, शंभू सिंह स्थाई लोक अदालत के सदस्य, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के बुंदेश्वर गोप, जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे, अधिवक्ता राजेंद्र साहू, अरुण कुमार, सहायक प्रकाश कुमार, अरविंद कुमार चौधरी आशा पूनम, मनीष कुमार, आदि, उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### शराब भट्ठी को किया गया ध्वस्त

**बोकारो** । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने नावाडीह थाना अंतर्गत दहियारी ग्राम के कोचागढ़ा टोला में निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 2,580 केजी जावा महुआ शराब एवं 105 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी आदि शामिल थीं। विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण-बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### बीजीएच में जीवन रक्षा के लिए चार नई एंबुलेंस शामिल

**बोकारो** ।बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में बोकारो जनरल हॉस्पिटल (बीजीएच) में चार नई एम्बुलेंस को औपचारिक रूप से शामिल किया गया। कार्यक्रम में सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य), बोकारो जनरल हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ बी.बी. करुणामय के साथ वरीय डॉक्टर्स, अधिकारी तथा कार्मिक शामिल थे। नई एम्बुलेंस में मरीजों के जीवन रक्षा की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें से दो एम्बुलेंस संयंत्र स्थित व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र में और दो बीजीएच में तैनात रहेंगी तथा बीएसएल प्लांट और टाउनशिप के भीतर चौबीसों घंटे संचालित होंगी। बीएसएल प्रबंधन ने अपने कार्मिकों एवं उनके आश्रितों के लिए एक हेल्पलाइन (नंबर 06542 - 289055) जारी की है, जिस पर सूचना देकर आकस्मिक समय में एम्बुलेंस की सुविधा प्राप्त की जा सकती है।

### बंद फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 10 लाख की क्षति

**बोकारो** । जिले के जरीडीह प्रखंड अंतर्गत टांड़ मोहनपुर के तिवारी मोहल्ला में पेवर्स ब्लॉक की बंद फैक्ट्री में शनिवार को शॉट सर्किट से आग लग गई। इससे लाखों की संपति जलकर खाक हो गई। घटना शनिवार पूर्वाह्न 11:15 बजे की बताई जा रही है। टांड़ मोहनपुर में हरीश महतो के जमीन पर किराए पर पिछले तीन सालों से संचालित यह फैक्ट्री संचालित थी, जो पिछले कुछ दिनों से बंद हालत में थी। फैक्ट्री में लगी आग लपटें पास के झाड़ियों में भी फैल गईं। इससे अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, स्थानीय दर्जनों युवकों की पहल व फायर ब्रिगेड के आने पर करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक आग हरीश महतो की चहारदीवारी से होते हुए अन्य दो चहारदीवारी के अंदर पहुंच गई। बताया गया कि फैक्ट्री के संचालक मनोज कुमार लहेरी सह परिवार बंगाल के झालदा गांव एक शादी समारोह में गया था। स्थानीय रंजीत महतो, डॉ. करुणा, रमन कुमार मिश्रा व अन्य ने फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दी। अगलगी से फैक्ट्री में रखा फार्मा, कीमती मशीन सहित अन्य सामग्रियां जलकर राख हो गई। थाना प्रभारी अमित कुमार राय दलबल के साथ पहुंचे। फैक्ट्री संचालक मनोज लहेरी ने बताया कि करीब 10 लाख की मशीन, तार, क्वॉयल, 20 हजार पीस फार्मा, पेड़-पौधा समेत अन्य कीमती सामग्रियां जल गईं।

# बोकारो में पीओ के लिए दूसरे चरण का प्रशिक्षण आयोजित

## सफल निर्वाचन में टीम लीडर की तरह होती है पीठासीन पदाधिकारियों की भूमिका : उपायुक्त

संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 02 सी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी विद्यालय एवं सेक्टर 02 डी स्थित बोकारो इस्पात प्लस टू विद्यालय में शनिवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन को लेकर दूसरे चरण का पीठासीन पदाधिकारियों (पीओ) को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का जायजा जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने लिया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, प्रभारी पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने क्रमवार दोनों विद्यालयों में आयोजित प्रशिक्षण सत्र का जायजा लिया। प्रशिक्षण में कुल 660 पीठासीन पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने पीठासीन पदाधिकारियों को विद्यालय सभागार में ब्रीफ करते हुए संबोधित किया कि निर्वाचन कार्य में पीठासीन पदाधिकारियों (पीओ) का काफी अहम रोल है। पीओ को टीम लीडर की तरह कार्य करना होता है। समन्वय बनाकर सभी के साथ (पी- 1,पी- 2 एवं पी- 3) काम करना है। लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साह के साथ सभी काम करें, पांच वर्ष में एक बार यह पर्व आता है। कुछ ही ऐसे लोग होते हैं जिन्हें मतदान कराने का अवसर प्राप्त होता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि आप सबों का प्रशिक्षण सत्र बेहतर चल रहा है। डीएलएमटी द्वारा सभी बिंदुओं पर जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में बताई गई बातों को गंभीरता से लें और उसी के अनुरूप अपने कार्य दायित्व का निष्पादन करें। सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पीठासीन पदाधिकारियों के लिए जारी हैंडबुक (मैनुअल) को अच्छी तरह से अध्ययन करें, हैंडबुक में सभी सवालों का उत्तर अंकित है। निर्वाचन में किसी भी कार्य को अपनी मनमर्जी से नहीं किया जाता है। आयोग के दिशा-निर्देश का अक्षरशः अनुपालन होता है, इसलिए कहीं कोई चूक नहीं हो। सभी मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग होगी। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इससे पूर्व, नोडल पदाधिकारी सह प्रशिक्षक पंकज दूबे ने काफी सरल तरीके से पीठासीन पदाधिकारियों को मतदान दल के डिस्पैच के उपरांत, मतदान दिवस के दिन उनके कर्तव्य एवं दायित्व को विस्तार से बताया। पीठासीन पदाधिकारियों के बीच लगभग 45 प्रश्न झ उत्तर के माध्यम से भी जानकारी साझा की गई। साथ ही, अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। वहीं, विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में पीठासीन पदाधिकारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम)/ वोटर वेरिफिएबल पेपर आडिट ट्रेल (वीवीपैट) का प्रशिक्षण विस्तार से दिया गया। उन्हें कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू), वीवीपैट को कनेक्ट करने एवं संचालन, मॉक पोल, पेपर सीलिंग आदि की विस्तार से जानकारी दी गई।

# वैज्ञानिक जागरुकता वर्ष के रूप में मनेगा यह साल

## साइंस फॉर सोसाइटी की बैठक में लिया गया निर्णय

संवाददाता

**बोकारो** । साइंस फॉर सोसाइटी, बोकारो की बैठक शनिवार को संगठन के अध्यक्ष सह बोकारो स्टील प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक (सीआरएम-3) दीपक राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक वैज्ञानिक जागरुकता एवं इससे संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। श्री राय ने कहा कि ऑल इंडिया पीपुल्स साइंस नेटवर्क के निदेर्शानुसार वर्ष 2024 को वैज्ञानिक जागरूकता वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बोकारो जिला में ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण क्विज, अंधविश्वास, बाल विज्ञान कांग्रेस, बाल अधिकार कांग्रेस के साथ ही अन्य वैज्ञानिक गतिविधियों पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर साइंस फॉर सोसाइटी, बोकारो के महासचिव राजेन्द्र कुमार ने विगत वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक वैज्ञानिक कैलेंडर के अनुसार विभिन्न वैज्ञानिक कार्यक्रम के आयोजन बोकारो एवं पूरे राज्य में किया जाएगा। बैठक में एसके राय, चन्द्र शेखर कुमार, शशांक शेखर, परिचय भट्टाचार्य आदि उपस्थित रहे।



# मैरिज एनिवर्सरी के दिन विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

## बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड का मामला, हत्या का फांसी का रूप देने का आरोप

संवाददाता

**बोकारो** । जिले के चंदनकियारी प्रखंड अंतर्गत बरमसिया ओपी क्षेत्र के कोड़िया पंचायत स्थित केहरडीह गांव निवासी जगदीश पांडेय की पत्नी काजल देवी का शव उसके कमरे से संदेहास्पद स्थिति में फंदे से लटकता हुआ पुलिस ने बरामद किया। मृतका का मायके धनबाद स्थित बाघमारा के बकसपुरा गांव में है। घटना की सूचना पर पहुंची मृतका की मां अलका देवी ने दामाद के अलावा ससुराल के अन्य सदस्यों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।



मृतका ने अपनी शादी की छठी वर्षगांठ के दिन ही रात फंदे से झूलकर जान दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

मृतका की मां ने दिए गए अपने आवेदन में कहा है कि 6 साल पूर्व 26 अप्रैल 2018 को केहरडीह के कृष्ण देव पांडेय के पुत्र जगदीश पांडेय से पुत्री की शादी हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही दामाद और ससुराल वाले पुत्री को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। लगातार दहेज के लिए दो लाख नकद व बुलेट बाइक की मांग की जा रही थी। हालांकि, सक्षम नहीं होने के कारण पुत्री लगातार इंकार कर रही थी। इसलिए, ससुराल वालों ने पुत्री की हत्या कर साड़ी से लटका दिया और आत्महत्या का रूप दे दिया। मामले में विवाहिता के ससुर कृष्ण देव पांडेय, सास महेश्वरी देवी, देवर रंजीत पांडेय व अशोक पांडेय आदि पर हत्या का आरोप लगाया है। कहा है कि पुत्री का शव जमीन पर खड़ा था और फंदे में गांठ भी नहीं लगी हुई थी। इससे प्रतीत हो रहा हैं कि बेटी को मारने के बाद आत्महत्या का रूप दिया गया है। उन्होंने इसके पूर्व भी पुत्री को गर्म सरिया से जलाने कर मारने का आरोप लगाया। बरमसिया ओपी पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुटी है।

# इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट कॉलेज में विशेष कार्यशाला आयोजित

संवाददाता

**बोकारो** । गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज, बोकारो में औन्त्रप्रेन्योरशिप और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट (उद्यमशीलता एवं बौद्धिक संपदा अधिकार) पर केंद्रित दो सत्र का कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया।



यह कार्यक्रम मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, ए.आई.सी.टी.ई. भारत सरकार द्वारा स्वीकृत था एवं इंस्टीट्यूट इन्नोवेशन काउंसिल के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप-प्रज्वलन तथा अतिथियों के स्वागत से हुआ। मुख्य अतिथि एवं वक्ता चेयर प्रोफेसर आई.पी.आर., नैशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची, डॉ. श्रीनिवास मूर्ति एम.आर. एवं स्टेट प्रेसिडेंट, झारखंड स्मॉल एंड टाइनी बिजनेस एंड एंटरप्राइज एसोसिएशन कुंदन उपाध्याय रहे। डॉ. श्रीनिवास मूर्ति ने अपने भाषण में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट क्या है तथा उसके महत्व को समझाया।

श्री उपाध्याय ने श्रोताओं को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। कॉलेज निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने कहा कि भारत देश को संसार में अव्वल स्थान प्राप्त करने के लिए चाहिए कि वह अपनी इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी का निर्माण खुद करे। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी का सत्र भी रहा। मंच का संचालन बीबीए की छात्रा साहिबा अक्रम ने किया। समन्वयक प्रो. दयाशंकर दिवाकर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। डॉ. जरूहार ने बताया कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रो. पंकज राय और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के प्रो. हुसैन अंसारी की पेटेंट स्वीकृति के बाद 10 पेटेंट वाला यह पहला स्वपोषित कॉलेज है। कॉलेज संस्थान अध्यक्ष तरसेम सिंह और सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने बधाई दी।

# मो. बशीर अंसारी, गुड्डू अंसारी और कलाम अंसारी ने थामा झामुमो का दामन

**तोपचांची(धनबाद)** । झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व सचिव मोहम्मद अकबर अंसारी के नेतृत्व में आज टुंडी विधायक सह गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के आवासीय कार्यालय पहुंचकर स्वर्गीय डॉक्टर सबा अहमद के समर्थक मोहम्मद बशीर अंसारी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। इस अवसर पर ठाकुरचक पंचायत के पूर्व मुखिया कमीशन अंसारी, मोहम्मद जियाउद्दीन अंसारी, मोहम्मद हसन अंसारी, मोहम्मद सिकंदर अंसारी सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर मथुरा प्रसाद महतो ने मोहम्मद बशीर अंसारी बाघमारा के पार्षद गुडडु अंसारी, कलाम अंसारी व अन्य को पार्टी की सदस्यता दिलाई और कहा कि आप लोगों के पार्टी में आने से निश्चित तौर पर पार्टी मजबूत हुई है और आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका लाभ मिलेगा।



# ट्रक और टैंकर की टक्कर में फंसी बाइक, तीन घायल, एक गंभीर

संवाददाता

**बोकारो** : जिले के जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकारो-रामगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 320 पर बांधडीह कोचागोड़ा की समीप तीन वाहन बाइक, टैंकर और ट्रक की परस्पर भिड़ंत हो गई। घटना सुबह लगभग सात बजे की बताई जा रही है। घटना में तीनों वाहनों के चालक गम्भीर रूप से घायल हुए है। मिली जानकारी के अनुसार बोकारो से रामगढ़ की ओर जा रहे पेट्रोलियम टैंकर (जेएच 01ईके 8251) की विपरीत दिशा से आ रहे मालवाहक ट्रक (ओडी 29 एफ 7195) से सीधी भिड़ंत हो गयी। स्पीड अधिक होने के कारण वाहनों का आपस में संतुलन बिगड़ गया, जिससे टक्कर हुई और पीछे-पीछे चल रही बाइक अचानक इस टक्कर के कारण बेकाबू होकर टैंकर के भीतर जा घुसी।

# झामुमो का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**तोपचांची (धनबाद)** ।झारखंड मुक्ति मोर्चा तोपचांची प्रखंड कमेटी द्वारा आज टीचर ट्रेनिंग कॉलेज साहू बहियार में बूथ स्तरीय कमिटी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो की जीत सुनिश्चित करने के लिए चर्चा की गई।इस अवसर पर गिरिडीह लोकसभा के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद जिला समिति के अध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम, मदन महतो, केंद्रीय सदस्य अलाउद्दीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, आजाद मुखिया, मोहम्मद अकबर अंसारी, मोहम्मद बशीर अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष लालचंद महतो,प्रखंड सचिव नवल किशोर केवट, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मीणा हेंब्रम,मोहम्मद शहाबुद्दीन, हफिजुद्दीन सहित बडी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# बीएसएल में लीड ऑडिटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**बोकारो** ।बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा आईएसओ 45001: 2018 ओएचएसएमएस पर 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तक लीड ऑडिटर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विभाग में किया गया। बीके सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे। बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के महाप्रबंधक - प्रभारी एके सिन्हा तथा महाप्रबंधक अनुपमा तिवारी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मेसर्स टीयूवी के मुख्य प्रशिक्षक शलभ कपूर तथा सौविक ने लीड ऑडिटर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संकाय के रूप में अपना योगदान दिया। प्रशिक्षण के दौरान आईएसओ-45001 मानक और ऑडिटिंग के सभी मुख्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को परीक्षा के उपरांत आईएसओ 45001: 2018 ओ एच एस एम एस पर प्रमाणित लीड ऑडिटर का प्रमाण पत्र दिया गया।



# मरम्मत और रखरखाव के अभाव में जर्जर हो रहा डीवीसी हॉस्पिटल भवन

## महिला-पुरुष वार्डों के सभी एसी खराब, मरीजों को हो रही परेशानी

संवाददाता

**बोकारो थर्मल** : बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी हॉस्पिटल का भवन इन दिनों मरम्मत एवं उचित रखरखाव के अभाव में सामने से पूरी तरह जर्जर होने लगा है। भवन के सामने का पूरा छज्जा गिर गया है और लोहे का सरिया दिखने लगा है। इसी प्रकार हॉस्पिटल के इनडोर स्थित मेल एवं फिमेल वार्ड में लगाये गये सभी एसी के खराब हो जाने के कारण मरीजों को भीषण गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दो सप्ताह पूर्व हॉस्पिटल में महिला बंध्याकरण शिविर का उदघाटन करने हॉस्पिटल पहुंचे एचओपी आनंद मोहन प्रसाद, जीएम ओएंडएम एस भट्टाचार्य, जीएम विद्युत एस भद्रा, डीजीएम बीजी होलकर आदि को हॉस्पिटल की सारी समस्याओं से डीजीएम हेल्थ डॉ संजय कुमार एवं डॉ एसके झा ने अवगत करवाया, बावजूद मरम्मत का कार्य एवं एसी बदलने का कार्य नहीं किया गया।



हॉस्पिटल के डीजीएम (हेल्थ) डॉ. संजय कुमार का कहना था कि हॉस्पिटल भवन के सामने का छज्जा गिरने एवं मरम्मत के कार्य को लेकर सिविल विभाग को कई बार लिखा गया, परंतु कार्य नहीं किया गया है। डीवीसी के कामगार, सप्लाई मजदूर, अवकाश प्राप्त कर्मी एवं कामगारों के परिजनों के अलावा आसपास के निजी कॉलोनियों एवं नावाडीह प्रखंड अंतर्गत ऊपरघाट के बीस किलोमीटर के क्षेत्र में रहनेवाले लोग संक्रमित एवं बीमार जब होतें हैं तो डीवीसी का हॉस्पिटल ही उनका एकमात्र सहारा होता हैं। पूर्व में हॉस्पिटल को लगातार डॉक्टरों एवं विशेषज्ञों की कमी का सामना करना पड़ा था, जिसे डीवीसी के चेयरमैन, मेंबर सचिव एवं डीएचएस के प्रयास से दूर कर लिया गया है। बावजूद हॉस्पिटल को दंत एवं नेत्र सर्जन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ आर द्विवेदी के स्वैच्छिक सेवानिवृति के बाद से सेवा बंद है। चार वर्ष पूर्व हॉस्पिटल से संविदा पर कार्यरत दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार की संविदा समाप्त होने के बाद से किसी की नियुक्ति नहीं की गयी है।

# सेल एसआरयू में एससी-एसटी इम्पलाइज फेडरेशन का विस्तार

**बोकारो** । सेल एसआरयू बोकारो में एससी-एसटी इम्पलाइज फेडरेशन के कमेटी गठन को लेकर सेल एसआरयूएससी, एसटी इम्पलाइज फेडरेशन की बैठक सेक्टर 4 स्थित प्रधान कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता रमाकांत राम ने की। फेडरेशन के कोषाध्यक्ष स्वर्गीय महेश नारायण चौधरी के निधन और महासचिव राणा प्रताप जी की सेवानिवृत्ति के बाद संगठन में चूंकि दोनों पद खाली थे, इसलिए कमेटी का विस्तार करते हुए दोनों खाली पद भरे गए। आरती कुमारी को महासचिव एवं चंद्रदीप भगत को कोषाध्यक्ष का कार्यभार दिया गया, साथ ही जल्द ही सभी यूनिट के पदाधिकारी को बुलाकर कमेटी का पुनर्गठन करने पर विचार विमर्श जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमके अभिमन्यु, जगदीश छुरा (अध्यक्ष) एसआरयू रविंद्र महली महासचिव बोकारो यूनिट, शंभू प्रसाद कोषाध्यक्ष, संयुक्त महासचिव महेश पासवान आदि मौजूद रहे। बैठक के पश्चात मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) निरंजन कुमार से मिलकर एसआरयू केंद्रीय कमेटी की एक बैठक बुलाने का आग्रह किया गया, जिसमें भिलाई, भंडारीदह, रांची रोड एवं इफको सभी जगह के प्रतिनिधि को बुलाने की बात कही गई। साथ ही, एसआरयू के एससी-एसटी के समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

# दुनिया का सबसे महंगा चुनाव है गंभीर चुनौती



ललित गर्ग

दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम-धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में।

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ-साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है। 18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परम्परा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श



शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग-अलग स्त्रोतों से अलग-अलग तरीको से उम्मीदरवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफण्ड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, एनआआई, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्त्रोत है। इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ-साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता 6 पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाए गए खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2,994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया। इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ-साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किए जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा।

भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस आदि दलों एवं उनके उम्मीदावारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये तिजोरियां खोल दी है। यह चुनाव राष्ट्रीय मसलों के मुकाबले राजनीतिक दलों के हित सुरक्षित रखने के वादे पर ज्यादा केंद्रित लग रहा है और टकराव के मुद्दे थोड़े ज्यादा तीखे हैं। लेकिन अगर मुद्दों से इतर अभियानों की बात करें तो यह खबर ज्यादा ध्यान खींच रही है कि इस बार चुनाव अब तक के इतिहास में सबसे खर्चीला साबित होने जा रहा है। इस चुनावों के अत्यधिक खर्चीले होने का असर व्यापक होगा। चुनाव के तवे को गर्म करके अपनी रोटियां सेंकने की तैयारी में प्रत्याशी वह सब कुछ कर रहे हैं, जो लोकतंत्र की बुनियाद को खोखला करता है। काफी लंबे और जटिल प्रक्रिया के तहत चलने वाले चुनाव में जनता के बीच समर्थन जुटाने के लिए उम्मीदरवार जितने बड़े पैमाने पर अभियान चलाते हैं, उसमें उन्हें स्थानीय कार्यकताओं से लेकर सामग्रियों और जनसंपर्कों तक के मामले में कई स्तरों पर खर्च चुकाने पड़ते हैं। यों किसी भी देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होने वाले चुनावों में ऐसा ही होता है, लेकिन भारत में इसी कसौटी पर खर्च में कई गुना ज्यादा होना चिन्ता का सबब बनना चाहिए।

दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम-धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान देश की राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। राजनीति के खिलाड़ी सत्ता की दौड़ में इतने व्यस्त है कि उनके लिए विकास, जनसेवा, सुरक्षा, महामारियां, युद्ध, आतंकवाद की बात करना व्यर्थ हो गया है। सभी पार्टियां जनता को गुमराह करती नजर आती है। सभी पार्टियां नोट के बदले वोट चाहती है। राजनीति अब एक व्यवसाय बन गई है। सभी जीवन मूल्य बिखर गए है, धन तथा व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए सत्ता का अर्जन सर्वोच्च लक्ष्य बन गया है। लोकसभा चुनाव की सबसे बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि यह चुनाव आर्थिक विषमता की खाई को पाटने की बजाय बढ़ाने वाले साबित होने जा रहे हैं। आखिर कब तक चुनाव इस तरह की विसंगतियों पर सवार होता रहेगा?

## संपादकीय

### भाषण पर सवाल जवाब

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री के बांसवाड़ा में दिए भाषण पर भाजपा से जवाब मांगा है। कांग्रेस और वामदलों ने नरेन्द्र मोदी के भाषण को विभाजनकारी और महाहानिकर बताते हुए आयोग से शिकायत की थी। इसी पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने नोटिस दिया है। किसी पदेन प्रधानमंत्री के विरु द्ध आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में यह पहली कार्रवाई है। आयोग का अपनी याददाश्त के आधार पर ऐसा दावा है। दूसरी तरफ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी के विरु द्ध भाजपा की शिकायतों पर जवाब मांगा गया है। ये जवाब 29 अप्रैल तक दिए जाने हैं। इस तरह से आयोग ने निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का एक कठिन पड़ाव पार कर लिया है। उसे इसका श्रेय मिलना चाहिए कि उसने संहिता उल्लंघन पर प्रधानमंत्री तक को नहीं बख्शा। यह आरोप भी कमजोर हुआ है कि आयोग विपक्ष और कमजोर दलों के नेता को ही निर्देशित करने में आगे रहता है। पर उसका निर्णायक इम्तिहान दोनों दलों के जवाब पर की जाने वाली कार्रवाई में होगा जो आयोग की शक्ति और क्षेत्र को परिभाषित करने वाला होगा। सार्वजनिक जीवन में गरिमा-मयार्दा और नियम-कायदे का आग्रही तबके ही नहीं, पूरे देश ने देखा-सुना कि बांसवाड़ा में और फिर अलीगढ़ तक में खास समुदाय और धर्म के लोगों के बारे में क्या-क्या न कहा गया। माना कि चुनाव बाद एक प्रधानमंत्री के रूप में आप समुदाय-धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते पर यही भाव चुनावी सभाओं में भी रहना बुरा नहीं होता। यह सामान्य जन अपेक्षा है कि प्रधानमंत्री को तमाम विभाजनों और दोष-रेखाओं से ऊपर होना चाहिए। तब आयोग को भी रिकार्ड बनाने का मौका नहीं मिलता। चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने भाषणों में सभ्यता के निर्वाह का अनुरोध दलों से किया था, जिसका पालन किसी ने नहीं किया। विपक्ष में स्थितिजन्य आक्रामकता स्वाभाविक ही होती है। सत्ता अपने व्यवहार से उसको परिमार्जित करती है। खरगे और राहुल सरकार की नीतियों की आलोचना के अधिकार के प्रयोग में सभ्यता भूलते रहे हैं। वे न केवल प्रधानमंत्री को निजी स्तर चोट पहुंचाने वाली भाषा का धड़ल्ले से प्रयोग करते सुने-देखे गए हैं, बल्कि तू-तड़ाक पर भी उतर आए हैं। यह भी रिकार्ड है कि नरेन्द्र मोदी देश के सर्वाधिक आलोच्य प्रधानमंत्री हैं। अगर यही एक परिपक्व लोकतंत्र की भाषा है तो यह वाकई बेहद पीड़ादायक परिदृश्य है।



## चिंतन-मनन

### रजा का खजाना

फारस के शासक साइरस अपनी प्रजा की भलाई में जुटे रहते थे। लेकिन खुद उनका जीवन सादगी से भरा था। वह रियासत की सारी आमदनी व्यापार, उद्योग और खेतीबाड़ी में लगा देते थे। इस कारण शाही खजाना हल्का रहता था। लेकिन प्रजा खुशहाल थी। एक दिन साइरस के दोस्त और पड़ोसी शासक प्रोशियस उनके यहां आए। उनका मिजाज साइरस से बिल्कुल अलग था। उन्हें प्रजा से ज्यादा अपनी खुशहाली की चिंता रहती थी। उनका खजाना हमेशा भरा रहता था। बातों-बातों में जब प्रोशियस को साइरस के खजाने का हाल मालूम हुआ तो उन्होंने साइरस से कहा, अगर आप इसी तरह प्रजा के लिए खजाना लुटाते रहोगे तो एक दिन वह एकदम खाली हो जाएगा। आप कंगाल हो जाओगे।

अगर आप भी मेरी तरह खजाना भरने लगें तो आपकी गिनती मेरी तरह सबसे धनी शासकों में होने लगेगी। साइरस मुस्कराए फिर बोले आप दो दिन ठहरिए मैं इस मामले में लोगों का इम्तिहान लेना चाहता हूं। उन्होंने घोषणा करवा दी कि एक बहुत बड़े काम के लिए साइरस को दौलत की निहायत जरूरत है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रजा मदद करेगी। दो दिन पूरा होने से पहले ही शाही महल के बाहर मोहरों, सिक्कों व जेवरों का बड़ा ढेर लग गया। यह देख प्रोशियस हैरत में पड़ गए। साइरस ने कहा, मैंने रियासत का खजाना लोगों की खुशहाली पर खर्च करके एक तरह से उन्हीं को सौंप दिया है। लोग उसमें इजाफा करते रहते हैं। मुझे जब जरूरत होगी वे मुझे लौटा देंगे जबकि तुम्हारा खजाना बांझ है, वह कोई बढ़ोतरी नहीं कर रहा है।

# प्रकृति की ताकत के आगे असहाय वैज्ञानिक



सनत जैन

दुनिया में प्रकृति को नजर अंदाज करते हुए, मानवीय विकास को लेकर जो नए-नए शोध और कार्य हुए हैं। उनसे प्रकृति को जिस तरह से खुली चुनौती दी जा रही है। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करते हुए मानव विकास की जो नई संरचना तैयार की जा रही है। वह अपनी उच्चतम सीमा में पहुंच चुकी है। इस कारण अब प्रकृति ने भी अपने अस्तित्व को बचाने के लिए प्रतिरोध करना शुरू कर दिया है। जिस मानवीय विकास की संरचना को बनाने में कई दशक लगे। प्रकृति ने उसे एक ही झटके में समाप्त कर, यह बता दिया है, कि सीमा रेखा तोड़ोगे तो उसका फल भी भुगतना पड़ेगा। उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग बेकाबू हो चुकी है। पांइस में स्थित आईटीआई का भवन जंगल की आग में पूरी तरह जल गया है। जंगल की आग नैनीताल हाईकोर्ट तक पहुंच गई है। नैनीताल, भीमताल, रानीखेत, अल्मोड़ा, कमाऊ के जंगल धधक रहे हैं। सेना एवं स्थानीय प्रशासन आग बुझाने में लगी। आग पर काबू पाने में बहुत समय लगा, जिससे जंगल ही बर्बाद हो गया। इसके पहले भी हिमालय की तराई में भू-स्खलन की सैकड़ो घटनाएं हो चुकी हैं। पहाड़ फट रहे हैं। पिछले दो दशकों में हिमालय के पहाड़ों को खोदकर जिस तरह बांध बनाए गए हैं। पावर स्टेशन खड़े किए गए हैं। रोड बनाने के लिए पहाड़ों को काटा गया है। रेल मार्ग के लिए पहाड़ों को एक-दूसरे से जुदा कर दिया गया है। इन सब कृत्यों से शांत पहाड़ों में ऐसा कंपन शुरू कर दिया गया, जिसके कारण हिमालय अब अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए, मानवीय विकास की कल्पनाओं और संरचनाओं को एक ही झटके में धूल-धूसरित कर रहा है।

हिमालय क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पिछले साल ही शिमला, उत्तराखंड के कई इलाकों में भूस्खलन की बड़ी-बड़ी घटनाएं हुई। यहां का मौसम भी बड़ी तेजी के साथ बदलने लगा। अप्रैल के महीने में जून जैसी गर्मी पहाड़ों में पड़ रही है। हिमालय के ग्लेशियर पिघलने लगे। भारत में नहीं, बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप बढ़ रहा है। जो मानवीय एवं प्रकृतिजन्य जीवन के लिए सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। जिस तरह से इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए पहाड़ों और प्राकृतिक संरचनाओं को खोखला किया गया। इसका विरोध समय-समय पर वैज्ञानिकों, साधु संतों और (शंकराचार्यों) ने भी किया था। भारत सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। परिणाम स्वरूप प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थल भी अब सुरक्षित नहीं हैं। अयोध्या मैं रामलला के मंदिर का निर्माण हुआ। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चारों शंकराचार्यों ने कहा, जब तक मंदिर के शिखर का निर्माण नहीं होता है ऐसी अवस्था में भगवान प्राण प्रतिष्ठा नहीं हो सकती है। सरकार ने अहंकार के चलते, सनातन धर्म के सबसे बड़े धर्म गुरुओं (शंकराचार्यों) की बात भी नहीं मानी। जबकि उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा था यदि अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी, तो प्रकृति-जन्य आपदा आना निश्चित है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में चारों शंकराचार्य में से कोई भी शंकराचार्य शामिल नहीं हुआ। अब जिस तरह की प्राकृतिक आपदाएं देखने को मिल रही हैं। उसके बाद यही कहा जा सकता है, प्रकृति के नियमों का पालन नहीं किए जाने पर प्रकृति अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए प्रयास कर रही है। उसे ही प्राकृतिक आपदा कहा जाता है।

यहां केवल भारत की बात नहीं हो रही है। पूरी दुनिया के देशों में जिस तरह से प्रकृति को चुनौती देते हुए मानवीय विकास और मानवीय अहंकार के चलते जिस तरह से विकास और आग्नेयू शास्त्रों के माध्यम से राज करने का जो प्रयास हो रहा है, उसके कारण दुनिया के देश विनाश के रास्ते पर चल पड़े हैं। अब इसे प्राकृतिक आपदा कहें, या ईश्वर का प्रकोप कहें। इसमें सभी एक राय नहीं हो सकते हैं। विकास की इस दौड़ में मानव जाति अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति अथवा ईश्वर को चुनौती देने का काम कर रही है। यही कारण है, कि दुनिया के सारे देशों में अब प्राकृतिक आपदाएं बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही हैं। विकसित राष्ट्र भी अब इससे अछूते नहीं रहे। अमेरिका, यूरोपीय देश, रूस, चीन जैसी महाशक्तियों को भी प्राकृतिक आपदा झेलनी पड़ रही है। अरब के देशों में बाढ़ आ रही है, जहां रेत का समंदर है वहां बारिश का सैलाब बता रहा है कहीं कुछ तो गलत हुआ है। लगातार भूकंप के झटके दुनियां को सचेत कर रहे हैं, सुप्त ज्वालामुखी अब मुंह खोलने को तैयार नजर आने लगे हैं। ये प्राकृतिक आपदाओं से विकास इन्फास्ट्रक्चर नष्ट हो रहा है। वैसे भी मानवीय शक्ति जब-जब भगवान बनने की कोशिश करती है, तब-तब ईश्वर का (प्रकृति) प्रकोप इसी तरह से सामने आता है। इस खतरे की घंटी से सभी को सावधान होने की जरूरत है। भौतिक संसाधन और कृत्रिम विकास अल्पकालीन होते हैं, इन्हें दीर्घकालीन नहीं बनाया जा सकता है। इस तथ्य को सभी को समझना जरूरी है।

# घोषणा पत्र की क्या जरूरत



संजय गोस्वामी




आज कल चुनाव में घोषणा पत्र पर एक दूसरे पर वार पे वार किये जा रहें है इसकी जरुरत ही नहीं क्योंकि दोनों का काम जनता ने देख लिया है वो ना तो घोषणा पत्र का पन्ना पढ़ कर वोट करने वाली है ना ही घोटाला पर किसी के लिए वो घोटाला लगेगा किसी के लिए सोची समझी नीति और कोई कुछ भी ना लें और नोटा पर वोट कर दें इसलिए चुनाव में लोगों की दिलचस्पी नहीं दिखा जो पहले थी अब इसपर नए सिरे से सोचेने की जरुरत है वोट मेरा अधिकार है जिसे देना जरुरी है दरअसल हर 10साल के बाद एंटीइनकॉवेंसी यानि सत्ता पक्ष में कुछ लोगों का विरोध तो होता ही है अब इतनी बड़ी जनसंख्या है 140करोड़ लोगों का देश जब मजदूर को खुश करेंगे तो उद्योगपति को नुकसान होगा और जब मजदूर काम करके भी नहीं खा सकेगा तो ऐ भी उद्योगपति को खुश रखना जैसे होगा,बस सेवा ही एक ऐसा हैजो एक जीवन का हिस्सा है किसी खेल में कोई हारता है कोई जीतता है लेकिन अपशब्द का प्रयोग किसी भी पार्टी के लिए घातक साबित होगी इसमें शांत रहकर लोगों की सेवा करना चाहिए जो जनता के दिल में जगह बनाएगी जो असली प्रेम होगा सेवा करना इंसान को सत्ता या उससे बाहर भी रहकर कर सकते हैं सत्ता में होंगे तो विरोधी आपका टांग खीचेंगे और जब सत्ता में नहीं रहेंगे तो पावर नहीं होगा जीससे आप काम कर सकें लेकिन अनेकों उदाहरण है जो सत्ता से अलग रहकर भी लोगो की सेवा की और उसी आधार पर भगवान राम हो गए जो सबके पूज्य है सेवा के लिए पहली शर्त प्रेम हैं, अर्थात जिसके दिल में प्रेम हैं, वही सेवा कर सकता है। टॉल्स्टॉय ने कहा है, 'प्रेम स्वर्ग का रास्ता है।' बुद्ध का कथन है, 'प्रेम इंसानियत का एक फूल है और है और प्रेम उसका मधु।' रामकृष्ण परंमहंस ने कहा है, 'प्रेम संसार की ज्योति है।' विक्टर ह्यूगों का कहना है, 'जीवन एक फल है और प्रेम उसका मधु।' रामकृष्ण परंमहंस ने कहा है, 'प्रेम अमरता का समुदंर है।' कबीर का कथन है, 'जिस घर में प्रेम नहीं, उसे मरघट समझ–बिना प्राण के साँस लेने वाली लुहार की धौंकनी।'

ढाई अक्षर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होए।। उपरोक्त पंक्ति के रचियता कबीरदास हैं। इस पंक्ति के माध्यम से ये कहना चाह रहें है कि बड़ी बड़ी पुस्तकें पढ़ कर संसार में कितने ही लोग मृत्यु के द्वार पहुँच गए, पर सभी विद्वान न हो सके। अलग–अलग शब्दों में सभी महापुरूषों ने प्रेम का बखान किया है। वास्तव में प्रम मानव-जाति की बुनियाद है। प्रेम ऐसा चुम्बक है, जो सबको अपनी ओर खींच लेता है। जिसके हृदय में प्रेम है, उसके लिए सब अपने हैं। भारतीय संस्कृति में तो सारी पृथ्वी को एक कटुम्ब माना गया है–'वसुधैव कुटुम्बकम्।'

जो सबकों प्रेम करता है, उससे बड़ा दौलतमंद कोई नहीं हो सकता। वह दूसरे के दिल में ऊँची भावना पैदा कर देता है। यदि गुस्सा होकर सूरज धूप और रोशनी न दे, धरती अन्न न दे, हवा प्राण न दे, तो सोचिए, हम लोगों की क्या हालत होगी! और प्रेम

इस तर्क मे बड़ी भूल है। ईश्वर ने सारे इंसानो को एक-सा बनाया है। आदमी आदमी मे कोई अन्तर नही रक्खा। अन्तर तो स्वयं आदमी ने पैदा किया है। एक आदमी दिमाग से काम करता है, दूसरा शरीर से। पहले को हम बड़ा मानते है और उसे अधिक पैसा देते है, दूसरे को किसान-मजूर कहकर छोटा मानते है। और उसकी कम कीमत लगाते है। लेकिन यह न्याय नही है। जो दिमाग काम करता है, उसे भी खाने को अन्न चाहिए और अन्न बिना शरीर की मेहनत के नही मिल सकता। शरीर से काम करे वाले को दिमागी काम करने वाले का सहारा चाहिए। इस तरह दोनों एक-दूसरे के पूरक है। एक के बिना दूसरे का काम नही चल सकता।

पर आज का समाज उन्हें एक-दूसरे का पूरक या साथी मानता कहाँ है? बुद्धि से काम करने वाला शरीर की मेहनत को छोटा और ओछा मानता है और उससे बचता है। वह मानता है कि मजूर से मेहनत लेने का उसे अधिकार है।ईश्वर सच्चिदानन्द है, असीम शक्ति का भंडार है। ईश्वर हमारे लिए एक अनन्त एवं अक्षय शक्तिस्रोत है। यदि आपका आत्मविश्वास विलुप्त हो चुका है, आप प्रभु भक्ति के द्वारा उसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं। भावपूर्ण प्रार्थना करना एक विचित्र संबल देता है। धर्मों के नाम पर परस्पर घृणा का प्रचार करनेवाले तथा युद्ध भड़कानेवाले धर्म के तत्व एवं उद्देश्य को नहीं समझते हैं। संत किसी एक धर्म के खूंटे से नहीं बँधते हैं और सत्य का सत्कार करते हैं, वह चाहे जहाँ भी प्राप्त हो। एक सच्चा मानव मंदिर, गिरजा, गुरुद्वारा, मस्जिद को समान रुप से पवित्र मानता है तथा उसे अनेक मार्गों (धर्मों) के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। अपनी व्यक्तिगत अनुभूति के आधार पर ईश्वरतत्व को पहचानना तथा अपने स्वभाव के अनुसार उसके साथ एक व्यक्तिगत नाता स्थापित करना ईश्वर-प्राप्ति का श्रेष्ठ मार्ग है।अतः घोषणा पत्र पर ध्यान ना देकर काम पर ध्यान देना चाहिए चंद्रयान 3की सफलता ने तो भारत में इतिहास बना दिया अगर घोषणा पत्र पर ध्यान देते तो कुछ नहीं होता एक होकर लगन से काम किया कल किसने देखा है उसकी भविष्यवाणी आज हम नहीं कर सकते है हाँ ऐ जरुर कर सकते है संकट में एक दूसरे के काम आजायेगा।

# मुंबई शिफ्ट हो रहे यूट्यूब सेंसेशन भुवन

एक्टर और यूट्यूब सेंसेशन भुवन बाम दिल्ली से मुंबई शिफ्ट कर रहे हैं। उनका मानना है कि शहर में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। भुवन वर्तमान में ताजा खबर 2 के प्रोजेक्ट की शूटिंग में काफी बिजी हैं। भुवन ने कहा, मैं मुंबई में अपने करियर के इस नए चैप्टर को शुरू करने के लिए रोमांचित हूं। शहर में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। मैंने हमेशा मुंबई की वाइब्रेंट एनर्जी देखी है और उसकी ओर आकर्षित रहा हूं, और अब, चूंकि मेरा काम यहां ज्यादा रहता है, इसलिए मुझे यहां शिफ्ट होना सही लगा। हिमांक गौड़ द्वारा निर्देशित और हुसैन और अब्बास दलाल की जोड़ी द्वारा लिखित ताजा खबर 2 में महेश मांजरेकर, देवेन भोजानी, शिल्पा शुक्ला, प्रथमेश परब, नित्या माथुर और अन्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। बीबी की वाइन्स प्रोडक्शंस के बैनर तले रोहित राज और भुवन बाम द्वारा निर्मित, ताजा खबर 2 जल्द ही डिज्नी+हॉटस्टार पर आएगी।





# पति सूर्या के मनाने पर श्रीकांत में काम करने को तैयार हुईं ज्योतिका

**ज्योतिका** बीते दिनों फिल्म शैतान में नजर आई थीं। अब उनकी अगली फिल्म श्रीकांत भी रिलीज को तैयार है। श्रीकांत के निर्देशक ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि ज्योतिका ने पहले फिल्म करने से इनकार कर दिया था। अभिनेत्री ज्योतिका फिल्मी दुनिया की जानी-मानी हस्ती हैं। उन्होंने हिंदी, तामिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है। हाल में ही वह अभिनेता अजय देवगन और माधवन के साथ शैता में नजर आई थीं। इस फिल्म से उन्होंने हिंदी सिनेमा में वापसी की थी। ज्योतिका, राजकुमार राव की आगामी फिल्म श्रीकांत में एक बार फिर से पर्दे पर नजर आने वाली हैं। हालांकि, इस फिल्म के लिए उन्होंने शैतान से पहले ही हामी भर दी थी। शैतान के बाद ज्योतिका तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित श्रीकांत में दिखने वाली हैं।

इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता राजकुमार राव भी नजर आएंगे, जो फिल्म में श्रीकांत का रोल अदा कर रहे हैं। एक इंटरव्यू में तुषार ने खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए ज्योतिका को उनके पति सूर्या ने राजी किया था। सूर्या साउथ फिल्मों के सुपरस्टार हैं। उन्हें साल 2020 में फिल्म सोरारई पोटरू के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्टीय फिल्म पुरस्कार भी मिल चुका है।

### ज्योतिका ने श्रीकांत को कर दिया था मना

फिल्म श्रीकांत के निर्देशक ने बताया कि वे ज्योतिका के बहुत बड़े फैन हैं। उन्होंने ज्योतिका की कई तामिल फिल्में देखीं थीं। उन्हें हमेशा से लगता था कि ज्योतिका एक बेहतरीन अदाकारा हैं। जब तुषार फिल्म में शिक्षिका के किरदार को लेकर अभिनेत्री के पास पहुंचे तो उन्होंने ये किरदार करने से मना कर दिया। ज्योतिका ने उन्हें ये कहते हुए इनकार कर दिया कि वह इस किरदार को नही निभा पाएंगी। इसके अगले दिन ही अभिनेत्री ने उन्हें वापस से फोन कर घर बुलाया और फिल्म के लिए हां कर दी।



# निमरत कौर ने आगामी फिल्म की बारें में बात की

**अपने** अपकमिंग प्रोजेक्ट की शूटिंग में बिजी एक्ट्रेस निम्रत कौर ने बताया कि रात की शूटिंग के बारे में सबसे अच्छा क्या है। निम्रत मुंबई के मड आइलैंड पर शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पानी, जो नीला दिखाई दे रहा है और उगते सूरज की एक तस्वीर शेयर की। एक्ट्रेस ने इसे कैप्शन दिया, रात की शूटिंग का एकमात्र अच्छा हिस्सा। हालांकि एक्ट्रेस ने मड आइलैंड पर अपनी शूटिंग के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।



# प्रियंका ने किराए पर दिया पुणे वाला बंगला

**एक्ट्रेस** प्रियंका चोपड़ा और उनकी फैमिली ने अपना पुणे वाला बंगला किराए पर दे दिया है?। प्रियंका और उनके पति निक ने पिछले साल मुंबई वाले अपने दो पेंटहाउस भी बेच दिए थे। जानिए प्रियंका और परिवार को हर महीने इस बंगले का कितना किराया मिलेगा। एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने अपना पुणे स्थित बंगला किराए पर दे दिया है, और अब इससे हर महीने वह लाखों रुपये की कमाई करेंगी। प्रियंका के परिवार ने यह बंगला द अर्बन नोमैड्स कम्युनिटी प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्म को 2 लाख रुपये प्रति महीने किराए पर दिया है। एक्ट्रेस की मां मधु चोपड़ा और भाई सिद्धार्थ ने इस फर्म के साथ डील साइन की। मधु चोपड़ा और सिद्धार्थ ने 21 मार्च को रजिस्ट्री करवाई थी। फर्म ने प्रियंका के परिवार को इस बंगले के लिए 6 लाख रुपये का डिपॉजिट भी दिया। अब यह हर महीने 2.06 लाख का किराया भी देगी।

### प्रियंका के पुणे वाले बंगले का एरिया

यह बंगला पुणे के कोरेगांव पार्क में स्थित है। इसका आकार यानी प्लॉट साइज 3754 स्कायर फुट है, जबकि ग्राउंड फ्लोर 2180 स्कायर फुट, बेसमेंट एरिया 950 स्कायर फुट और गार्डन एरिया 2232 स्कायर फुट है। वहीं, पार्किंग एरिया 400 स्कायर फुट है। मालूम हो कि साल 2023 में प्रियंका चोपड़ा और पति निक जोनस ने ओशिवाड़ा के लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में स्थित अपने दो पेंटहाउस 6 करोड़ रुपये में बेच दिए थे। इनका बिल्ट-अप एरिया 2,292 स्कायर फुट था।

# रवि किशन को मिली राहत

● कोर्ट ने खारिज की बेटी का दावा करने वाली शिनोवा की अर्जी



**भोजपुरी** अभिनेता और बीजेपी नेता रवि किशन को डीएनए टेस्ट मामले में डिंडोशी कोर्ट की ओर से राहत मिल गई है। भोजपरी अभिनेता रवि किशन को डीएनए टेस्ट मामले में बड़ी राहत मिली है। मुंबई की डिंडोशी कोर्ट ने शिनोवा नाम की महिला की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें महिला ने अभिनेता रवि किशन के डीएनए टेस्ट करवाने की मांग की थी। शिनोवा शुक्ला की उम्र 25 साल है। शिनोवा खुद को रवि किशन की बेटी बता रही थी। इस बात को साबित करने के लिए महिला ने अभिनेता के डीएनए टेस्ट की मांग की थी, जिसको कोर्ट ने अब खारिज कर दिया है।



# जैकलीन ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय गोद लेने का किया आग्रह

**एक्ट्रेस** व एनिमल लवर जैकलीन फर्नांडीज ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय इन्हें गोद लेने का आग्रह किया। जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर अपने स्टोरी सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में दो पोमेरेनियन, एक हस्की और एक पूडल सहित कई कुत्तों को बीमार अवस्था में देखा जा सकता है।

एक्ट्रेस ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन दिया- खरीददारी न करने और गोद लेने का एक और कारण.. ब्रीडिंग इंडस्ट्री क्रूर और अक्सर अवैध है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, जैकलीन पिछली बार रोहित शेट्टी की सर्कस में नजर आई थी। वह जल्द ही सोनू सूद स्टारर फतेह में दिखाई देंगी। फिल्म में विजय राज भी हैं। इनके अलावा, एक्ट्रेस वेलकम फ्रेंचाइज के तीसरी पार्ट वेलकम टू द जंगल में भी नजर आएंगी, जो कथित तौर पर क्रिसमस पर रिलीज होगी।



# इंस्टाग्राम की सबसे बदनाम ठग पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**लाखों** फॉलोअर बेले गिब्सन सोशल मीडिया के मशहूर नामों में से एक नाम है। साल 2013 की बात है जब उन्होंने पूरी दुनिया के सामने खुद को कैंसर पीड़ित बताया था।

सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक ठग आपको मिल जाएंगे। खुद को मशहूर बनाने के लिए और फॉलोअर्स जुटाने के लिए लोग किस हद तक गिर सकते हैं इस बात को ऑस्ट्रेलियाई इन्फ्लुएंसर बेले गिब्सन ने साबित किया है। वही बेले गिब्सन जिन्हें कभी कॉस्मोपॉलिटन ने सबसे निडर और दिलचस्प महिला का खिताब दिया था। अब खबर आ रही है कि उनकी जिंदगी पर डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया गया है।

### कैंसर के नाम पर जुटाए फॉलोअर

बेले गिब्सन सोशल मीडिया के मशहूर नामों में से एक नाम है। साल 2013 की बात है जब उन्होंने पूरी दुनिया के सामने खुद को कैंसर पीड़ित बताया था।

इतना ही नहीं उन्होंने अपने फॉलोअर्स से यह भी साझा किया था कि वे एक सिंगल-मां हैं। दुनिया ने उनकी बात को सच मान लिया था। रातों-रात उनके लाखों फॉलोअर्स बढ़ गए थे।

# काजोल ने वर्कआउट की तस्वीर की शेयर



**काजोल** ने इंस्टाग्राम पर अपनी पिलेट्स क्लासेस से वर्कआउट की एक मजेदार तस्वीर शेयर की और फैंस से पूछा कि वे यह बताएं उनकी यह तस्वीर एक्सरसाइज से पहले की है या बाद की। फोटो में एक्ट्रेस एथलीजर और सनग्लासेज पहने पिलेट्स मशीन पर लेटी हुई नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, चूंकि हर कोई जानना चाहता है कि मेरा वर्कआउट कैसा दिखता है... यहां एक तस्वीर है... अब बताओ ये वर्कआउट के पहले की है या बाद की। वर्कफ्रंट की बात करें तो, काजोल जल्द ही कृति सेनन और शाहीर शेख के साथ दो पत्ती में दिखाई देंगी। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित, यह रहस्य थ्रिलर फिल्म उत्तर भारत की पहाड़ियों में स्थापित एक मनोरम कहानी को दर्शाएगी।

## संक्षिप्त

### सिरफिरे युवक ने शादी करने जा रही दुल्हन और उसके पिता को मारी गोली, पिता की मौत

डेहरी-ऑन-सोन। रोहतास जिले में दिनारा थाना क्षेत्र के जोगेया मोड़ के पास एक सिरफिरे युवक ने शादी करने जा रही युवती और उसके पिता को गोली मार दिया। गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी पिता की मौत सासाराम इलाज के लिए ले जाने के क्रम में हो गई, जबकि घायल युवती को बनारस इलाज के लिए भेजा गया है। घटना को लेकर एकतरफा प्रेम की भी चर्चा है। गोली मारने वाला युवक उसके बगल का और गोतिया (पट्टीदार) बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दिनारा थाना क्षेत्र के भूई सेमरी डीह निवासी कुंज बिहारी सिंह अपने परिजनों के साथ पुत्री निभा कुमारी की शादी करने के लिए ट्रैक्टर से भलुनी धाम जा रहे थे । तभी गांव का ही एक सिरफिरा युवक गोविन्द कुमार सिंह मोटरसाइकिल से वहां पहुंचकर लड़की को भलुनी जाने से रोकने लगा जब इसके पिता तथा लड़की ने विरोध किया तो युवक ने लड़की तथा उसके पिता को गोली मर दी। गोली लगते ही युवती तथा उसके पिता जख्मी होकर गिर गए। अचानक इस घटना को देख ट्रैक्टर पर सवार अन्य परिजनों में अफरा तफरी मच गई तथा ट्रैक्टर छोड़कर भागने लगे। गोली मारने के बाद युवक फरार हो गया। परिजन घायल पिता - पुत्री को दिनारा पीएचसी में लाए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सासाराम रेफर कर दिया। इसी क्रम में पिता कुंज बिहारी सिंह की मौत हो गई, जबकि युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुए सासाराम से बनारस के लिए रेफर कर दिया गया है।

### रोहतास : झोपड़ी में आग लगने से चार जिंदा जले



**नोखा (रोहतास)।** शनिवार को नोखा प्रखंड के रोपहता गांव में चार लोग आग की चपेट में आने से जिंदा जल गये, जिनकी मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, दोपहर में दिनेश डोम के घर सब सो रहे थे। अचानक उनकी झोंपड़ी में आग लग गयी। देखते ही देखते आग की लपटे खपैड़ल को चपेट में ले लिया। घर में फंसे लोग चिल्लाने लगे। जैसे-तैसे घर से दिनेश की पत्नी शिवरत देवी (उम्र 35 वर्ष) और पुत्र मंटू डोम (उम्र 18 वर्ष) निकलने में कामयाब हुए। हालांकि, आग ने उन्हें इतना झुलसा दिया है कि हालत नाजुक है। वहीं, दिनेश डोम की बहू सचिना खातून (उम्र 26 वर्ष), बेटी किरण कुमारी (उम्र छह वर्ष), बेटी ममता कुमारी (उम्र 13 वर्ष) और सरीता कुमारी (उम्र दो वर्ष) की आग के चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी। लोगों की चिख-पुकार सुनकर जुटे गांव वाले बचाने का प्रयास करते, उसके पहले ही आग ने सबको चपेट में ले लिया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह का खाना बनाकर चूल्हे को बुझाया नहीं था, जिससे दोपहर में चल रहे तेज लू से आग झोंपड़ी पर डाले प्लास्टिक के त्रिपाल पर उड़कर चली गयी और पूरे घर को जला दी। सब जलने के बाद मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंची और साथ ही जायजा लेने अधिकारी भी पहुंचे।

### तालाब के करेंट से मामा-भांजा समेत तीन मरे



**कतरीसराय (नालंदा)।** जिले के कतरीसराय थाना के ताराबिगहा गांव में शनिवार की सुबह मछली पालन वाले तालाब के किनारे लगाये गये करेंट की चपेट में आने से दो मामा और एक भांजे की मौत हो गयी। मृतकों में पंकज (30 वर्ष) और मिट्ठु (34 वर्ष) व उनका भांजा गिरियक निवासी गुलशन कुमार (14 वर्ष) शामिल है। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतकों के घर की दो महिलाएं सदमे में आ गयीं, जिन्हें क्लिनिक में भर्ती कराया है। बताया जाता है कि नवादा के खिरभोजना गांव निवासी प्रमोद महतो की ताराबिगहा में दुकान है और बगल में ही तालाब है, जिसमें वे मछली पालन करते हैं। मछलियों की चोरी से बचाने के लिए उसने तालाब के चारों तरफ करेंट प्रवाहित नंगा तार लगा रखा है। शनिवार सुबह उमेश राम का नाती गुलशन कुमार शौच करने के बाद तालाब में गया तो करेंट की चपेट में आने से तालाब में गिर गया और डूबने लगा। यह देख कर उसे बचाने के लिए उसके मामा पंकज और मिट्ठू तालाब में कूद पड़े। वह दोनों भी करेंट की चपेट में आ गये। इस घटना में तीनों की मौत हो गयी। घटना को लेकर मृतकों के बड़े भाई संतोष राम ने कतरीसराय थाने में तालाब मालिक प्रमोद महतो व उसके पुत्र गुलशन कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### विधवा महिला को सास, ससुर व देवर ने डंडा से बेरहमी से पिटाई कर हाथ तोड़ा, सिर फोड़ा

**सौरबाजार (सहरसा)।** थाना के रामपुर पंचायत स्थित वार्ड 5 बड़सम में जमीन जायदाद हड़पने को लेकर विधवा महिला की सौतेली सास, देवर एवं ससुर सहित परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा बेरहमी से मारपीट कर अधमरा करने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी सौतेली सास रामसखी देवी, ससुर दिलसागर पासवान एवं उनके परिवार के अन्य लोग बेरहमी से लाठी-डंडा से मारते रहे। विधवा के सिर को बेरहमी से पीट कर फोड़ दिया गया। दायें हाथ को तोड़ दिया गया, दोनों पैर को नीचे से उपर तक लाठी डंडा से प्रहार कर जख्मी कर दिया। इस बाबत पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर 8 नामजद व अज्ञात लोगों के विरुद्ध जमीन जायदाद हड़पने को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है। दोषी किसी सूरत में नहीं बचेंगे।

### बच्चे की हत्या कर शव खेत में फेंका



**मोरवा (समस्तीपुर)।** निकासपुर पंचायत में एक बच्चे की हत्या कर उसके शव को मक्का के खेत में फेंक दिया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। उसकी पहचान चंदौली निवासी परविंदर राम के इकलौते पुत्र आर्यन कुमार (6) के रूप में की गयी है। मौके पर जुटी भीड़ शव को उठाने से मना करते हुए डॉग स्क्वायड बुलाने की मांग कर रही थी। बताया जाता है कि बच्चे के घर के बगल में ही तीन दिन पहले बरात आयी थी। इसी क्रम में बच्चा गायब हो गया। जैसे-जैसे रात बीतने लगी। बच्चे की खोजबीन शुरू हुई। अगले दिन इसकी सूचना ताजपुर पुलिस को देते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। ताजपुर थानाध्यक्ष सनी कुमार मौसम ने बताया कि प्राथमिकी के बाद पुलिस ने उसे ढूंढने का प्रयास किया गया, लेकिन सुराग नहीं मिला।

## सीएम नीतीश ने जदयू के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में जोश भरा, कहा

# कार्यकर्ता पिछली बार से भी बड़े अंतर से जीत के लिए करें काम

संवाददाता, पटना



दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव के बाद जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को टास्क देते हुये कहा है कि लोकसभा चुनाव में पिछली बार से बड़े अंतर से जीत हासिल करनी है। इसके लिए जनसंपर्क बढ़ाएं और सरकार की 18 साल की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। महिला सशक्तीकरण की दिशा में हुये काम की जानकारी महिलाओं के बीच जाकर बताएं।

इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद को भी निशाने पर लिया और कहा कि 15 साल में उनलोगों ने कुछ नहीं किया। सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ाया, जबकि हमारा कोई परिवार राजनीति में नहीं है। पूरे बिहार को हम अपना परिवार मानते हैं। मुख्यमंत्री ने यह बातें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वर्चुअल माध्यम से विभिन्न लोकसभा क्षेत्र के पंचायत अध्यक्षों से संवाद के दौरान जदयू प्रदेश मुख्यालय से कहीं।

**सभी तबकों के लिए काम किया:** इस संवाद के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विभिन्न लोकसभा क्षेत्र के पंचायत अध्यक्षों से तीसरे, चौथे और पांचवें चरण में होने वाले चुनाव को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने के लिए पार्टी के तमाम पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर प्राथमिक इकाई के अनेक पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना विचार रखा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संवाद के दौरान कहा कि हमने समाज के सभी तबकों के लिए काम किया है। पहले बिहार की स्वास्थ्य और शिक्षा की स्थिति बदतर हुआ करती थी। 2005 के बाद हमारी सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया।

**पहले शाम होते ही नहीं निकलते थे लोग :** नीतीश कुमार ने कहा कि जब हम केंद्र में मंत्री थे, तो सड़कों की स्थिति बेहद खराब रहती थी, अपने क्षेत्र में हमें पैदल जाना पड़ता था। आज बिहार के सभी क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा सुगम हुई है। 2005 के बाद हिन्दू-मुस्लिम के बीच का झगड़ा बिल्कुल बंद हो गया। पहले शाम होते कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कम मतदान होने से मुख्यमंत्री चिंतित हैं। उन्होंने इस संबंध में जदयू नेताओं से चर्चा कर अधिक से अधिक लोगों से मतदान करवाने की अपील की है। साथ ही कहा है कि चुनाव में वोट प्रतिशत कम होने के कारणों की समीक्षा होगी।इस वर्चुअल बैठक का संचालन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने किया। इस दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और राज्यसभा सांसद सह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार झा ने भी अपने विचार रखे।

## एनडीए के लोग दो चरणों के चुनाव के बाद डिप्रेशन में: तेजस्वी यादव

संवाददाता, पसराहा (खगड़िया)



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि दो चरण के चुनाव बाद एनडीए के लोग डिप्रेशन यानी अवसाद में हैं। देश के किसान, नौजवान, महिला, छात्र, व्यापारी और कर्मचारी जान चुके है कि मोदी है, तो नौकरी मिलना मुश्किल है। मोदी है तो बेरोजगारी हटना मुश्किल है। मोदी है तो महंगाई कम होना मुश्किल है। मोदी है तो मुद्दों पर बात होना मुश्किल है। मोदी है तो स्कूल-अस्पताल पर चर्चा मुश्किल है। मोदी है तो किसानों की आय दोगुनी होना मुश्किल है। वे मड़ैया थाना क्षेत्र के उच्च विद्यालय वैसा के मैदान में महागठबंधन के खगड़िया लोकसभा प्रत्याशी संजय सिंह कुशवाहा के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे। तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री कल दो जगह बिहार में थे। एक बार भी उन्होंने अपने दस वर्षों की किसी एक भी उपलब्धि का जिक्र नहीं किया। मोदी जी इतना झूठ और असत्य बोल चुके हैं कि अब उनके पास बोलने के लिए कुछ भी नहीं बचा। अब वे मुद्दों से भाग रहे हैं।

### ओपी प्रभारी पर अपहरण की प्राथमिकी दर्ज

**रक्सौल।** हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार सिंह पर अपहरण का मामला दर्ज हुआ है। रक्सौल थाना में नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 17 बड़ा परेउआ निवासी बेबी कुमारी ने अपने पति बब्लू पासवान को गायब करने का आरोप हरैया ओपी प्रभारी पर लगाते हुए रक्सौल थाने में आवेदन दिया है।

इसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इधर, इस मामले में केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान शुरू कर दिया है। ओपी प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोप को बेबुनियाद बताया। कहा कि जांच में सब कुछ साफ हो जायेगा। रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि इस मामले में डीएसपी साहब विशेष बता सकते हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज करते हुए सभी बिंदुओं की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस मामले में विधि संवत कार्रवाई कर रही है।

## मोतिहारी में तीन करोड़ की स्पिरिट जब्त

- मुजफ्फरपुर का तस्कर गिरफ्तार

प्रतिनिधि, मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)



पिपराकोठी में स्प्रिट से भरे दो टैंकर पकड़े गये हैं। पुलिस ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर टोयटा कंपनी की अरबन क्रूजर कार भी जब्त हुई है। कार से एक किलो चरस पुलिस ने बरामद की है। गिरफ्तार तस्कर राजेश सिंह मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर का रहने वाला है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि दोनों टैंकर मुजफ्फरपुर की तरफ से आ रहे थे। टैंकरों को एक कार स्कॉट कर रही थी। उसपर तस्कर सवार था। इसकी सूचना मिलते ही एनएच 28 पर पुलिस की चौकसी बढ़ायी गयी। इस दौरान पुलिस की सक्रियता देख चालक टैंकर छोड़ फरार हो गया। कार सवार स्प्रिट तस्कर राजेश पकड़ा गया। गहन पूछताछ में उसने स्प्रिट तस्करी से जुड़े अन्य तस्करों के नाम का खुलासा किया है। उनके नाम व पते का सत्यापन किया जा रहा है। बताया गया कि जिले में अबतक की सबसे बड़ी स्प्रिट की जब्ती है। पुलिस के लिए भी यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि दोनों टैंकर की स्प्रिट मोतिहारी में किसी स्थान पर अनलोड करनी थी। उन्होंने बताया कि जब्त स्प्रिट की कीमत करीब तीन करोड़ है। बताया कि गिरफ्तार राजेश पर मोतीपुर थाने में उत्पाद अधिनियम के तहत पहले से तीन मामले दर्ज हैं। राजेश मुख्य सरगना है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के घर पर चली गोली, पांच गिरफ्तार, राइफल और 44 कारतूस बरामद

संवाददाता, गोपालगंज



शहर के मौनिया चौक के पास शुक्रवार की रात कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गर्ग के घर पर आपसी रंजिश में फायरिंग की गयी। लाइसेंसी राइफल से की गयी फायरिंग से थाना रोड में अफरातफरी मच गयी। फायरिंग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। वहीं, एक लाइसेंसी रायफल और 44 कारतूस के अलावा एक खोखा बरामद किया गया है। महिला के नाम पर हथियार का लाइसेंस पाया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सोनू मिश्रा, अभिषेक रंजन उर्फ मिश्रा, मनु मिश्रा, चंदन मिश्रा और राजकिशोर मिश्रा शामिल हैं।

पुलिस का कहना है कि घर के सामने बैठने को लेकर गाली-गलौज से विवाद शुरू हुआ और बात इतनी बढ़ गयी कि हथियार निकल गये और राइफल से फायरिंग कर दी गयी। घटना की सूचना पर सदर एसडीपीओ प्रांजल, नगर इंस्पेक्टर ओमप्रकाश चौहान समेत पुलिस की कई गाड़ी फोर्स पहुंच गयी। पुलिस ने तुरंत स्थिति को नियंत्रित में किया और तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से पांच लोगों को गिरफ्तार कर हथियार को जब्त कर लिया।

## बेगूसराय में बीते 24 घंटे में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**पटना।** बिहार के बेगूसराय में पिछले 24 घंटे के भीतर 06 लोगों की जान सड़क हादसों में चली गई है। पहली घटना लाखो थाना क्षेत्र के सांई मंदिर के पास एनएच-31 की है, जहां शुक्रवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवक को कुचल दिया। तीनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। डायल 112 की पुलिस टीम ने घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। किशन कुमार की स्थिति गंभीर देखते हुए परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक बलिया थाना क्षेत्र के सदानंदपुर का रहने वाला था। मौत के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है।



दूसरी घटना वीरपुर संजात पथ पर पकड़ी के समीप सड़क हादसे में भवानंदपुर पंचायत का मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना शुक्रवार मध्य रात की है । मृतक दोनों युवक वीरपुर थाना क्षेत्र के भवानंदपुर पंचायत के वार्ड 10 का रहने वाले थे। मृतकों युवक की पहचान मो. मकतूब के 23 वर्षीय पुत्र मोहम्मद इरशाद उर्फ गोरे, दूसरे युवक की पहचान मोहम्मद मेराज हाफिज का 21 वर्षीय बेटे मोहम्मद बली उल्लाह के रूप में हुई है। मृतक दोनों युवक आपस में दोस्त थे। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों युवक मुजफ्फरा की तरफ से वीरपुर की ओर जा रहे थे। उसी दौरान पकड़ी हनुमान मंदिर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने दोनों बाइक सवार युवक को रौंद डाला। जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना पाकर वीरपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। घटना से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

तीसरी घटना शनिवार सुबह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एसएच-55 खम्हार गौतम धाम के निकट आमने-सामने दो बाइक की टक्कर में दो लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं घायल तीसरे युवक की अस्पताल में मौत हो गई। 12 घंटे के भीतर 6 युवकों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत होने की खबर से हड़कंप मच गया है।

## पेज एक का शेष

### कसाब को...

उज्ज्वल देवराव निकम 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मामले में विशेष लोक अभियोजक हैं। इस सीट से भाजपा की पूनम महाजन मौजूदा सांसद हैं। वह दो बार की सांसद हैं। पूनम महाजन भाजपा के दिग्गज नेता रहे दिवंगत प्रमोद महाजन की बेटी हैं।

वर्षा गायकवाड़ से होगा मुकाबला : उज्ज्वल निकम 1993 के मुंबई सिलसिलेवार विस्फोटों और 26/11 हमलों के बाद पकड़े गए एकमात्र आतंकवादी अजमल कसाब के मुकदमे जैसे कई हाई प्रोफाइल मामलों में विशेष लोक अभियोजक रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस की मुंबई इकाई प्रमुख और धारावी से विधायक वर्षा गायकवाड़ से होगा।

### मणिपुर में उग्रवादियों...

पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने मोइरांग पुलिस थाना क्षेत्र के नारानसेना में आईआरबीएन (भारतीय आरक्षित वाहिनी) शिविर पर हमला किया।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''उग्रवादियों ने शिविर को निशाना बनाकर पहाड़ी की चोटियों से अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी रात करीब साढ़े 12 बजे शुरू हुई और देर रात लगभग सवा दो बजे तक जारी रही। आतंकवादियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक बम सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फट गया।''

उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान सीआरपीएफ के उप-निरीक्षक एन। सरकार और हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हमले में निरीक्षक जादव दास और कांस्टेबल आफताब दास छर्रे लगने से घायल हो गए।सीआरपीएफ जवानों को आईआरबीएन शिविर की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। पुलिस ने कहा कि हमले में शामिल लोगों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

### याकूब मेमन की...

इस दौरान पीएम मोदी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को डेंगू-मलेरिया वाले बयान का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की करीबी डीएमके पार्टी वो सनातन को गालियां दे रही है। डीएमके नेता कहते हैं कि सनातन डेंगू, मलेरिया है और जो लोग सनातन के विनाश की बात करते हैं, इंडी अघाड़ी वाले महाराष्ट्र बुलाकर उनका सम्मान करते हैं। ये देखकर बाला साहेब ठाकरे के मन को गहरी चोट लगी होगी। इंडी अघाडी वाले वोट बैंक की राजनीति में इतना गिर गए हैं कि शिवाजी महाराज की धरती पर औरंगजेब को मानने वालों से जाकर मिल गए।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की ये धरती सामाजिक न्याय का प्रतीक है। लेकिन कांग्रेस और इंडी अघाड़ी ने सामाजिक न्याय की हत्या करने की भी ठान ली है। बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करने वाली कांग्रेस अब दलितों और पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डालने की तैयारी में हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि याकूब मेमन की कब्र को संवारने वाले लोग से आप कोल्हापुर, महाराष्ट्र का भाग्य बदलने की उम्मीद नहीं कर सकते। पीएम मोदी ने राहुल गांधी का बिना नाम लिए कहा कि कांग्रेस के शहजादे ने घोषणा की है कि आपकी संपत्ति और महिलाओं के गहने और सोने-चांदी की जांच करवाएंगे। आपकी कमाई को कांग्रेस उन लोगों में बांटेगी, जिसका इस पर पहला हक है, जैसा कि कांग्रेस वाले बताते हैं। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक गिर सकती है।

पीएम मोदी ने रैली की शुरुआत में कहा कि आप सब जानते हैं मैं काशी का सांसद हूं और कई बार काशी आया हूं, ये मेरा सौभाग्य है। कोल्हापुर, महाराष्ट्र का फुटबॉल हब कहा जाता है। फुटबॉल यहां के युवाओं में बहुत पॉपुलर है। इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो कल दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के बाद भाजपा और एनडीए 2.0 से आगे चल रही है। कांग्रेस और इंडी अलायंस ने देश विरोधी और नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर लिए हैं। इसलिए ये पक्का हो गया है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

### कोर्ट ने अंतरिम...

हालांकि, ईडी की विशेष अदालत ने उनकी इस अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दी।

बताते चलें कि, हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन के बड़े भाई का निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बताया जाता है कि वह रांची में ही रहते थे। फिलहाल कोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है ।यहां बता दें कि, हेमंत सोरेन इससे पहले भी अंतरिम जमानत को लेकर याचिका दायर कर चुके हैं। बीते दिनों इस मामले में पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें ईडी ने अपने पक्ष में कहा कि उन्हें अपना जवाब दाखिल करने के लिए और समय दिया जाए। इसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 1 मई का समय तय किया है।

फिलहाल पूर्व मुख्यमंत्री रांची के बिरसा मुंडा होटवार जेल में बंद हैं। 31 जनवरी को ईडी ने उन्हें बड़गाई अंचल के 8.5 एकड़ जमीन के अवैध खरीद बिक्री मामले में गिरफ्तार किया था।बता दें कि, हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में अब तक कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कुछ दिन पहले ईडी ने इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तर किया था। इसमें एक जेएमएम नेता भी शामिल थे।

इससे पहले अंचल अधिकारी भानु प्रताप, आर्किटेक्ट विनोद सिंह, राजकुमार पाहन, अफसर अली खां, मो सद्दाम, प्रदीप बागची, इम्तियाज अहमद, फयाज, तल्हा खान की गिरफ्तारी हो चुकी है। बाद में जेएमएम नेता अंतु तिर्की, ठेकेदार बिपिन सिंह, जमीन कारोबारी प्रियरंजन सहाय, इरशाद की गिरफ्तारी हुई थी।

### सरायकेला सिविल कोर्ट...

बताया जा रहा है कि अनुशासनहीनता को लेकर उनके खिलाफ एक्शन लिया गया है। झारखंड हाईकोर्ट की अनुशासनात्मक कार्रवाई के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार नंबर-तीन ने सीनियर मोस्ट एडीजे को पदभार सौंप दिया है। विजय कुमार का निलंबन अवधि में मुख्यालय झारखंड हाईकोर्ट होगा। रजिस्ट्रार जनरल मोहम्मद शाकिर ने इस मामले की पुष्टि की है।

पीडीजे विजय कुमार के निलंबन के बाद जिला व्यवहार न्यायालय में एडीजे तृतीय के पद पर पदस्थापित कुमार क्रांति प्रसाद को प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। वे अब पीडीजे का कार्य देख रहे हैं। प्रभारी पीडीजे क्रांति प्रसाद न्यायालय में ही डीएलएसए के सचिव के पद पर पहले पदस्थापित थे। पदोन्नति के बाद उन्हें जिला में एडीजे तृतीय बनाया गया था और वे उसी पद पर पदस्थापित थे। अब उन्हें प्रभारी पीडीजे बनाया गया है। बताते चलें कि, सरायकेला-खरसावां जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार इसी माह 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने वाले थे। सेवानिवृत्ति के महज तीन दिन पहले ही वे निलंबित हो गये।

### गढ़वा के विशुनपुरा...

इधर विशुनपुरा के बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा के अपने सरकारी आवास में फांसी लगाने की घटना सुनकर लोग स्तब्ध हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह से ही बीडीओ के आवास का दरवाजा बंद था। जब ब्लॉक (प्रखंड) स्टाफ सिग्नेचर कराने के लिए उनके सरकारी आवास में पहुंचा, तो दिन के तीन बजे तक दरवाजा बंद था। इसके बाद कर्मियों ने विशुनपुरा थाने को इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राहुल सिंह बीडीओ आवास पर पहुंचे। सरकारी आवास की खिड़की से देखा गया, तो बीडीओ का शव रस्सी से झूल रहा था। इसके बाद थाना प्रभारी ने वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना दी। घटना को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## दिल्ली सरकार की लोगों से अपील... जरुरत पड़ने पर घर से निकले

नई दिल्ली । दिल्ली में अभी लू से राहत है,लेकिन दोपहर में तेज धूप निकलने से गर्मी पसीने छुड़ा रही है। यह देखकर दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने एक दिशा-निर्देश जारी करके लोगों को सावधान किया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक लोगों को तेज धूप में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग ने जारी दिशा निर्देश में कहा है कि तेज धूप में अधिक देर तक बाहर रहने से लू लगने की आशंका है। इस स्थिति में लोगों को कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना, उल्टी, घबराहट, सांस व धड़कन तेज होने की समस्या होती है। इसी वजह से दोपहर में गर्मी अधिक होने पर बाहर न निकले और अधिक देर तक धूप में रहने से बचा जाना चाहिए। गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखने से पर्याप्त पानी पीना आवश्यक है। यदि प्यास न लगी हो तब भी थोड़े-थोड़े अंतराल पर पानी जरुर पिएं। घर से बाहर जाते समय पानी की बोतल जरुर ले जाए। नींबू पानी और छाछ का सेवन जरुर करें। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं हो पाती। इसके साथ ही आप मौसमी फलों का सेवन कर सकते है। तरबूज, खरबूजा, संतरा, खीरा व ककड़ी का सेवन अधिक करें। क्योंकि इसमें पानी की मात्रा अधिक होती है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि धूप में बाहर जाते समय काले और ज्यादा गहरे रंग के कपड़े पहनने से परहेज करना चाहिए। दोपहर में निकलते समय सिर को छाता, टोपी या गमछे से ढंक कर रखना चाहिए। अगर घर पर कमरे में तापमान अधिक हो तब भी बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को परेशानी हो सकती है। कमरे को ठंडा जरुर रखें। वहीं चाय, कॉफी, शराब व कार्बोनेटेड साफ्ट ड्रिंक का सेवन नहीं करना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट ने नामों को शार्टलिस्ट करने के लिए अपनाई प्रक्रिया का विवरण मांग

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट रजिस्ट्री से पदोन्नति श्रेणी के तहत राज्य में अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए वरिष्ठ सिविल न्यायाधीशों के नामों को शार्टलिस्ट करने के लिए अपनाई प्रक्रिया का विवरण प्रदान करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान 28 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का समय दिया। अब याचिका पर 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने गुजरात हाई कोर्ट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता वी. गिरी से अपनाई गई चयन प्रक्रिया का विवरण उपलब्ध करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पूछा कि पदोन्नति के लिए न्यायिक अधिकारियों के नाम कैसे तय किए गए। शीर्ष अदालत वरिष्ठ सिविल जज कैडर अधिकारियों, रविकुमार मेहता और सचिन प्रतापराय की याचिका पर सुनवाई कर रही है। इसमें जिला न्यायाधीशों के उच्च कैडर में 68 न्यायिक अधिकारियों के चयन को चुनौती दी गई है। इसके पहले, शीर्ष अदालत ने पदोन्नति को गुजरात राज्य न्यायिक सेवा नियम 2005 का उल्लंघन मानकर सूरत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हंसमुख भाई वर्मा सहित गुजरात के 68 लोअर न्यायिक अधिकारियों के पदोन्नति पर रोक लगा दी थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वर्मा ने ही मानहानि मामले में राहुल गांधी को दोषी करार दिया था।

## देश के चार हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली । देश के चार हवाई अड्डों को बीते दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई-मेल के द्वारा दावा किया गया कि कोलकाता हवाई अड्डे सहित देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। यह ई-मेल मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये ईमेल 26 अप्रैल को मिला था, जिसमें दावा किया कि देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। जानकारी मिलते ही हवाईअड्डों की गहन जांच की गई, जिसमें बाद में ये धमकी अफवाह निकली। बीते दिन जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, इसके बाद हडकंप मच गया। हवाई अड्डे के अधिकारिक फीडबैक आईडी पर शुक्रवार दोपहर में धमकी का ईमेल आया था। इसके बाद हवाई अड्डे के सुरक्षाकर्मियों और बम निरोधक दस्ते ने सर्च ऑपरेशन चलाया। साइबर टीम भी मौके पर पहुंची।

## असम में हाथी का आंतक...दो वन रक्षकों सहित तीन लोगों की मौत

तेजपुर । असम के सोनितपुर जिले में एक जंगली हाथी के हमले में दो वन रक्षकों सहित तीन लोगों की मौत हुई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। एक वन अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पश्चिम तेजपुर प्रभागीय वन अधिकारी निपेन कलिता ने कहा कि जब वनकर्मी इलाके में गश्त कर रहे थे, तभी जंगली हाथी पास के ढेकियाजुली जंगल से भटककर माजुली गांव में घुस गया और तीन लोगों को कुचलकर मौके पर ही मार डाला, जबकि? वन विभाग के एक अन्य कर्मचारी को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान वनरक्षक कोलेश्वर बोरो और बीरेन रावा और स्थानीय व्यक्ति की पहचान जतिन तांती के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति दिबाकर मालाकार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि हाथी को वापस जंगल में धकेलने के प्रयास जारी हैं।

## हेलीकॉप्टर में चढ़ने के दौरान चोटिल हुई ममता

दुर्गापुर । बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी को चोट लगने की खबर सामने आई है। शनिवार को पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में अपने हेलीकॉप्टर में चढ़ने के दौरान एक हादसे में ममता को चोट लगी। हेलीकॉप्टर में चढ़ने के बाद सीट लेते समय सीएम ममता फिसल कर गिर गईं। कथित तौर पर ममता को मामूली चोट लगी। हालांकि उन्होंने आसनसोल की अपनी आगामी यात्रा जारी रखी। बताया जा रहा है कि ममता जब हेलीकॉप्टर में चढ़ रहीं थी, तभी वे सीट के पास पहुंचते ही गिर पड़ीं। उन्हें गिरता देख उनके पास मौजूद सुरक्षाकर्मी ने उन्हें संभाला और उठाकर सीट पर बैठा दिया।

## डोडीताल में मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट खुलेंगे, नाग देवता के आदेश पर पहुंचीं देव डोलियां

उत्तरकाशी । समुद्रतल से करीब 12 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित डोडीताल में मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट आज विधि विधान के साथ सुबह 6 बजे खोल दिए जाएंगे। कपाट खोलने की प्रक्रिया के लिए केलशू घाटी के विभिन्न गांवों की देव डोलियां बृहस्पतिवार शाम को ही अगोड़ा गांव पहुंच गई थीं। शुक्रवार दोपहर अगोड़ा के नाग देवता के आदेश पर देव डोलियां सहित पांडव पश्वा और ग्रामीण डोडीताल के लिए रवाना हुए और देर शाम डोडीताल पहुंच गए। आज सुबह डोडीताल स्थित झील में सभी देव डोलियां, पांडव पश्वा और श्रद्धालु स्नान करेंगे। इसके बाद विशेष पूजा अर्चना के बाद मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट छह माह के लिए श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। मंदिर के मुख्य पुरोहित राधेश्याम खंडूड़ी ने बताया कि इस अवसर पर डोडीताल में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मां अन्नपूर्णा की साधना करने से धन संपत्ति, संतान प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है। डोडीताल को गणेश जन्मभूमि भी कहा जाता है इसलिए मां अन्नपूर्णा के साथ यहां पर भगवान गणेश की पूजा अर्चना भी 6 माह तक होती है।

## वाड्रा बोले- धर्म के नाम पर जो राजनीति कर रहे हैं वो गलत हैं

ऋषिकेश । प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ऋषिकेश त्रिवेणी घाट पर गंगा आरती में शामिल हुए। आरती के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि ऋषिकेश पहुंचकर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त होने से आध्यात्मिक शांति का अनुभव हुआ है। वाड्रा ने कहा कि धर्म के नाम पर जो राजनीति कर रहे हैं वह गलत है। धर्म और राजनीति को अलग-अलग रख जाना चाहिए। भाजपा शासनकाल में आम नागरिकों के असल मुद्दों पर बात नहीं की जाती है। लोगों में डर फैलाना भाजपा के सरकार चलाने का तरीका है। भाजपा चुनाव के दौरान वादे करती है और फिर कोई काम नहीं करती है। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि पहले चरण का चुनाव कांग्रेस के पक्ष में गया है। अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि पूरे देश की पुकार है कि मैं सक्रिय राजनीति में आऊं। मैं देश के लोगों के लिए हमेशा ही निकलता हूं। लोगों के बीच में रहता हूं और समाज के लिए काम करता हूं। मैने 1999 से अमेठी में प्रचार किया और 2004 में भारी बहुमत से सोनिया गांधी को विजयी बनाया है। इस दौरान राजपाल सिंह खरोला, जयेंद्र रमोला, मोहित उनियाल आदि भी उनके साथ थे।

# भाजपा संविधान बदलकर लोकतंत्र को कमजोर करना चाहती है : प्रियंका




**वलसाड (एजेंसी)।** गुजरात में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी के प्रचार में पहुंची कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर जमकर प्रहार किए। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग कई खतरनाक बात कर रहे हैं। वह कहते हैं संविधान बदल देंगे। जिस संविधान से अधिकार मिला है उसे बदलने का क्या मतलब है? दरअसल ये लोग संविधान बदलकर लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं। दक्षिण गुजरात के वलसाड लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनंत पटेल के समर्थन में धरमपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि एक तीर एक कमान, आदिवासी एक समान। चुनाव के समय बहुत सारी बातें हो रही हैं और मैं भी अपने मन की बात रखने आपके समक्ष आई हूं। आप सभी भले ही मुझसे दूर बैठे हों, परंतु मेरे दिल के करीब हैं। करीब इसलिए हैं क्योंकि आप ही इस देश की महान जनता हैं। आप ने ही इस देश को अपने खून-पसीने से बनाया है और इस जमीन को सींचा है। प्रत्येक आंदोलन के वक्त आदिवासी समाज आगे आया है। आजादी की लड़ाई में भी आदिवासी समाज ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। देश की मौजूदा परिस्थित को लेकर प्रियंका गांधी ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी इस कदर बढ़ गई है कि सामने मुश्किल ही मुश्किल नजर आ रही है। आज देश की सामान्य जनता के लिए जीना मुहाल हो गया है। खासकर आदिवासी समाज के लिए। आदिवासी समाज के लिए जल, जंगल और जमीन एक संस्कृति है। प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरी दादी इंदिराजी हमेशा कहा करती थी कि उनके हृदय में सबसे अधिक आदर आदिवासी संस्कृति के लिए है। वह इसलिए कि आदिवासी समाज ने जल, जमीन, जंगल प्रकृति के नियमो का आदर कर जीवन के नियम बनाए हैं। उन्होंने कहा कि देश के आजाद होने के बाद बने संविधान के जरिए सभी समान अधिकार मिला। इसी संविधान ने जल, जंगल, जमीन का अधिकार दिया है। मतदान का अधिकार दिया है। कांग्रेस की महासचिव ने कहा कि आप ने सुना होगा कि भाजपा के नेता संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। लेकिन मोदी मंच पर आते हैं तो कहते हैं कि ऐसी कोई मंशा नहीं है। सच यह है कि मोदी जो करना चाहते हैं उसे छोटे-बड़े नेताओं बुलवा देते हैं और बाद में इंकार भी करते हैं। लेकिन सत्ता पर आते ही वही करते हैं जिसे वह पहले इंकार चुके हैं। भाजपा के नेता संविधान बदलने की कितनी खतरनाक बात कर रहे हैं। इसका मतलब साप है कि वह लोकतंत्र और देश की जनता को कमजोर करना चाहते हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि बीते 10 साल में आप के अधिकारों को मजबूत करने का कोई काम नहीं किया। केवल और केवल आपको कमजोर करने का ही काम किया है। इतना ही नहीं लोकतंत्र को बचाने वाली संस्थाओं को भी कमजोर किया है।

## गर्मी बढ़ी... उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की 31 घटनाएं



देहरादून । गर्मी बढ़ने के साथ ही उत्तराखंड में पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर जंगलों में आग लगने की 31 घटनाएं सामने आईं, इसमें दो व्यक्ति झुलस गए। इस बीच, रूद्रप्रयाग में जंगलों में आग लगाते तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

वन विभाग ने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कुमाउं क्षेत्र में जंगल में आग लगने की 26, जबकि गढ़वाल क्षेत्र में पांच घटनाएं हुईं, जिसमें 33.34 हैक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। इन घटनाओं में 39,440 रुपये की आर्थिक क्षति होने का अनुमान है। पिछले साल एक नवंबर से अब तक प्रदेश में जंगल में आग लगने की कुल 575 घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें 689.89 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ और 14,41,771 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ। उधर, रूद्रप्रयाग के जखोली में दो अलग-अलग वन क्षेत्रों में कथित रूप से आग लगाते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जखोली के तड़ियाल गांव के भेड़पालक नरेश भट्ट को जंगल में आग लगाते हुए पकड़ा लिया गया, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बकरियों को चराने के लिए नयी घास उगाने के लिए उसने जंगल में आग लगायी। दूसरी ओर, उत्तरी जखोली के डंगवाल गांव में हेमंत सिंह एवं भगवती लाल नामक व्यक्तियों को जंगल में आग लगाते हुए पकड़ लिया गया। वन अधिकारी ने बताया कि जंगल में आग लगाने में शामिल अपराधियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

# पहले दो चरण में विपक्ष का सूपड़ा साफ, मतदाताओं ने भाजपा को दिया आशीर्वाद : अमित शाह




**राजकोट (एजेंसी)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले दो चरण के वोटिंग को लेकर आज बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि पहले दो चरणों में विपक्ष का सूपड़ा साफ हो गया है और मतदाताओं ने भाजपा को आशीर्वाद दिया है। पोरबंदर से भाजपा उम्मीदवार मनसुख मांडविया के समर्थन में अमित शाह ने जामकंडोरणा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। भारत माता के जयकारे के साथ अमित शाह अपने भाषण की शुरुआत की और अबकी बार 400 का नारा बुलंद किया। अमित शाह ने कहा फिर एक बार नरेन्द्र मोदी को प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री बनाएंगे। पीएम मोदी के कार्यों को एक हजार से भी अधिक सालों तक याद रखा जाएगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश से नक्सलवाद और आतंकवाद का सफाया हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहनसिंह को मौनी बाबा करा दिया और पाकिस्तान पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक को याद करते अमित शाह ने केन्द्र में मोदी के नेतृत्व में सरकार आने के बाद पाकिस्तान थर थर कांप रहा है। हमने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों का सफाया किया है। अमित शाह ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि खडगे कहते हैं कि राजस्थान और गुजरात के लोगों को कश्मीर से क्या लेना देना? खडगे साहब की उम्र 80 के पार हो गई है और आप अब तक देश को पहचान नहीं पाए। जबकि मेरे जामकंडोरणा का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों के भीतर देश का अर्थतंत्र मजबूत हुआ है और आनेवाले समय में भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वोटबैंक की लालच में कांग्रेस ने दशकों तक अयोध्या के मुद्दे को लटकाए रखा। लेकिन नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही अयोध्या में राम लला के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। कांग्रेस की बदइंतजामी के कारण दशकों तक सौराष्ट्र जलसंकट से जूझता रहा, लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के बाद सौराष्ट्र का जलसंकट खत्म हो गया है। भाजपा की सरकार ने सौनी योजना के जरिए जलापूर्ति सूनिश्चित की है। सौराष्ट्र ही नहीं भाजपा सरकार ने कच्छ तक पानी पहुंचा दिया है। मोदी के शासन में राज्य खासकर तटीय इलाकों में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। सौराष्ट्र में खेती, उद्योग और व्यापार का काफी विकास हुआ है। अमित शाह ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि दो चरणों में हुए मतदान में विपक्ष का सूपड़ा साफ हो गया है। मतदाताओं का भाजपा को भरपूर आशीर्वाद मिला है। उन्होंने कहा कि नरेन्द् मोदी को तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। पीएम मोदी ने गुजरात समेत पूरे भारत का नाम दुनियाभर में रौशन किया है।

## एनआई के एक्शन से... कनाडा और ब्रिटेन में खालिस्तानियों की नींद उड़ी

**–तिरंगे का अपमान करने वाला इंदरपाल सिंह गाबा पकड़ा गया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने खालिस्तानियों पर ऐसा कड़ा प्रहार किया हैं कि अब तिरंगे की तस्वीर देख लेने भर से ही खालिस्तान समर्थकों की रुह कांप जाएगी। भारत द्वारा तिरंगे के अपमान का बदला लेने वाली खबर ने ब्रिटेन से लेकर कनाडा तक में हलचल मचा दी है। याद होगा कि पिछले साल मार्च में 50 खालिस्तानियों के एक झुंड ने लंदन में भारतीय हाई कमीशन पर हमला कर दिया था। तब खालिस्तानियों ने लंदन हाई कमीशन पर लगे तिरंगे का अपमान किया था। लेकिन अब भारतीय हाई कमीशन पर हमले का मुख्य आरोपी इंदरपाल सिंह गाबा पकड़ा गया है। गाबा को एनआईए ने गिरफ्तार किया है। इससे ब्रिटेन और कनाडा में खालिस्तान नेटवर्क के नींद उड़ा दी है।

एनआईए ने बताया कि हाउंस्लो के निवासी गाबा को खालिस्तान समर्थकों के उच्चायोग की इमारत में तोड़फोड़ और 19 मार्च को उच्चायोग की इमारत से भारतीय ध्वज को उतारने वाली घटना में उसकी कथित भूमिका के लिए दिल्ली में गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शनकारियों की तरफ से ये आयोजन ब्रिटेन स्थित सिख कट्टरपंथी और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) नेता अवतार सिंह खांडा के मार्गदर्शन में किया गया था। ये वही खांडा है जिसकी जून 2023 में ब्रिटेन के अस्पताल में मृत्यु हो गई। खांडा खालिस्तानी आतंकवादी जगतार सिंह तारा का करीबी सहयोगी था। खालिस्तानियों की तरफ से यह प्रदर्शन 18 मार्च को वारिस पंजाब प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के प्रतिरोध के तौर पर की गई थी। सिंह वर्तमान में असम की एक उच्च सुरक्षा जेल में बंद हैं। एनआईए ने कहा कि एक बड़ी सफलता में एनआईए ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हिंसक हमले और उसके बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान गैरकानूनी कार्रवाइयों से संबंधित 2023 के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रवक्ता ने कहा कि गाबा को 22 मार्च, 2023 के विरोध प्रदर्शन के दौरान गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए गिरफ्तार किया गया। हालाँकि, एजेंसी ने यह नहीं बताया कि गाबा को हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था या उसके यहाँ आने का उद्देश्य क्या था। एजेंसी ने हमले में उसकी सटीक भूमिका या खालिस्तानी समर्थक नेताओं के साथ उसके संबंध का भी खुलासा नहीं किया।

## अमृतपाल सिंह की राजनीतिक पारी शुरु, खडूर साहिब से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**– यह चुनाव किसी पार्टी मंच से नहीं पंजाब के मुद्दों पर लड़ा जाएगा**

**अमृतसर (एजेंसी)।** वारिस पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह खडूर साहिब लोकसभा चुनाव से अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने जा रहे हैं। यह चुनाव वह किसी पार्टी के मंच पर नहीं लड़ेंगे। अमृतपाल सिंह पंजाब के मुद्दों को अच्छी तरह से जानते हैं और यह चुनाव उन्हीं मुद्दों पर लड़ा जाएगा। लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर उनकी मां बलविंदर कौर ने कहा कि अमृतपाल सिंह पर चुनाव लड़ने का दबाव बनाया जा रहा था और अब वह खडूर साहिब लोकसभा से चुनाव लड़ेंगे। अमृतपाल सिंह, अमृतसर जिले के जल्लूपुर खेड़ा गांव का रहने वाला है। वह 2012 में काम के सिलसिले में दुबई गया था। वहां से सितंबर 2022 को भारत लौटा। सितंबर में ही उसे खालिस्तानी समर्थक दीप सिद्धू के संगठन वारिस पंजाब दे का प्रमुख बनाया गया। अमृतपाल पंजाब के मोगा के रोड गांव से पुलिस हिरासत में लिए जाने के बाद से 23 अप्रैल से डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। वकील-अभिनेता से सामाजिक कार्यकर्ता बने दीप सिद्धू ने वारिस पंजाब दे या पंजाब के वारिस का कार्यभार संभालने के बाद वह युवाओं को बुलाकर खुद को पंथ की स्वतंत्रता की लड़ाई के लिए एक नए आधार के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे थे। 26 जनवरी, 2021 किसान आंदोलन के दौरान लाल किले पर हुई हिंसा के आरोपियों में से एक सिद्धू की फरवरी 2022 में हरियाणा के सोनीपत के पास एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उस साल सितंबर में अमृतपाल सिंह की दस्तार बंदी समारोह रोडे गांव में आयोजित किया गया था, जिसमें अमृतपाल को वारिस पंजाब दे का आधिकारिक प्रमुख बनाया गया था।

# क्या अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करों के साथ शाहजहां शेख के संबंध है?

**–जांच एजेंसियों को है शक, तलाश रही इसका जवाब**

**संदेशखाली (एजेंसी)।** देश के पश्चिम बंगाल राज्य के संदेशखाली में हथियारों के मिलने के बाद जांच एजेंसियों ने जांच का दायरा और बढ़ा दिया है। जांच एजेंसियों को शक है कि जिस तरह के हथियार मिले हैं, उसके तार कहीं आतंकवादी संगठन से तो जुड़े नहीं हैं। अगर ऐसा है तो शाहजहां शेख की इसमें भूमिका क्या है।

सीबीआई और अन्य जांच एजेंसियां भी इस सवाल का जवाब तलाशने में लगी हैं। वहीं, सुरक्षा बल अभी भी वहां अपनी तलाश जारी रखे हुए हैं। जानकारों के मुताबिक विदेशी हथियार रखने का मतलब अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी गिरोहों के साथ संबंध होना दर्शाता है। अब सवाल उठ रहा है कि तो क्या शाहजहां के किसी अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करों के साथ संबंध हैं? चुनावों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के सामने यह सवाल उठना स्वाभाविक है। क्या कोई अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन इस हथियार तस्करी से जुड़ा है? शाहजहां इसमें कैसे जुड़ा है। कैसे होती थी हथियारों की तस्करी? शाहजहां के बांग्लादेश में रोहिंग्या कैंप के दौरे का इससे क्या संबंध है? तो क्या शाहजहां सीधे तौर पर रोहिंग्या को घुसपैठ कराने और शरण देने में शामिल है?

सीबीआई की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में तस्वीरों के साथ दावा किया गया है कि हथियारों के साथ कुछ दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। जेल में बंद तृणमूल नेता शाहजहां का सचित्र पहचान पत्र भी है। शाम को सीबीआई ने कहा, तीन विदेशी रिवॉल्वर, एक भारतीय रिवॉल्वर, कोल्ट कंपनी द्वारा निर्मित पुलिस द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक रिवॉल्वर, एक विदेशी पिस्तौल, एक घरेलू बंदूक, 9 मिमी की 120 गोलियां, प्वाइंट 45 कैलिबर की 50 कारतूस, 9 एमएम के 120 कारतूस, प्वाइंट 380 के 50 कारतूस और प्वाइंट 32 के 8 कारतूस बरामद किए गए। सीबीआई का दावा है कि इसके अलावा शाहजहां की फोटो और पहचान वाले कुछ पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। सीबीआई सूत्रों के अनुसार, सीबीआई को संदेश था कि 5 जनवरी को जब ईडी ने संदेशखली में छापेमारी की थी, तब संदिग्ध दस्तावेज शाहजहां के सहयोगियों के घर में छिपाए गए गए हो सकते हैं। इस आधार पर शुक्रवार को सीबीआई ने शाहजहां के दो सहयोगियों के घर पर छापेमारी की। वहां से हथियार और दस्तावेज बरामद किए गए। इस पूरे घनटनाक्रम पर तृणमूल कांग्रेस ने इसे साजिश करार दिया है। तृणमूल ने कहा है रोबोट बुलाकर नाटक किया जा रहा है। तृणमूल नेता कुणाल घोष एक्स हैंडल पर लिखा, ÷दिल्ली में संदिग्ध मुद्दे को जीवित रखने के लिए रची गई साजिश के तहत नाटकीय काम करके वोट को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। एक पूर्व निर्धारित नाटक का मंचन किया जा रहा है। खबर फैलाकर, यंत्र को उतारकर का बाजार गर्म किया जा रहा है। पुलिस को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में ईडी, सीबीआई और एनआईए के बाद एनएसजी को भी उतरना पड़ा। कहा कि सीएम ममता के कार्यकाल में शाहजहां जिस तरह से बढ़ा, उससे ममता ने सीएम बने रहने का नैतिक अधिकार खो दिया है।

# महाराष्ट्र में किसी मुसलमान को क्यों नहीं मिला टिकट : आरिफ

**– प्रचारक समिति से इस्तीफा दिया**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र कांग्रेस नेता मोहम्मद आरिफ (नसीम खान) ने महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव 2024 प्रचारक समिति से इस्तीफा दिया है। आरिफ ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर किसी भी मुस्लिम नेता को टिकट न देने पर नाराजगी जाहिर की थी। जिसके बाद एआईएमआईएम ने उन्हें खुला ऑफर दिया है।

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करने के बाद कांग्रेस में बगावत देखने को मिल रही है। टिकट बंटवारे को लेकर महाराष्ट्र कांग्रेस नेता मोहम्मद आरिफ ने महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव 2024 प्रचारक समिति से इस्तीफा दे दिया है। दरअसल, आरिफ ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को पत्र लिखकर चुनाव प्रचार में हिस्सा न लेने की बात कहकर कांग्रेस की प्रचारक समिति से इस्तीफा दिया था। आरिफ ने कहा, खरगे जी, मैं आपका धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस प्रचार समिति का हिस्सा बनाया, लेकिन मैं मुस्लिम समुदाय का नेता हूं और मुसलमान मुझसे पूछ रहे हैं कि पार्टी ने किसी मुस्लिम उम्मीदवारों के लिए कोई सीट क्यों नहीं दी। इस कारण मैं उन लोगों को मुंह नहीं दिखा पाउंगा और प्रचार नहीं कर पाउंगा। लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि कांग्रेस को मुस्लिमों का वोट चाहिए, लेकिन मुस्लिम उम्मीदवार नहीं।

वहीं आरिफ के कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को लिखे पत्र के बाद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने उन्हें खुला ऑफर दिया है। महाराष्ट्र एआईएमआईएम अध्यक्ष इम्तियाज जलील ने कहा कि आपने सिर्फ स्टार प्रचारक के पद से इस्तीफा क्यों दिया। आपको उस पार्टी से इस्तीफा दे देना चाहिए, जो केवल मुस्लिम वोट चाहती है लेकिन उनका नेतृत्व नहीं। अगर आप हमारी पार्टी में आते हैं, तब हम आपको मुंबई से सीट देने के लिए तैयार हैं। यह अलग बात है कि आरिफ ने औवेसी की पार्टी के न्यौते को ठुकरा दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों और हर जाति को समान अवसर दिए। उन्होंने कहा कि मैं एआईएमआईएम को उनके प्रस्ताव के लिए धन्यवाद देता हूं, लेकिन मैं इस स्वीकार




नहीं करूंगा, क्योंकि मैं कांग्रेस के साथ हूं और कांग्रेस में रहूंगा।

# गुजरात टाइटंस का आरसीबी से मुकाबला आज

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल में रविवार को यहां गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। गुजरात को जहां पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं आरसीबी ने अपने पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबार को हराकर अपनी लय हासिल करने का प्रयास किया है। अंक तालिका की बात करें तो गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। वहीं आरसीबी चार अंकों के साथ ही सबसे नीचे दसवें नंबर पर है।

गुजरात जायंट्स को अगर इस मैच में जी दर्ज करनी है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर अंकुश लगाना होगा। विराट ने इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाये हैं। इसके साथ ही उसे आरसीबी के मध्यक्रम को भी रन बनाने से रोकना होगा। गुजरात की टीम का अगर प्लेऑफ के लिए संभावनाएं रखनी हैं तो उसे हर हाल में जीत हासिल करनी होगी।

गुजरात के तेज गेंदबाजों को सुधार की जरुरत है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। उसके गेंदबाजों मोहित शर्मा , उमेश यादव, संदीप वारियर ने अब तक काफी रन दिये हैं जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे अन्य तेज गेंदबाज भी विफल रहे हैं। उनके स्पिनर राशिद खान , आर साई किशोर और नूर अहमद भी अब तक उम्मीद के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं, राशिद ने हालांकि निचले क्रम पर फिनिशर की अच्छी जिम्मेदारी निभाई है।

उसके गेंदबाजों को आरसीबी के मध्यक्रम में मौजूद रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन से सावधान रहना होगा। रजत भी पिछले कुछ मैचों से लय में आ गये हैं। वह स्पिनरों के खिलाफ बेहद आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में स्पिनरों पर हमला करते हुए अर्धशतक लगाये हैं। वहीं ग्रीन ने भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 20 गेंद में 37 रन की पारी खेली थी।

इसके अलावा निचले क्रम में आरसीबी के पास दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर जैसे बल्लेबाज हैं। विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी ने सभी मैचों में टीम को अच्छी शुरुआत दिलायी है।




गेंदबाजी की बात करें तो आरसीबी इसमें कमजोर रही है। उसके मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल के अलावा कैमरन ग्रीन ने अब तक निराशा किया है। स्पिनरों की बात करें तो लेग स्पिनर कर्ण शर्मा भी साधारण रहे हैं।

दूसरी ओर गुजरात की बल्लेबाजी कप्तान शुभमन गिल के अलावा साई सुदर्शन पर आधारित रही है। इनके अलावा डेविड मिलर , विजय शंकर और राहुल तेवतिया जैसे खिलाड़ी भी उसके पास हैं पर ये सभी अब तक टीम को बड़े स्कोर तक नहीं पहुंचा पाये हैं। इस प्रकार देखा जाये तो ये मुकाबला बराबरी का रहेगा।

### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार वैश्यक। आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**गुजरात टाइटन्स-** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकांडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बी आर शरथ।

# आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए युवराज को ब्रांड एम्बेसडर बनाया




**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को जून में होने वाले आईसीसी ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। आईसीसी ने एक कार्यक्रम में युवराज को ब्रांड एम्बेसडर बनाये जाने की पुष्टि की है। युवराज ने टी20 विश्व कप के पहले ही संस्करण में एक ओवर में छह छक्के लगाये थे। उसी के प्रति सम्मान व्यक्त करने आईसीसी ने उन्हें ब्रांड एमबेस्डर बनाया है।

इससे पहले वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और दिग्गज एथलीट उसेन बोल्ट को भी इस टूर्नामेंट के लिए ब्रांड एम्बेस्डर बनाया गया था। युवराज ब्रांड एमबेस्डर के तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका में टी20 विश्व कप से पहले और उसके दौरान विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में भाग लेंगे जिसमें 9 जून को न्यूयॉर्क में भारत और पाकिस्तान मैच भी शामिल है।

युवराज ने उन्हें ब्रांड एम्बेसडर बनाये जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे वह सम्मानित अनुभव कर रहे हैं। इस पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने इस पर कहा, टी20 विश्व कप में खेलने से मेरी कुछ सबसे अच्छी क्रिकेट यादें जुड़ी हैं, जिसमें एक ओवर में छह छक्के लगाना भी शामिल रहा है, इसलिए इस संस्करण का हिस्सा बनना बहुत खुशी की बात है।

उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज क्रिकेट खेलने के लिए एक शानदार जगह है, जहां प्रशंसक इसे देखने के लिए आते हैं और एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दुनिया के उस हिस्से के लिए पूरी तरह से अनोखा है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में भी क्रिकेट का विस्तार हो रहा है और मैं उस विकास का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं।

वहीं आईसीसी महाप्रबंधक विपणन और संचार क्लेयर फर्लांग ने युवराज को ब्रांड एम्बेस्डर के रूप में नियुक्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, युवराज को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के ब्रांड एम्बेस्डर के रूप में नियुक्त करना सम्मान की बात है। उनका नाम टी20 विश्व कप का पर्याय है।

## देश में बढ़ रही महिला फुटबॉल की लोकप्रियता



**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** देश में महिला फुटबॉल की लोकपियता बढ़ने के साथ ही इसमें आने वाली प्रतिभाओं की तादाद भी बढ़ी है। महिला फुटबॉल लीग के शुरु होने से भी इस खेल के प्रति आकर्षण बढ़ा है। देश की कुछ खिलाड़ी अब विदेशी लीग में भी खेल रही हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार पिछले दो साल में महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की संख्या में 138 फीसदी की बढ़त आई है। अभी भारतीय महिला टीम फीफा रैंकिंग में 66वें नंबर पर है। टीम की पांच खिलाड़ी मानुषा कल्याण, ज्योति चौहान, एमके कश्मीना, किरण पिस्दा और ई पान्थोई विदेश की बड़ी लीग में खेलती हैं। वहीं जानकारों के अनुसार महिला टीम के अब विश्व कप में क्वालीफाई करने की संभावना भी बढ़ती जार रही हैं। इसलिए फुटबॉल संघ को उनकी और अधिक सहायता करनी चाहिए। महिला फुटबॉल लीग में अब अब होम और अवे मैच (घरेलू और बाहर के मैदान) का प्रारुप भी शुरू कर दिया है। इसके साथ ही इस सत्र में दूसरी श्रेणी की लीग आईडब्ल्यूएल 2 भी शुरू हुई है, जिसमें से 15 टीमों में से 2 टीमों को प्रमोशन मिलेगा। वहीं जितनी ज्यादा टीमें होंगी। उतने ही खिलाड़ियों को खेलने के अधिक अवसर मिलेंगे। अभी दो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की महिला टीमें भी हैं। साथ ही तीन बार की चैंपियन गोकुलम केरला भी है, जो विदेशों में प्रतियोगिता खेलने वाली भारत की पहली महिला टीम थी। अब यह भी बदलाव हुआ है कि महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को क्लब पेशेवर अनुबंध भी देने लगे हैं। इससे खिलाड़ियों को अच्छी रकम भी मिल रही हैं।

# तिलक-हार्दिक की पारी गई बेकार, दिल्ली ने मुंबई को हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2024 के 43वां मैच में 10 रन से जीत दर्ज की है। दिल्ली ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए जेक फ्रेजर-मैकगर्क की 27 गेंदों पर 11 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 84 रन की धमाकेदार पारी की बदौलत 4 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाए। इसके जवाब में उतरी मुंबई की शुरूआत भले ही धीमी रही लेकिन तिलक वर्मा (63) और हार्दिक पांड्या (46) ने उम्मीद जगाई लेकिन 247/9 के स्कोर के साथ लक्ष्य को भेदने में नाकाम रहे।



पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई दिल्ली ने पहले ही ओवर में तेवर जाहिर कर दिये थे जब ल्यूक वुड को जैक ने तीन चौके और एक छक्का जड़ा। दूसरे ओवर में आए जसप्रीत बुमराह को भी उन्होंने नहीं बख्शा और पहली गेंद पर लांग आन में छक्का, दूसरी पर मिडआन में चौका तथा छठी गेंद पर मिडविकेट में चौके समेत 18 रन निकाले। इस सत्र में शानदार फॉर्म में दिख रहे बुमराह का यह सबसे महंगा ओवर रहा। तीसरे ओवर में नुवान तुषारा को पोरेल ने मिडआफ पर चौका जड़ा। इसके बाद मैकगुर्क ने कवर्स, फाइन लेग और स्ट्रेट में तीन चौके लगाकर रनगति को तूफानी गति से बढाए रखा।

उन्होंने अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला के अगले ओवर में छक्का लगाया और इसी ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया। पांचवें ओवर में मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या गेंदबाजी के लिए आए तो मैदान पर 'रोहित रोहित% का शोर गूंजने लगा। खराब फॉर्म में चल रहे हार्दिक ने अपने पहले ही ओवर में 20 रन लुटाये और मैकगुर्क ने उन्हें दो छक्के तथा दो चौके जड़ डाले। बुमराह ने छठे ओवर में दबाव कुछ कम करने की कोशिश करते हुए सिर्फ तीन रन दिए। दिल्ली ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 92 रन बनाए। हार्दिक को सातवें ओवर में पोरेल ने नसीहत दी और दो चौके तथा दो छक्कों समेत 21 रन निकाले।

खतरनाक हो चुकी इस साझेदारी को आखिरकार आठवें ओवर में चावला ने तोड़ा जब उनकी गेंद पर मैकगुर्क ने मिडविकेट में मोहम्मद नबी को कैच थमाया। वहीं पोरेल भी दसवें ओवर में नबी का शिकार हुए और आगे बढकर खेलने के प्रयास में ईशान किशन की चुस्त स्टम्पिंग पर विकेट गंवा बैठे। उन्होंने 27 गेंद में 36 रन बनाए जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था। दोनों जमे हुए बल्लेबाजों के आउट होने के बाद शाई होप ने जिम्मा संभाला और अगले ओवर में चावला को लांग आन पर छक्का लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की। उन्होंने 12वें ओवर में नबी को भी दो छक्के लगाए।

बेहतरीन फॉर्म में चल रहे दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने नुवान तुषारा को अगले ओवर में एक चौका और एक छक्का जड़कर दर्शकों को खुश कर दिया। वुड को दूसरे स्पैल में पहली दो गेंद पर होप ने छक्के जड़े लेकिन तीसरा छक्का लगाने के प्रयास में डीप मिडविकेट सीमारेखा के सामने तिलक वर्मा को कैच दे बैठे। उन्होंने 17 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। पंत 19 गेंउ में 29 रन बनाकर आउट हुए जिन्हें बुमराह ने रोहित शर्मा के हाथों लपकवाया। मुंबई के सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए। वुड ने 17 की इकॉनामी रेट से तो नुवान तुषारा ने 14 रन प्रति ओवर की दर से रन दिये ।सबसे महंगे हार्दिक रहे जिन्होंने दो ओवर में 41 रन दिए।

## मयंक ने नेट अभ्यास शुरु किया, शीघ्र खेलते नजर आयेंगे : श्रीधरन

लखनऊ ।लखनऊ सुपर जाइंट्स के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम ने कहा है कि युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव ने नेट अभ्यास शुरु कर दिया है और वह शीघ्र ही खेल में भी वापसी करेंगे। मयंक ने इस आईपीएल सत्र में पदार्पण के साथ ही पहले 2 मैचों में अपनी तूफानी रफ्तार से टीम को जीत दिलायी थी पर तीसरे मैच में उनके पेट की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था जिसके बाद से ही वह खेल से दूर हैं ।इसके बाद डॉक्टरों ने मयंक को आराम की सलाह दी थी । अब वह तीन सप्ताह के आराम के बाद एक बार फिर नेट अभ्यास की ओर लौट गये हैं । 21 साल के इस तेज गेंदबाज ने अपने पहले दो मैचों में लगातार 3-3 विकेट लिए और लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पार करके सभी को हैरान कर दिया था । कोच श्रीधरन ने कहा कि वह आज नेट में गेंदबाजी कर रहा है । हम देखेंगे कि वह कैसे गेंदबाजी करता है । वह फिर से खेलने के काफी करीब है ये तो तय है ।



## ऋषभ के शानदार प्रदर्शन से इस क्रिकेटर की वापसी हुई मुश्किल



नई दिल्ली। विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ पंत ने आईपीएल में वापसी के बाद से ही शानदार प्रदर्शन किया है। ऋषभ ने जिस प्रकार से बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग की है उससे युवा ईशान किशान सहित अन्य विकेटकीपरों के लिए अब टीम में जगह बनाना बेहद मुश्किल रहेगा। ऋषभ ने आईपीएल के 9 मैचों में 48.86 के औसत से 342 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 161.32 के तूफानी स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए तीन अर्धशतक भी लगाये हैं। ऐसे में जून में होने वाले टी20 विश्व कप में वह विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर सबसे बड़े दावेदार बनकर उभरे हैं। वहीं ईशान का प्रदर्शन आईपीएल में भी अब तक कुछ खास नहीं रहा है। उन्होंने आईपीएल से पहले जिस प्रकार से घरेलू और टेस्ट क्रिकेट से दूरी बनायी उससे भी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नाराजगी जतायी थी। इसे में अब उनके लिए एक बार फिर भारतीय टीम में जगह बनाना कठिन होगा। टी20 विश्वकप में भी उन्हें शायद ही जगह मिले। इसका कारण है कि ईशान टीम इंडिया में बतौर विकेटकीपर खेलते हैं और वह विशेषज्ञ बल्लेबाज नहीं है। ऐसे में उनकी राह और भी कठिन हो गयी है क्योंकि इस समस विकेटकीपर के लिए संजू सैमसन , केएल राहुल सहित कई और विकल्प उपलब्ध हैं।

# आईपीएल 2024 : हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए बेताब होगी सीएसके

**चेन्नई (एजेंसी) ।** लगातार हार का सामना करने वाली गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है।

सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं। इसलिये सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जायेगी।

सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है। लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान गायकवाड़ और फॉर्म में चल रहे शिवम दुबे के इर्द गिर्द घूमती है। गायकवाड़ ने इस सत्र में अपना दूसरा आईपीएल शतक बनाया है और दुबे ने भी एक और अर्धशतक जड़कर प्रभावित किया।

रविंद्र जडेजा ने भी बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन शीर्ष क्रम का अनिरंतर प्रदर्शन टीम के लिए एक समस्या बनी हुई है। रचिन रविंद्र और डेरिल मिचेल रन नहीं जुटा पा रहे हैं जो चिंता का विषय है। इसके कारण ही सीएसके को अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

गेंदबाजी की बात की जाए तो टीम को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ काफी मुश्किल हुई और चेपक में ओस ने उनके स्पिनरों को बेअसर कर दिया जिससे मेहमान टीम ने 213 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। तेज गेंदबाजों ने लखनऊ की टीम के चार विकेट झटक लिये लेकिन स्पिनर जूझते नजर आए और खराब क्षेत्ररक्षण ने उसकी उम्मीदों पर पानी फैर दिया।






वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की बात की जाये तो आत्मविश्वास से भरी टीम को गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से घरेलू मैदान पर सत्र की तीसरी हार झेलनी पड़ी। हालांकि इससे उसके बल्लेबाजों की लय में रूकावट नहीं होगी और वे सीएसके के खिलाफ मिले हर मौके का फायदा उठाना चाहेंगे। आरसीबी के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद का शीर्ष और मध्य क्रम नाकाम रहा और मुख्य कोच डेनियल विटोरी को यह स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना शायद सही नहीं होगा। मेहमान टीम के बल्लेबाजी क्रम में कोई फेरबदल होने की संभावना नहीं है। लेकिन ऐडन मार्कराम को रन जुटाने की जरूरत है जो पिछले दो मैच में इकाई के अंक पर आउट हुए।

गेंदबाजी में सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पिछले तीन मुकाबलों में सिर्फ एक विकेट ले पाये हैं। उमरान मलिक, फजलहक फारूकी और आकाश सिंह जैसे खिलाड़ी खेलने का इंतजार कर रहे हैं जिससे सनराइजर्स हैदराबाद एक बार उन्हें मौका देने के बारे में सोच सकती है, विशेषकर जम्मू के तेज गेंदबाज को क्योंकि वह 150 किमी प्रति घंटे से रफ्तार से गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं।

### टीम

**चेन्नई सुपर किंग्स -** रचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेरिल मिशेल, शिवम दुबे, अजिंक्य रहाणे, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेटकीपर), दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मथीशा पथिराना, मुस्तफिजुर रहमान

**सनराइजर्स हैदराबाद -** अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), एडेन मार्कराम, नितीश रेड्डी, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, मयंक मारकंडे, जयदेव उनादकट

# आईपीएल में पंजाब-केकेआर मैच में बने कई रिकार्ड

कोलकाता ।आईपीएल के 2024 सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच हुए मुकाबले में कई रिकार्ड बने हैं ।इसमें दोनो ही टीम के ओपनरों ने अर्धशतक लगाये । वहीं इनका स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा रहा । इस मैच में पहले खेलते हुए केकेआर 261 रन बनाने के बाद भी हार गयी ।इससे पहले कोई भी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए इतने रन बनाकर आउट नहीं हुई थी । पंजाब किंग्स ने 8 गेंद बाकी रहते ही ये मुकाबला जीत लिया । यह टी20 में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ा स्कोर था । इस मैच में चारों ही सलामी बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाये । इसमें केकेआर की ओर से फिल साल्ट ने 37 गेंदों पर 75 रन बनाए । वहीं सुनील नरेन ने 71 रन निकले । इनके बीच पहले विकेट के लिए 138 रनों की साझेदारी हुई । वहीं पंजाब किंग्स की ओर से प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंद पर 54 रनों की पारी खेली तो जॉनी बेयरस्टो ने 48 गेंद पर नाबाद 108 रन बनाये ।इन सभी का स्ट्राइक रेट 200 से टी20 क्रिकेट में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी मैच में चारों ही सलामी बल्लेबाजों ने 50 से ज्यादा का स्कोर 200 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बनाया है । इस मैच में तकरीबन हर बल्लेबाज से 160 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से रन बनाए । वहीं पंजाब के चार बल्लेबाज क्रीज पर उतरे और उसमें तीन का स्ट्राइक रेट 220 से ऊपर का रहा ।बेयरस्टो के शतक से पंजाब किंग्स ने टी20 क्रिकेट के इतिहास में लक्ष्य पीछा करते हुए सबसे बड़े स्कोर को हासिल किया । वहीं इससे पहले आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स ने इसी सत्र में केकेआर के खिलाफ 224 रन का लक्ष्य हासिल किया था ।

# हार से निराश श्रेयर बोले , हमें हालातों के अनुसार ढलना होगा



कोलकाता । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल के लीग मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार से निराश नजर आये । अय्यर ने हालांकि हार के लिए किसी को दोष नहीं दिया है उन्होंने कहा कि हमें हालातों के अनुरुप ढ़लकर फिर से अपनी रणनीति बनानी होगी । केकेआर की टीम इस मैच में 262 रनों के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पायी जो टीम के लिए चिन्ता की बाज जरुर है ।इससे पता चलता है कि टीम की गेंदबाजी अच्छी नहीं है ।इस मैच में ईडन गार्डन्स के मैदान पर पंजाब किंग्स के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया था इससे बाद भी उसे असफलता मिली । उनके बल्लेबाजों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 261 रन बनाये पर ये जीत के लिए काफी नहीं थे ।पंजाब किंग्स की ओर से जॉनी बेयरस्टो ने मैदान पर आते ही अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से बाजी पलट दी । 262 रनों का असंभव दिख रहे लक्ष्य को पंजाब किंग्स ने एक ओवर और दो गेंद पहले ही हासिल कर लिया । अय्यर ने मैच के बाद कहा कि टॉस के समय अगर उन्हें 261 रन दिए जाते तो वह आराम से इसे स्वीकार कर लेते । अय्यर ने कहा, जिस तरह से पंजाब के बल्लेबाजों ने बल्लेबाजी की उससे मैच उनके हाथ से फिसल गया । उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और यह देखना एक सुखद अनुभव था । अय्यर के अनुसार दोनों टीमों ने बेहतरीन क्रिकेट खेला । उन्होंने कहा, दोनों टीमों ने जबरदस्त खेल दिखाया । यह उन मैचों में से एक रहा जहां आप देखते हैं कि कहां गलती हुई, खासकर जब 260 का स्कोर भी नहीं बच पाया ।हमें अब हालातों के अनुरुप ढलना होगा और अगले मैच के लिए बेहतर रणनीति बनानी होगी ।

# भाला फेंक खिलाड़ी जेना दोहा चरण से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना 10 मई को डायमंड लीग के दोहा चरण से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। वह 28 मई को ओस्ट्रावा, चेक गणराज्य में गोल्डन स्पाइक और सात जुलाई को डायमंड लीग के पेरिस चरण में भाग लेंगे। इस खिलाड़ी ने कहा कि डायमंड में बेहतर प्रदर्शन पर उनकी नजरें इसलिए लगी हुई हैं क्योंकि इससे मनोबल बढ़ता है।

इस खिलाड़ी ने साथ ही कहा कि आजकली देश में सभी प्रकार की सहायता एथलीटों को मिल रही है। जेना ने कहा, देश में अब खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मिल रही हैं। अब सफलता के लिए केवल उन्हें अपने पर भरोसा रखना होगा। जेना का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को अपनी विचार धारा में सुधार करना होगा। उन्हें ये समझना होगा कि वे किसे से भी पीछे नहीं हैं।

जेना का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को यह सोचने की जरूरत है कि वे किसी ने कम नहीं है क्योंकि देश में एथलीटों के लिए अभी पर्याप्त सुविधाएं हैं। जेना ने टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत ही वह पिछले दो माह तक गोल्ड कोस्ट में 35-दिवसीय प्रशिक्षण के लिए गये थे। उन्होंने कहा कि गोल्ड कोस्ट में प्रशिक्षण के अनुकूल मौसम के अलावा ऐसा कुछ भी नहीं था जो भारत में उन्हें नहीं मिल सकता था। जेना ने कहा, '' हमारे पास यहां सब कुछ है, मैंने एनआईएस पटियाला में प्रशिक्षण लिया जहां सुविधाएं विश्व स्तरीय हैं।



इस दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण काफी अच्छी तरह से खिलाड़ियों का ध्यान रखता है। खिलाड़ियों को सभी प्रकार की आर्थिक सहायता भी मिल रही है। उन्होंने कहा, '' हमारे एथलीट किसी मामले में कम नहीं हैं केवल उन्हें अपनी क्षमताओं पर भरोसा करना होगा।''

## नीरज का मुकाबला जर्मनी के मैक्स से होगा

नई दिल्ली ।ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण विजेता भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अब जून में फिनलैंड में होने वाले पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे ।इसमें नीरज का मुकाबला 18 जून को जर्मनी के मैक्स डेह्निंग से रहेगा ।इसका कारण है कि डेह्निंग ने हाल ही में 90 मीटर से अधिके भाला फेंका था । इसके अलावा इस प्रतियोगिता में जर्मनी के ही जूलियन वेबर से भी उन्हें चुनौती मिलेगी । चोपड़ा नूरमी खेलों से पहले 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट में भी उतरेंगे । उन्होंने इससे पहले पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था । यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा है । वहीं उन्होंने पिछले साल फिट नहीं होने के कारण इस स्पर्धा से अपना नाम वापस ले लिया था। चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है । पावो नूरमी विश्व एथलेटिक्स की 'कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड सीरीज स्तर की प्रतियोगिता है । इसके साथ ही यह डायमंड लीग मीट सीरीज के बाहर सबसे प्रतिष्ठित एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में से एक है । चोपड़ा एक साल के ब्रेक के बाद पावो नूरमी खेलों में उतरने जा रहे हैं । यहां जहां उनका सामना बेहतरीन प्रतियोगियों के समूह से होगा । प्रतियोगिता 18 जून को तुर्कू में होगी । इन खेलों के आयोजकों ने कहा, 'हमारा लक्ष्य पेरिस ओलंपिक से पहले गर्मियों की सबसे कठिन भाला फेंक प्रतियोगिता को आयोजित करना है । इसके लिए दूसरे खिलाड़ियों के साथ बातचीत जारी है । इस साल फरवरी में डेह्निंग ने जर्मन विंटर थ्रोइंग चैंपियनशिप में 90.20 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर एक अहम उपलब्धि हासिल की थी ।

# सब्जियों की बढ़ती कीमतों से जून तक नहीं मिलेगी राहत

**- तापमान का सामान्य से अधिक रहना सब्जी उत्पादकों, उपभोक्ताओं के लिए बढ़ा रहा चुनौतियां**

**नई दिल्ली ।**

महंगाई कम करने और बढ़ाने में सहायक सब्जियों की ऊंची कीमतों से जून तक राहत मिलने के आसार नहीं है। इसकी वजह है तापमान का सामान्य से अधिक रहना, जो सब्जी उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लिए चुनौतियां बढ़ा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक मौसम के अनियमित पैटर्न और पर्यावरण संबंधी अन्य कारक सब्जियों की कीमतों को प्रभावित कर रहे हैं। इनकी जल्द खराब होने की प्रवृत्ति भी बफर स्टॉक बनाने और आयात जैसे विभिन्न उपायों के जरिये कीमतों को नीचे लाने के प्रयास को सीमित कर रही हैं। इसके अलावा देश में कोल्ड स्टोरेज जैसी पर्याप्त बुनियादी ढांचा सुविधाएं नहीं होने से कीमतों को स्थिर करने के प्रयास और जटिल होते जा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में खाद्य महंगाई बढ़ाने में सब्जियों का करीब 30 फीसदी योगदान था। यह उनकी 15.5 फीसदी की सामान्य हिस्सेदारी से ज्यादा है। भारत जलवायु दृष्टि से सर्वाधिक प्रभावित होने वाला देश है। लू, बाढ़ और तूफान जैसे मौमसी कारकों से सब्जियों के उत्पादन एवं कीमतों के मोर्चे पर जोखिम बढ़ रहा है। बढ़ता तापमान कीटों की समस्या को बढ़ा रहा है। इससे सब्जी उत्पादन व कीमतें प्रभावित हो रही हैं। `रिपोर्ट ने कहा है` कि 2023-24 के दौरान देश में सब्जियों की कीमतें उच्च स्तर पर पहुंच गईं। टमाटर व प्याज की कीमतों ने उपभोक्ताओं का बजट बिगाड़ दिया। लहसुन, अदरक, बैंगन, परवल और बींस समेत अन्य सब्जियों के दाम में भी तेज बढ़ोतरी देखने को मिली थी। उपभोक्ता मंत्रालय के मुताबिक खुदरा बाजार में टमाटर, प्याज और आलू की कीमतें एक साल में 42 फीसदी तक बढ़ गई हैं। टमाटर की कीमत 26 अप्रैल,



2024 को 33.55 रुपये प्रति किलोग्राम रही। यह 26 अप्रैल, 2023 के 23.59 रुपये प्रति किलोग्राम की तुलना में 42.22 फीसदी अधिक है। प्याज के दाम 22.35 रुपये से 40.67 फीसदी बढ़कर 31.44 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गए। आलू की कीमत भी 20.04 रुपये से 38.37 फीसदी बढ़कर 27.73 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई।

# आरबीआई ने नियमित बैंक बनाने छोटे वित्त बैंकों से आवेदन मांगे




**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियमित बैंक बनाने के लिए छोटे वित्त बैंकों से आवेदन मांगे हैं। यह आवेदन सिर्फ उन बैंकों से मंगवाए गए हैं, जिन्होंने 1000 करोड़ रुपये के न्यूनतम शुद्ध संपत्ति (नेटवर्थ) होने समेत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा कर लिया है। बता दें` कि आरबीआई ने नवबंर 2014 में निजी क्षेत्र के लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस देने से संबंधित दिशा निर्देश जारी किए थे। वर्तमान में करीब एक दर्ज लघु वित्त बैंक हैं, जिसमें एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक और इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक सहित अन्य शामिल हैं।

आरबीआई ने कहा कि नियमित बैंक बनाने का लक्ष्य रखने वाले लघु वित्त बैंक की पिछली तिमाही के अंत में शुद्ध संपत्ति कम से कम एक हजार करोड़ रुपये होनी चाहिए। इसी के साथ बैंक के शेयर किसी मान्यता प्राप्त शेयर बाजार में सूचीबद्ध होना चाहिए। इसके अलावा बीते दो वर्षों में लघु वित्त बैंक का शुद्ध लाभ होना चाहिए। पिछले दो वित्त वर्षों में लघु वित्त बैंक का जीएनपीए तीन प्रतिशत तो एनएनपीए एक प्रतिशत से कम या फिर उसके बराबर होना चाहिए। कुछ माह पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक कार्यक्रम में एनबीएफसी और एसएफबी को आगाह करते हुए कहा आपको अपनी सीमा रेखा का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा` कि उत्साह अच्छा है, लेकिन कभी-कभी लोगों के लिए इसे पचाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। इसलिए सावधानी के तौर पर आरबीआई ने लघु वित्त बैंकों, एनबीएफसी को सचेत किया है कि वे इस बात को लेकर सावधान रहें और इतनी तेजी से आगे न बढ़ें कि बाद में उन्हें किसी नकारात्मक पहलू का सामना करना पड़े।

# एलन मस्क ने एक ही दिन में कमाए 12.5 अरब डॉलर

## अरनॉल्ट की नेटवर्थ में इस साल आई तेजी के बराबर है मस्क की एक दिन की कमाई

**नई दिल्ली ।**

टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कई कंपनियों के सीईओ एलन मस्क ने पिछले दिनों जमकर कमाई की। टेस्ला के शेयरों में 12 फीसदी से अधिक तेजी रही और इससे मस्क की नेटवर्थ में 12.5 अरब डॉलर की तेजी आई। इस साल यह मस्क की नेटवर्थ में एक दिन में आई सबसे बड़ी उछाल है। यह दुनिया के सबसे बड़े रईस बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ में इस साल आई कुल तेजी के बराबर है। फ्रांसीसी बिजनसमैन की नेटवर्थ में इस साल 12.9 अरब डॉलर की तेजी आई है। हालांकि मस्क इस साल सबसे ज्यादा नेटवर्थ गंवाने वाले अरबपति है। उनकी नेटवर्थ में इस साल 50.4 अरब डॉलर की गिरावट आई है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 179 अरब डॉलर है। अरनॉल्ट 220 अरब डॉलर के साथ इस लिस्ट में पहले नंबर पर हैं जबकि ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 199 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दूसरे नंबर पर है। बुधवार को उनकी नेटवर्थ में 2.59 अरब डॉलर की गिरावट आई। दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक की पेरेंट फर्म मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग 175 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 47.1 अरब डॉलर की तेजी आई है। माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स (150 अरब डॉलर) पांचवे, लैरी पेज (143 अरब डॉलर) छठे, स्टीव बालमर (142 अरब डॉलर) सातवें, सर्गेई ब्रिन (135 अरब डॉलर) आठवें, वॉरेन बफे (134 अरब डॉलर) नौवें और लैरी एलिसन (129 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। एशिया और भारत के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में बुधवार को 80.5 करोड़ की गिरावट आई। वह 112 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 15.7 अरब डॉलर की तेजी आई है। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में भी बुधवार को 50.5 करोड़ डॉलर की गिरावट आई। उनकी नेटवर्थ 98.8 अरब डॉलर है। इस साल इसमें 14.6 अरब डॉलर की तेजी आई है।

# सेबी ने आठ कंपनियों को प्रतिबंधित किया

**मुंबई ।**

बाजार नियामक सेबी ने आठ इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया। नियामक ने इन कंपनियों की ओर से फ्रंट रनिंग गतिविधियों से अर्जित 1.3 करोड़ रुपये के गैरकानूनी लाभ को भी जब्त कर लिया। इन आठ संस्थाओं में अशोक माहेश्वरी, दर्शन बकुल शाह, खुशबू दर्शन शाह, दर्शन बकुल शाह (एचयूएफ), बेंजर डिपार्टमेंट स्टोर्स प्राइवेट लिमिटेड, सीएचएल स्टॉक कॉन्सेप्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, चिराग महेंद्र शाह और मिहिर धीरजलाल सावला शामिल हैं। अन्य फ्रंट रनिंग मामले में मैक्सग्रो फिनट्रेड सहित चार ने तीन करोड़ रुपये भरकर सेबी के साथ मामले का निपटान किया है। है। इनमें भाविन दोशी, नितेश जैन और



आतिश शाह हैं। इन सभी ने चुनिंदा शेयरों में कारोबार कर अवैध तरीके से 85 लाख की कमाई की थी।

# बीएमडब्ल्यू ने बाजार में उतारी नई इलेक्ट्रिक सेडान




**मुंबई ।**

लग्जरी कार बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू ने भारतीय बाजार में एक और नई कार लांच कर दी है। कंपनी ने ऑल इलेक्ट्रिक सेडान कार बीएमडब्ल्यू आई5 एम60 को भारतीय बाजार में पेश कर दिया है। ये कार कंपनी के एम परफॉर्मेंस मॉडल पर आधो रित है। हालांकि ये कार कम्पलीट बिल्ट अप यूनिट के साथ आएगी। ये पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कार है, ये कार सिंगल चार्ज पर 500 से ज्यादा किलोमीटर चलती है। कंपनी ने कार में इल्यूमिनेटेड किडनी ग्रिल दिया है। इसके अलावा कार में एडाप्टिव एलईडी हेडलाइट दी हैं। कार में 20 इंच के एम लाइट एलॉय व्हील्स मिलते हैं। कंपनी ने कार में काफी अच्छा स्पेस दिया है। कंपनी ने कार में स्पोर्ट्स सीट्स दी हैं, जो इलेक्ट्रिक तरीके से ऊंची और एनक्लाइन हो सकती हैं। कार में एक्टिव सीट वेंटिलेशन मिलता है। 18 स्पीकर्स दिए गए हैं, जो 655 वॉट का आउटपुट देते हैं। कार में एम लेदर स्टीयेरिंग व्हील दिया गया है। कंपनी ने इस कार को व्हाइट, ग्रे, ब्लैक, ग्रीन, ब्लू, सफायर समेत कई कलर ऑप्शन्स में पेश किया है। कंपनी ने इस कार को 1.19 करोड़ रुपए की शुरुआती एक्स-शोरूम के साथ पेश किया है।

## एटीसी टेलीकॉम ने वीआई में हिस्सेदारी 1,840 करोड़ में बेची

**नई दिल्ली।**

एटीसी टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर ने दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया (वीआईएल) में अपनी पूरी 2.87 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,840 करोड़ रुपये में बेच दी। अमेरिकन टॉवर कॉरपोरेशन (एटीसी) टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर वीआई के लिए सबसे बड़ी बुनियादी ढांचागत सेवा प्रदाता कंपनियों में से है। एनएसई पर उपलब्ध सौदे की जानकारी के अनुसार एटीसी टेलीकॉम ने वीआईएल में 2.87 प्रतिशत हिस्से यानी कुल 144 करोड़ शेयर बेचे। शेयरों का निपटान औसतन 12.78 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर किया गया, जिससे पूरा सौदा 1,840.32 करोड़ रुपये का रहा। इस बीच सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरीशस ने 49.12 करोड़ से अधिक शेयरों यानी वीआईएल में 0.98 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया। शेयर 12.70 रुपये की औसत कीमत पर खरीदे गए। इस प्रकार सौदे का मूल्य 623.88 करोड़ रुपये रहा। हालांकि सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरीशस ने वीआईएल के 98.74 लाख शेयर 13.47 रुपये की दर पर बेचे। इस तरह सौदे का मूल्य 13.30 करोड़ रुपये का रहा।




## महिंद्रा लाइफस्पेस का मुनाफा घटकर 98 करोड़

**नई दिल्ली ।** महिंद्रा समूह की रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा विकास इकाई महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड का मुनाफा बीते वित्त वर्ष 2023-24 में मामूली घटकर 97.89 लाख रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का मुनाफा 101.43 करोड़ रुपये रहा था। शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार कंपनी की कुल आमदनी बीते वित्त वर्ष में घटकर 279.12 करोड़ रुपये रह गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 659.56 करोड़ रुपये थी। बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा बढ़कर 71.15 करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च, 2023 तिमाही में सिर्फ 55 लाख रुपये था। कंपनी की कुल आमदनी मार्च तिमाही में घटकर 54.60 करोड़ रुपये रह गई, जो मार्च, 2023 तिमाही में 270.26 करोड़ रुपये थी।

## साई स्वामी मेटल्स का आईपीओ 30 को खुलेगा

**नई दिल्ली ।** स्टेनलेस स्टील के उत्पाद बनाने वाली कंपनी साई स्वामी मेटल्स एंड अलॉयज लिमिटेड निवेशकों से करीब 15 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 30 अप्रैल को पूंजी बाजार में उतरेगी। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसका आईपीओ मंगलवार को खुलेगा और तीन मई पर बंद होगा। शेयर बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होंगे। डॉल्फिन ब्रांड के तहत स्टेनलेस स्टील उत्पाद बनाने वाली अहमदाबाद स्थित कंपनी ने आईपीओ के तहत बोली के लिए प्रति इक्विटी शेयर कीमत 60 रुपये तय की है।

## श्रीराम फाइनेंस का मुनाफा उछलकर 2,021 करोड़ रुपए हुआ

**मुंबई ।** श्रीराम फाइनेंस का बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में मुनाफा 57 प्रतिशत उछलकर 2,021 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बताया कि मुनाफे में यह उछाल कम कर्ज प्रावधानों में कमी और मुख्य आय बढ़ने से हुआ। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 1,288 करोड़ रुपये रहा था। बीते वित्त वर्ष में कंपनी का मुनाफा 22.9 प्रतिशत बढ़कर 7,399 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी की ब्याज आय मार्च तिमाही में 22 प्रतिशत बढ़कर 5,543 करोड़ रुपये रही, जो मार्च, 2023 तिमाही में 4,534 करोड़ रुपये थी। कंपनी का कर्ज प्रावधान सिर्फ 6.72 प्रतशत बढ़कर 1,265 करोड़ रुपये रहा। कंपनी की प्रबंधन अधीन संपत्ति (एयूएम) मार्च तक 21 प्रतिशत बढ़कर 2,24,862 करोड़ रुपये रही जो वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में 1,85,682.86 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य के शेयर पर 15 रुपये के अंतिम लाभांश (150 प्रतिशत) की सिफारिश की। यह आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है।

## एनडीटीवी को मार्च तिमाही में 8.74 करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली ।** अडाणी समूह की मीडिया कंपनी एनडीटीवी को वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 8.74 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 1.35 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। हालांकि कंपनी का राजस्व मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में 59 प्रतिशत बढ़ गया। डिजिटल मौजूदगी बढ़ने से कंपनी को राजस्व बढ़ाने में मदद मिली। एनडीटीवी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे मार्च तिमाही में 8.74 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ। हालांकि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही के 10.13 करोड़ रुपये की तुलना में बीती तिमाही में कंपनी के घाटे में कमी आई है। एनडीटीवी की आलोच्य अवधि में परिचालन आय 66.96 करोड़ रुपये से बढ़कर 106.52 करोड़ रुपये हो गई। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी ने 22.54 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया जबकि एक साल पहले उसे 52.18 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 640.3 अरब डॉलर

**मुंबई ।**

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से हाल ही में जारी` किए गए साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं इस अवधि में स्वर्ण भंडार एक अरब डॉलर बढ़कर 56.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 4.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.03 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर कम होकर 4.6 अरब डॉलर रह गया।



# सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी से ज्यादा तेजी रही

**मुंबई ।**

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों के दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी से ज्यादा तेजी देखी गई। लगातार पांच दिनों से तेजी दिखा रहे शेयर बाजार सप्ताह के ओ खिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों का कहना है कि सप्ताह के आखिर में वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच निवेशकों ने बैंकिंग, वित्तीय और उपभोक्ता टिकाऊ शेयरों में निवेश कम कर दिया। इस वजह से भी बाजार के बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में पांच दिनों की तेजी के बाद बिकवाली देखने को मिली। व्यापारियों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, रुपये में गिरावट और लगातार विदेशी फंड की निकासी से धारणा पर असर पड़ा है। बीते सप्ताह शेयर बाजार के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को एशियाई बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और विदेशी निवेशकों की बढी खरीदारी के बीच बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स कारोबार में 639 अंक चढ़कर 73,728 पर खुला और 639 अंक चढ़कर 73,728 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का निफ्टी 190.1 अंक की बढ़त के साथ 22,337.10 पर खुला और 190.1 अंक की बढ़त के साथ 22,337.10 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी के बाद भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक मंगलवार को लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 314 अंक बढ़कर 73,947 पर खुला और 314 अंक बढ़कर 73,947 पर बंद हुआ। निफ्टी 90 अंक की बढ़त के साथ 22,426 पर खुला और 31.60 अंक मजबूत होकर 22,368.00 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भी हरे निशान पर कारोबार की शुरूआत हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 152.05 अंकों की बढ़त के साथ




73,908.99 के स्तर पर खुला और 114 अंक की बढ़त के साथ 73,852 पर बंद हुआ। निफ्टी 41.71 अंक उछलकर 22,409.70 के लेवल पर खुला और 34 अंक मजबूत होकर 22,402 पर बंद हुआ। कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी के बीच शेयर बाजार ने पिछले चार दिनों की तेजी गंवा दी। गुरुवार को शुरुआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांक लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 296.79 अंक गिरकर 73,556.15 अंक पर खुला और 486.50 अंकों की बढ़त के साथ 74,339.44 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 97.15 अंक टूटकर 22,305.25 पर खुला और 167.95 अंक मजबूत होकर 22,570.35 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 87 अंकों की बढ़त के साथ 74,424 पर खुला और 609.28 अंक (0.82 फीसदी) की गिरावट के साथ 73,730.16 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी 28 अंक मजबूत होकर 22,598 पर खुला और 150.40 अंक टूटकर (0.67 फीसदी) 22,419.95 के स्तर पर बंद हुआ।

## पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। वैश्विक बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड का मूल्य 0.49 डॉलर की बढ़त के साथ 89.50 डॉलर प्रति बैरल पर है। वहीं वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.28 डॉलर की उछाल के साथ 83.85 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।



# मारुति अपने शेयरधारकों को 125 रुपए का डिविडेंड देगी

**मुंबई ।**

देश की सबसे बडी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजकी ने डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी अपने शेयरधारकों को हर शेयर पर 125 रुपये का डिविडेंड देगी। कंपनी के बोर्ड ने 26 अप्रैल को 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 125 रुपये प्रति शेयर के फाइनल डिविडेंड को मंजूरी दे दी। यह कंपनी के इतिहास का सबसे बड़ा डिविडेंड है। मारुति ने एक बयान में कहा कि डिविडेंड के प्रस्ताव को आगामी एनुअल जनरल मीटिंग में शेयरधारकों के अप्रुवल की जरूरत होगी। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने 8 जुलाई 2004 से 20 बार डिविडेंड घोषित किए हैं। पिछले 12 महीनों में कंपनी ने प्रति शेयर 90 रुपये का इक्विटी डिविडेंड घोषित किया है। मौजूदा शेयर प्राइस पर मारुति सुजुकी का डिविडेंड यील्ड 0.71 फीसदी है। कंपनी ने इसके पहले 2023 में 90 रुपये का और 2022 में 60 रुपये का डिविडेंड जारी किया था। मारुति सुजुकी इंडिया ने इसके साथ ही वित्त् वर्ष 24 की चौथी तिमाही के नतीजे भी जारी किए हैं। मार्च तिमाही में कंपनी ने 3,878 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया, जो कि एक साल पहले की अवधि से 48 फीसदी अधिक है। इस दौरान कंपनी को 38235 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल हुआ जो सालाना आधार पर 19 फीसदी अधिक रहा।



# सेवा सदन में बिस्व स्वास्थ्य दिवस उपरे आयोजित प्रतिजोगिता कर बिजेता होलयं सम्मानित

**रांची।** नागरमल मोदी सेवा सदन परिवार बिस्व स्वास्थ्य दिवस कर अवसर में चित्र/पेन्टिंग आउर लेख/कविता ई बछर कर थीम 'माई हेल्थत माई राईट' बिसय उपरे आमंत्रित करल जाए रहे। इकर तहत चित्र/पेन्टिंग आउर लेख/कविता ई बछर कर थीम उपरे प्राप्त होवल सउब प्रतिभागीमन के एक गो समारोह में पारितोसित बितरन करल गेलक। प्रतिजोगिता में 23 प्रतिभागी के समुचित पुरस्कार देल गेलक।

प्रतिजोगिता में चित्र/पेन्टिंग ले पहिल पुरस्कार सुश्री कुमार क्षितिज, दुसर पुरस्कार सदन कर डायटिशियन श्वेपता जायसवाल आउर तीसर पुरस्कार हार्ट सेन्टर कर रंजीता खेस देल गेलक। लेख/कविता में पहिल पुरस्कार हार्ट सेन्टर कर कृति कंडुलना, दुसर पुरस्कार सदन कर वार्ड अटेंडेंट बसंती मेहता आउर तीसर पुरस्कार हार्ट सेन्टर कर प्रीति मिंज के मिललक। पुरस्कार बितरन सदन कर अध्यछ अरुण छावछरिया, उपाध्यछ श्रीमती रेखा जैन, आलोक तुलस्यान आउर वरूण जालान, सदन कर सीएमए, डीएचए, एनएस द्वारा सउब प्रतिभागीमन के करल गेलक। समारोह कर संचालन वरूण जालान आउर धन्यवाद अध्यछ अरूण छावछरिया करलयं।




# छे गो पड़ोसी देसमन के भारत भेजी 99,150 एमटी प्याज

सोनू सपवार, नई दिल्ली।

सरकार छे गो पड़ोसी देस बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), भूटान, बहरीन, मॉरीशस आउर श्रीलंका के 99,150 एमटी प्याज कर निर्यात कर अनुमति देइ हयं। पिछला बछर कर तुलना में 2023-24 में खरीफ आउर रबी फसलमन कर अनुमानित कम उपज कर पृष्ठभूमि में पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करेक आउर अंतररास्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ाएक हेतु प्याज कर निर्यात में प्रतिबंध लगाल जाय हे।



ई देसमन के प्याज कर निर्यात करेक वाला एजेंसी, नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) ई-प्लेटफॉर्म कर माध्यम से निर्यात करल जाएक वाला घरेलू प्याज कर एल1 कीमत में हासिल करलयं आउर गंतव्य देस कर सरकार द्वारा नामित एजेंसी इया एजेंसीमन के सत-प्रतिसत अग्रिम भुगतान कर आधार में तय दर में आपूर्ति करलयं।

एनसीईएल द्वारा खरीदारमन के दर कर पेसकस गंतव्य बाजार आउर अंतररास्ट्रीय एवं घरेलू बाजार में प्रचलित दाम के धेयान में रइख के करल जायेला। छे गो देस के निर्यात ले आवंटित कोटा कर आपूर्ति गंतव्य देस द्वारा करल गेल मांग कर अनुसार करल जात हे। देस में प्याज कर सउबसे बड़ उत्पादक कर रूप में, महाराष्ट्र निर्यात ले एनसीईएल द्वारा प्राप्त करल जाएक वाला प्याज कर प्रमुख आपूर्तिकर्ता हेक।

सरकार मध्य-पूर्व आउर कुछ यूरोपीय देस कर निर्यात बाजार ले बिसेस रूप से उगाल गेलक 2000 मीट्रिक टन सफेद प्याज कर निर्यात कर भी अनुमति देई रहयं। पूरा तरह से निर्यात उन्मुख होवेक कर चलते, सफेद प्याज कर उत्पादन लागत उच्च बीज लागत, अच्छी कृषिगत पद्धति (जीएपी) के अपनाएक आउर सख्त अधिकतम अवशेष सीमा (एमआरएल) संबंधी आवश्यकतामन कर अनुपालन कर चलते अन्य प्याज कर तुलना में बेसी होवेला।

उपभोक्ता कार्य विभाग कर मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) कर तहत रबी-2024 में से प्याज कर बफर खरीद कर लछ ई बछर पांच लाख टन निर्धारित करल जाए हे। केन्द्रीय एजेंसियां यानी एनसीसीएफ आउर एनएएफईडी कोनों भी भंडारन-योग्य प्याज कर खरीद सुरू करेक हेतु खरीद, भंडारन आउर किसानमन कर पंजीकरन कर समर्थन करेक ले एफपीओ/एफपीसी/पीएसी जइसन स्थानीय एजेंसीमन के संगे जोड़त हयं। डीओसीए, एनसीसीएफ आउर एनएएफईडी कर एक गो उच्चस्तरीय टीम पीएसएफ बफर ले पांच एलएमटी प्याज कर खरीद कर बारे में किसानमन, एफपीओ/एफपीसी आउर पीएसी कर बीच जागरूकता पैदा करेक कर उद्देस से 11-13 अप्रैल, 2024 कर दौरान महाराष्ट्र कर नासिक आउर अहमदनगर जिला कर दौरा कइर रहयं।

प्याज कर भंडारन कर पांइत में होवेक वाला हानि के कम करेक ले, उपभोक्ता कार्य विभाग बीएआरसी, मुंबई कर तकनीकी सहयोग से विकिरनित आउर ठंडा भंडारन वाला स्टॉक कर मात्रा के पिछला बछर कर 1200 एमटी से बढ़ाए के ई बछर 5000 एमटी से बेसी करेक कर निर्नय लेलयं। पिछला बछर सुरू करल गेल प्याज के विकिरनित व शीत भंडारन करेक कर प्रायोगिक परिजोजना (पायलट प्रोजेक्ट) कर परिनामस्वरूप भंडारन कर क्रम में होवेक वाला हानि घइट के 10 प्रतिसत से भी कम रइह जाए हे।

# एनएसयूआई डोरंडा कॉलेज में मोहब्बत कर दुकान कार्जक्रम कर लॉन्चिंग करलयं

**रांची।** झारखंड कांग्रेस एनएसयूआई रांची विश्वविद्यालय कर डोरंडा कॉलेज में मोहब्बत कर दुकान कार्जक्रम कर लॉन्चिंग 27 अप्रैल के करलयं। इकर नेतृत्व संगठन कर नेत्री आरुषी वंदना करलयं। बिदित हो कि गोटे देस में ई कार्जक्रम हर कॉलेज आउर यूनिवर्सिटी में करल जात हे।

कार्जक्रम कर लॉन्चिंग में मुध रूप से रांची लोकसभा कर इंडी गठबंधन प्रत्यासी यशस्विनी सहाय मौजूद रहयं। बिद्यार्थीमन कर बीच युवा न्याय पम्पलेट आउर गारंटी कार्ड देल गेलक। यशस्विनी सहाय मौका में बिद्यार्थीमन से बात करलयं आउर उनके संबोधित करलयं। कांग्रेस कर घोसना पत्र के समझालयं। नवा भोटर के वोट कर महत बतालयं।

आरुषी वन्दना कहलयं कि गोटे झारखंड में हर यूनिवर्सिटी में हर कॉलेज में मोहब्बत कर दुकान कार्जक्रम करल जाई। रांची कर हर कॉलेज में रोजदिन ई कार्जक्रम करल जाई।

मौका में जिला महासचिव अब्दुल राबनवाज बिद्यार्थीमन के युवा रौशनी योजना आउर अग्निपथ योजना कर बारे में बतालयं। कार्जक्रम में आकाश रजवार, मिराज, सुमन, प्रीति, रेशम, कार्तिक, विनीत, प्रियंका आउर अनेकों बिद्यार्थी मौजूद रहयं।







# समर्पण शाखा छउवामन ले योगा आउर कराटे परसिछन कर करल गेलक आयोजन

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच कर कार्जक्रम 'एवरी किड हेल्दी वीक' कार्जक्रम कर तहत रांची समर्पण शाखा लगातार काम करत हे। एहे पांइत में 27 अप्रैल के छउवामन ले योगा आउर कराटे परसिछन कर आयोजन करल गेलक। कार्जकम राणी सती बिद्यालय में होलक। शाखा ने राणी सती बिद्यालय में छउवामन के परसिछन देवेक ले योगा सिछक के बुलालयं। ऊ छउवामन के योग सिखालयं। योग करेक से होवेक वाला फायदा कर जानकारी छउवामन आउर सिछक के देलयं। ऊ कहलयं कि रोज दिना योग करेक से हमिन कर सरीर आउर दिमाग कर बिकास होवेला। इकर अलावा स्वयं कर सुरछा करेक ले कराटे कर परसिछन भी देल गेलक।

ई काम में बिद्यालय प्रबंधक भी साथ देलयं। ऊ कहलयं कि छउवामन आउर बड़ सउब के रोज दिना योग करेक चाही। समर्पण शाखा कर ई काम कर सराहना आउर प्रसंसा भी करलयं। काम के सफल बनाएक में शाखा कर सदस्यमन कर साथ रहे। कार्जक्रम में साखा अध्यछ विनीता सिंघानिया आउर शाखा कर सदस्य शुभा अग्रवाल, कविता सोमानी, आशा सर्राफ, कोमल पोद्दार, दीपिका मोतिका उपस्थित रहयं। ई जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल देलयं।

# अब्सेंटी भोटर्स के पोस्टल बैलेट से मतदान के लेइ के होलक बैठकी




**पलामू।** पलामू लोकसभा आम चुनाव में सत-प्रतिसत मतदान सुनिश्चित करेक कर उद्देस से सनिचर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन कर अध्यछता में अब्सेंटी भोटर्स के पोस्टल बैलेट से मतदान करुवाएक के लेइ के समाहरनालय कछ में बैठकी होलक। इकर में उपायुक्त पोस्टल बैलेट कर माध्यम से होवेक वाला मतदान के लेइ के निर्वाचन आयोग बट से जारी दिसा-निरदेस कर तहत जिला में एखन तक कर तैयारी कर समीछा कइर के कई महतपूर्न निरदेस देलयं।

संगे-संगे एसेंसियल सर्विसेज कर श्रेनी में आवेक वला बिभिन्न बिभागमन कर अधिकारीमन आउर कर्मीमन कर मतदान लोकसभा चुनाव 2024 में सुनिश्चित कराएक के लेइ के सउब संबंधितमन के निर्देसित करलयं। ऊ सउब एसेंसियल सर्विसेज कर नोडल पदाधिकारीमन से सउब योग्य मतदाता कर नाम निर्धारित 12 डी फॉर्म में जमा कराएक ले निर्देसित करलयं।

बैठकी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कहलयं कि केंद्रीय बल कत आवासन आउर मूलभूत सुविधामन में कोनों किसिम कर कमी नी होवे, पदाधिकारी इकर खेयाल रखयं। सउब क्लस्टर में पेयजल, सौचालय, बिजली कर मुकम्मल बेवस्था होवे। ऊ पुलिस आउर पोलिंग पार्टी कर आवेक-जाएक आउर रहेक कर पूरा बेवस्था कर संगे समन्वय बनाएक ले टैग करल गेलक रोजगार सेवक कर संगे लगातार संपर्क में रहेक कर बात कहलयं।

ऊ सउब सहायक निर्वाची पदाधिकारी के भोटर इन्फॉर्मेसन स्लिप कर मतदातामन कर बीच ससमय बितरन कराएक कर निरदेस देलयं। उपरोक्त कर अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी कई अन्य बिंदु उपरे समीछा कइर के बिभिन्न निरदेस देलयं। मौका में सउब बिभाग कर नोडल पदाधिकारी मौजूद रहयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com